राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापुर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, सोमवार, 08 जून 2026

वर्ष 07, अंक 242, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

गोरखपुर: गैंगस्टर की डेढ़ लाख की बाइक जब्त, अपराध की कमाई पर चला पुलिस का बुलडोजर...05

लायंस क्लब प्रतापगढ़ हर्ष की संपन्न बैठक में नई कार्यकारिणी का हुआ चयन...11

## FIR के बाद खान सर पर नया संकट! क्या फायर सेफ्टी खामियों के चलते बंद होगा कोचिंग सेंटर?

- कोचिंग फायरिंग मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद खान सर की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं
- मामले ने अब नया मोड़ ले लिया है, क्योंकि बिहार फायर सेफ्टी विभाग की टीम खान ग्लोबल स्टडीज कोचिंग सेंटर पहुंच गई है
- फायर IG ने कोचिंग सील करने के भी संकेत दिए हैं.



कोचिंग फायरिंग मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद खान सर की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं. मामले ने अब नया मोड़ ले लिया है, क्योंकि बिहार फायर सेफ्टी विभाग की टीम खान ग्लोबल स्टडीज कोचिंग सेंटर पहुंच गई है। अधिकारियों ने कोचिंग परिसर में सुरक्षा मानकों का निरीक्षण शुरू कर दिया है. भवन की संरचना, आपातकालीन निकास मार्ग और अग्निशमन से जुड़े उपकरणों की गहन जांच की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि संस्थान निर्धारित सुरक्षा नियमों का पालन कर रहा है या नहीं।

**फायर सेफ्टी जांच में सामने आईं कई खामियां**

जांच के दौरान अधिकारियों को कोचिंग संस्थान में फायर सेफ्टी से जुड़ी कई कमियां मिली हैं. प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, सुरक्षा व्यवस्था में कुछ ऐसे दोष पाए गए हैं जो किसी भी आपात स्थिति में गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं. फायर विभाग पहले ही कार्रवाई के संकेत दे चुका है और अब विस्तृत रिपोर्ट के आधार पर आगे का फैसला लिया जाएगा. फायर आईजी की ओर से यह भी संकेत दिए गए हैं कि यदि खामियां गंभीर पाई गई तो कोचिंग संस्थान को सील करने जैसी कार्रवाई भी की जा सकती है।

**'खान सर के कहने पर चलाई गई गोली'**

इस मामले की जांच कर रहे अधिकारियों के मुताबिक, एफआईआर दर्ज किए जाने की बड़ी वजह गार्ड्स के बयान बने हैं. पूछताछ के दौरान सुरक्षा कर्मियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने खान सर के सीधे निर्देश पर गोली चलाई थी. गार्ड्स का कहना है कि कोचिंग संस्थान के बाहर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए थे और भीड़ ने एक गार्ड के साथ मारपीट भी की थी. इसी स्थिति के दौरान उन्हें गोली चलाने के लिए कहा गया था।

**गार्ड्स के बयान के आधार पर दर्ज हुई एफआईआर**

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर अनिल कुमार के बयान के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 109 और आर्म्स एक्ट की धाराओं 25, 27 और 35 के तहत मामला दर्ज किया गया है. ये धाराएं अवैध हथियार रखने और हथियारों के गलत इस्तेमाल से संबंधित हैं. जांच में शामिल गार्ड्स ने स्वीकार किया है कि उन्होंने दो-दो राउंड फायरिंग की थी और उनका दावा है कि यह कदम खान सर के निर्देश पर उठाया गया. गार्ड्स के अनुसार, खान सर ने उन्हें यह भरोसा भी दिलाया था कि इस घटना के बाद उत्पन्न होने वाले परिणामों को वह स्वयं संभाल लेंगे।

**दूसरी बार ऑडिट में भी नहीं मिला संतोषजनक सुधार**

जिला अग्निशमन पदाधिकारी रितेश पांडेय ने बताया कि यह संस्थान का दूसरा फायर सेफ्टी ऑडिट था। पहली जांच के बाद भी कई सुझाव दिए गए थे, लेकिन अपेक्षित सुधार नहीं किए गए। इसी कारण इस बार अंतिम चेतावनी के रूप में एक सप्ताह का समय दिया गया है। उन्होंने कहा कि यदि निर्धारित अवधि में सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया गया तो अग्निशमन नियमावली के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**शहर के अन्य बड़े भवन भी रडार पर**

अग्निशमन विभाग केवल खान ग्लोबल स्टडीज तक सीमित नहीं है। राजधानी के अन्य बड़े व्यावसायिक और शैक्षणिक भवनों की भी जांच की जा रही है।

जहां-जहां सुरक्षा मानकों में कमी पाई जा रही है, वहां नोटिस जारी कर सुधार के निर्देश दिए जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि सार्वजनिक भवनों में सुरक्षा मानकों से समझौता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## 3 महीने भी नहीं टिक पाएगी तमिलनाडु में टीवीके की सरकार, स्टालिन का बड़ा दावा

- एमके स्टालिन ने दावा किया कि अभिनेता विजय के नेतृत्व वाली टीवीके सरकार तीन महीने भी नहीं टिक पाएगी
- उन्होंने मौजूदा सरकार की अस्थिरता पर भी सवाल उठाए और डीएमके को संघर्षशील विपक्षी दल बताया
- चेन्नई में एक कार्यक्रम में पनायूर बाबू डीएमके में शामिल हुए. स्टालिन ने डीएमके कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया, क्योंकि अब वे सत्ताधारी नहीं, बल्कि विपक्षी पार्टी हैं






तमिलनाडु में डीएमके प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने रविवार को बड़ा दावा करते हुए कहा कि एक्टर विजय के नेतृत्व में टीवीके की सरकार तीन महीने भी नहीं पूरी कर पाएगी। रविवार को डीएमके के विभिन्न गुटों को एकजुट करने के लिए चेन्नई के अन्ना अरिवलयम में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर, तमिलनाडु लिबरेशन टाइगर्स के पूर्व विधायक पनायूर बाबू एमके स्टालिन की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुए. साथ ही, पनायूर बाबू ने स्टालिन को चांदी का राजदंड भेंट किया.

कार्यक्रम में बोलते हुए स्टालिन ने कहा, 'मुझे आपको यह बताने की जरूरत नहीं है कि मौजूदा सरकार किस तरह की है. जब इस सरकार ने पदभार संभाला था, तब मैंने कहा था कि मैं इस सरकार के बारे में 6 महीने तक बात नहीं करूंगा, लेकिन अब आशंका है कि ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जाएगी कि हमें 6 महीने से पहले ही बात करनी पड़ेगी, लेकिन यह सरकार इस सवाल के घेरे में चल रही है कि क्या यह 3 महीने भी टिक पाएगी? '

**टीवीके को लेकर स्टालिन का बड़ा दावा**

उन्होंने आगे कहा, 'अगर वे हमेशा एक आंदोलन से दूसरे आंदोलन में जाते रहते हैं, तो वे हमेशा किसी न किसी लाभ को ध्यान में रखकर ही जाते हैं, लेकिन अब डीएमके सत्ताधारी पार्टी नहीं है. अगर आप डीएमके की तरफ आए हैं, जो अब विपक्षी पार्टी है, तो आप किसी पद के लिए नहीं आए हैं. आप काम करने, इस आंदोलन का समर्थन करने और तमिल समुदाय के लिए संघर्ष करने आए हैं।'

स्टालिन ने कहा कि इसके अलावा, हमारे लिए सफलता और असफलता बारी-बारी से आती हैं. हम सफलता को अनदेखा नहीं कर रहे हैं. हम यह साबित कर रहे हैं कि डीएमके सदस्य वह व्यक्ति है, जो असफलता से निराश हुए बिना निरंतर काम कर सकता है।

**दया पर चल रही है गठबंधन की सरकार**

उन्होंने कहा कि आपको यह नहीं भूलना चाहिए कि सरकार अब हमारी दया पर निर्भर है. हम चुनाव जीतने और डीएमके के नेतृत्व में सरकार बनाने के इरादे से गए थे. यह सरकार आज हमारे गठबंधन की पार्टियों की दया पर चल रही है. जब हम आए, तो उन गठबंधन पार्टियों के नेताओं ने कहा कि वे हमारे गठबंधन पार्टी के नेता को बताने आए हैं. उन्होंने कहा कि आप उनके पास जाइए, यह आपकी मर्जी है. मैंने उन्हें इस आधार पर भेजा था कि तमिलनाडु में राष्ट्रपति शासन नहीं आना चाहिए।

## संक्षिप्त ख़बरें

### श्रीलंका दौरे पर टेस्ट सीरीज में India-A की कमान संभालेंगे ध्रुव जुरैल, आगरा में माता-पिता ने जताई खुशी



**आगरा।** बीसीसीआई ने श्रीलंका दौरे पर होने वाले दो चार-दिवसीय टेस्ट मैचों के लिए इंडिया-ए टीम घोषित की है। शहर के स्टार बल्लेबाज ध्रुव जुरैल को टीम का कप्तान बनाया गया है। जिसमें वह शानदार प्रदर्शन कर शहर और देश का नाम रोशन करेंगे। कप्तान बनाए जाने पर ध्रुव के माता-पिता, कोच और क्रिकेट प्रमियों में उत्साह है। पिता नेम सिंह जुरैल और मां रंजनी का कहना है कि बेटे ने आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया और श्रीलंका में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देगा। हनुमान भगवान की कृपया बेटे और टीम पर बनी रहे।

**अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बने ध्रुव**

आगे बताया कि पहला मैच 25 जून से 28 जून तक और दूसरा मैच दो जुलाई से पांच जुलाई 2026 तक खेला जाएगा। दोनों मुकाबले गाले इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले जाएंगे। कोच परवेंद्र यादव ने बताया कि यह खुशी की बात है। ध्रुव को कप्तान बनाए जाने की खुशी में मंगलवार को अकादमी में मिठाई बांटी जाएगी। शहर के अन्य खिलाड़ियों को भी ध्रुव से प्रेरणा लेनी चाहिए। सदर बाजार स्थित एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में क्रिकेट का प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ी अरुण का कहना है कि ध्रुव सर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी सफलता से कई खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ गया है।

### इंजीनियरिंग छात्रों के लिए खुशखबरी: जोसा ने बढ़ाई 4470 सीटें, आईआईएससी बेंगलुरु भी शामिल

**अलीगढ़।** इंजीनियरिंग की पढ़ाई का सपना देख रहे जनपद व आसपास क्षेत्र के छात्रों के लिए राहत भरी खबर है। जेईई मेन व जेईई एडवांस के बाद प्रतिष्ठित आईटी संस्थानों में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग से पहले संयुक्त सीट आवंटन प्राधिकरण (जोसा) ने चार हजार 470 नई सीटें बढ़ाने की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही पहली बार देश का प्रतिष्ठित भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलुरु भी जोसा काउंसिलिंग प्रक्रिया का हिस्सा बना है। इससे छात्रों के सपनों को पंख लग गए हैं, क्योंकि उनके पास प्रवेश के और बेहतर अवसर मिलेगा।

## संविदा कर्मियों का कोड लाक, ड्राइंविग लाइसेंस बनवाने के लिये भटक रहे है लोग

- ऑटो रिक्शा जन कल्याण समिति के महेन्द्र ने रोजमारटा कंपनी को भेजा पत्र: मुआवजे की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के आरटीओ विभाग में संविदा कर्मचारियों का कोड लाक हो जाने के कारण लोगों को ड्राइंविग लाइसेंस बनवाने के लिये कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। कड़ी धूप में उम्मीद लेकर आने वाले लोग निराश लौट रहे हैं। इस सम्बन्ध में ऑटो रिक्शा जन कल्याण समिति के जिला संरक्षक महेन्द्र श्रीवास्तव ने रोजमारटा कंपनी के खिलाफ कड़ा विरोध जताते हुए एक शिकायत पत्र कम्पनी के प्रबन्ध निदेशक को भेजा है। समिति के जिला संरक्षक ने आरोप लगाया है कि 5 और 6 जून को बिना किसी पूर्व सूचना के बायोमैट्रिक एव स्कूटिंग केंद्र को पूर्णरूप से बंद कर दिया गया, जिससे सैकडों अभ्यर्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

पत्र में कहा गया है कि पंजीयन चिह्न यूपी 51 बस्ती स्थित डीटीआई से कंपनी ने सभी स्टॉपों का कोड सीज कर दिया और न तो कोई नया स्टॉप भेजा गया और न ही कोई सूचना दी गई। इस लापरवाही का खामियाजा उन अभ्यर्थियों को भुगतना पड़ा जो 5 और 6 जून को राजस्व जमा कर स्लाट बुक करके आए थे। कंपनी के सारे स्टॉप नदारद थे और तालाबंद मिले। इसके कारण अभ्यर्थियों को चिलचिलाती धूप में धक्के खने पर मजबूर होना पड़ा।

शिकायत पत्र में कहा गया है कि 5 और 6 जून को कुल लगभग 500 स्लॉट बुक थे, जिनमें से किसी का भी बायमैट्रिक व स्कूटिंग नहीं हो सका। इन अभ्यर्थियों में कई लोगों के दिल्ली, बाम्बे और गुजरात के ट्रेन टिकट पहले से रिजर्व थे। कंपनी की घोर लापरवाही के चलते लगभग 500 अभ्यर्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ा और सरकारी राजस्व को भी नुकसान पहुंचा है।

समिति ने रोज मार्टा कंपनी से मांग की है कि वह 5 व 6 जून के सभी प्रभावित अभ्यर्थियों को उनके आने-जाने का किराया, राजस्व और रद्द हुए रेल टिकट की भरपाई करे। महेन्द्र श्रीवास्तव ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कंपनी ने समय रहते मुआवजा नहीं दिया तो ऑटो रिक्शा यूनियन जन आंदोलन और न्यायालय जाने के लिए बाध्य होगी, और इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी रोज मार्टा कंपनी की होगी।

## शरीर पर सिंदूर और नींबू-चाकू... अलीगढ़ में हाथ-पैर बंधा युवक खंडहर में मिला, नरबलि की कोशिश

**अलीगढ़।** अकराबाद कोतवाली के कस्बा पिलखना में एक खंडहर मकान में नरबलि के प्रयास का मामला सामने आया है। यहां 30 वर्षीय एक युवक शिव कुमार हाथ-पैर बंधे और बेहोश अवस्था में मिला। सूचना मिलने पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई और मामले की लोगों से जानकारी ली। यह घटना रविवार की तड़के कस्बा पिलखना के मोहल्ला सराय मुकंदरा में एक खंडहर पड़े खाली मकान में सुबह समय करीब 7:30 बजे सामने आई। शिव कुमार पुत्र पप्पू, जाति जाटव, के हाथ-पैर बंधे हुए थे और उसके शरीर व कपड़ों पर सिंदूर लगा था। उसके निकट से कलावा, नींबू और चाकू भी बरामद हुए, जिससे नरबलि के प्रयास की आशंका जताई जा रही है। युवक शिव कुमार ने बताया कि रविवार सुबह करीब चार बजे वह गली में घूम रहा था, तभी दो नकाबपोश युवकों ने उसे कुछ सुंघाकर बेहोश कर दिया। इसके बाद उसे कुछ याद नहीं है। इस घटना को लेकर मोहल्ले में भय का माहौल है। स्थानीय लोगों ने बताया कि दो-तीन वर्ष पहले भी इसी मोहल्ले में नरबलि देने की कोशिश की ऐसी ही एक घटना हुई थी।

## सिद्धार्थनगर: राप्ती नदी में दोस्तों के साथ नहाने गया युवक डूबा, तलाश जारी

- 12 जून को मुंबई जाने की थी तैयारी, परिवार में मचा कोहराम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज नगर पंचायत के वार्ड नंबर-2 आजाद नगर निवासी सुहेल (19) पुत्र रफीक रविवार दोपहर राप्ती नदी में नहाते समय डूब गया। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मच गया , जबकि प्रशासन की मौजूदगी में युवक की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार सुहेल रविवार को करीब दो बजे अपने दोस्तों के साथ राप्ती नदी में नहाने गया था। वह डुमरियागंज स्थित राप्ती नदी पुल के पूरब शाहपुर स्थित अंत्येष्टि स्थल के पास अपने साथियों के साथ स्नान कर रहा था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते नदी में डूब गया। काफी देर तक पानी से बाहर न आने पर उसके साथी उसे खोजने लगे, लेकिन कोई पता नहीं चल सका।

इसके बाद साथियों ने घर पहुंचकर घटना की जानकारी सुहेल के भाई शाहिद अली को दी। सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा नाव के सहारे युवक की तलाश शुरू की। घटना की सूचना पर इटवा थाना क्षेत्र के शाहपुर चौकी प्रभारी अखिलेश कुमार मिश्र तथा नायब तहसीलदार राघवेंद्र पांडे मौके पर पहुंचे। नायब तहसीलदार ने बताया कि एसडीआरएफ टीम को सूचना दे दी गई है। सोमवार सुबह टीम के पहुंचने के बाद खोज अभियान और तेज किया जाएगा। सुहेल के भाई शाहिद अली ने बताया कि सुहेल का 12 जून को मुंबई जाने का टिकट पहले से बुक था। अचानक हुई इस घटना से परिवार सदमे में है और घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है। समाचार लिखे जाने तक युवक का कोई पता नहीं चल सका था।

## घरेलू सिलिंडर 29 रुपये महंगा, 3 माह फिर महंगी हुई रसोई गैस; चेक करें आगरा का नया रेट

- घरेलू सिलेंडर के दाम में 29 रुपये की वृद्धि।
- आगरा में नया मूल्य अब 954.50 रुपये हुआ।
- नई दरें 7 जून से प्रभावी, तीन माह बाद बढ़ोतरी।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



आगरा। पेट्रोलियम मंत्रालय ने शनिवार रात घरेलू सिलेंडर के रेट में बढ़ोत्तरी कर दी है। 3 माह के बाद 29 की बढ़ोत्तरी की गई है। सिलिंडर का नया मूल्य 954 रुपए 50 पैसे हो गया है। नए रेट 7 जून से प्रभावित हो गए। माह की पहली तारीख को कमर्शियल सिलिंडर के रेट में हर माह बढ़ोतरी हो रही है लेकिन 7 मार्च के बाद से घरेलू सिलिंडर के रेट में कोई भी बढ़ोतरी नहीं की गई है।

**आगरा में अब 954 रुपए 50 पैसे हो गया नया रेट**

शनिवार रात पेट्रोलियम मंत्रालय ने सिलिंडर के रेट में 29 रुपए बढ़ा दिए। सिलिंडर का नया रेट 954 रुपए 50 पैसे हो गया है। इससे पूर्व सिलिंडर का रेट 925 रुपए 50 पैसे था। वही कमर्शियल सिलेंडर में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई।

**आगरा में 84 गैस एजेंसियां**

वर्तमान में जिले में 84 गैस एजेंसियों में 56 आईओसी की हैं। 13.57 लाख में सात लाख उपभोक्ता आईओसी के हैं। घरेलू सिलेंडरों की कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक और कदम उठाया है। पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) उपभोक्ताओं को एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करने के लिए कहा गया है। पीएनजी उपभोक्ता घरेलू सिलेंडरों की बुकिंग नहीं कर सकते हैं। न ही सिलेंडर ले सकते हैं।

## नगर आयुक्त ने सिटी बस में की बिना टिकट यात्रा, सेंधमारी पकड़ी तो परिचालक को हटाया, ARM से स्पष्टीकरण तलब

- नगरायुक्त ने यात्री बनकर सिटी बस में यात्रा की।
- 31 में से पांच यात्री बेटिकट पाए गए, परिचालक हटा।
- राजस्व हानि रोकने को नियमित जांच के निर्देश दिए।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**आगरा।** सिटी बसों के राजस्व में हर दिन 30 हजार रुपये से अधिक की सेंध लगाई जा रही है। यात्रियों को टिकट नहीं दिया जाता है और किराये के रुपये परिचालक और अधिकारी अपनी जेब में रखते हैं। शनिवार दोपहर नगरायुक्त संतोष कुमार ने यात्री बन प्रतापपुरा चौराहा से बस में सवार हुए। कलक्ट्रेट तिराहा का टिकट खरीदा लेकिन भगवान टाकीज चौराहा तक सफर किया। एक बार भी परिचालक ने टिकट नहीं मांगी।

यात्रियों से फीडबैक लिए और फिर बस में यात्रियों की गिनती की। इसमें 31 यात्री मिले। नगरायुक्त ने परिचालक को अपना परिचय दिया और यात्रियों के टिकट की जानकारी मांगी। इसमें पांच यात्री बेटिकट मिले, जिसपर परिचालक को हटाने और सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (एआरएम) से स्पष्टीकरण तलब करने के आदेश दिए। हर दिन 100 में 90 सिटी बसों का संचालन दो दर्जन रूट में होता है। 21 हजार यात्री सफर करते हैं और चार लाख रुपये का राजस्व मिलता है। राजस्व में कमी होने की शिकायतें नगरायुक्त संतोष कुमार को मिल रही थीं। शनिवार दोपहर सवा 12 बजे नगरायुक्त प्रतापपुरा चौराहा पहुंचे। एक सिटी बस में बैठ गए।

परिचालक अभिषेक राज से कलक्ट्रेट तिराहा का टिकट मांगा। अभिषेक ने टिकट भी दे दिया। सफर के दौरान यात्री बनकर सफर कर रहे नगरायुक्त ने अन्य यात्रियों से बात की। उनकी समस्याएं भी जानीं। नगरायुक्त उसी टिकट के साथ भगवान टाकीज चौराहा तक यात्रा करते रहे।



अभिषेक राज ने न तो टिकट की वैधता की जांच की और न ही किसी यात्री से टिकट दिखाने को कहा। इतना ही नहीं, बस में यात्रा कर रहे कई यात्रियों के पास टिकट ही नहीं थी, फिर भी किसी प्रकार की रोक-टोक नहीं की गई। दीवानी चौराहा के पास नगरायुक्त ने अपना परिचय परिचालक को दिया। निरीक्षण के दौरान जब यात्रियों की टिकटों की जांच की गई तो बस में मौजूद 31 यात्रियों में पांच यात्री बेटिकट मिले। राजस्व में सेंध पर नगरायुक्त ने परिचालक को हटाने के निर्देश दिए। नगरायुक्त ने कहा कि यदि नियमित रूप से टिकट चेकिंग और निगरानी की व्यवस्था प्रभावी ढंग से संचालित की जाए तो राजस्व हानि को रोका जा सकता है। एआरएम सत्येंद्र कुमार से स्पष्टीकरण तलब के निर्देश दिए।

**समय पर चलें बसें**

नगरायुक्त ने एआरएम को सिटी बसों के समयपालन पर भी जोर दिया। निर्धारित स्टापेज पर बसों के रोकने के लिए कहा। महिला सीट पर पुरुषों के न बैठने के लिए कहा गया। यात्रा के दौरान नगरायुक्त ने बस में मौजूद यात्रियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और सुझावों को भी सुना। कई यात्रियों ने बसों की समयबद्धता, टिकट व्यवस्था और संचालन से जुड़ी शिकायतें सामने रखीं।

## संक्षिप्त खबरें

### संजय प्रताप जायसवाल के नेतृत्व मेंकुवानों नदी के महादेवा घाट पर जन सहयोग से चला स्वच्छता अभियान



#### नदियों का पुनर्जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए आवश्यक- संजय प्रताप जायसवाल

**बस्ती।** बस्ती जिले के रुधौली विधायक संजय प्रताप जायसवाल द्वारा रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम से प्रेरित होकर जन सहभागिता के माध्यम से सल्टौआ गोपालपुर विकास खण्ड क्षेत्र के कुवानों नदी के महादेवा घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। पूर्व विधायक भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय प्रताप जायसवाल के साथ ही बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि दुर्गेश सिंह के नेतृत्व में आयोजित स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने कहा कि नदियों का पुनर्जीवन हमारे पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अनिवार्य है। इस अभियान में बीडीओ सल्टौआ अनिल कुमार, विकास शर्मा भोला, मनोज सिंह, प्रशासक ग्राम पंचायत भिटरी पचानू एवं प्रतिनिधि प्रशासक ग्राम पंचायत अजगौवा जंगल चंद्रशेखर जी, झब्बू लाल चौधरी, विनोद राजभर, अमरजीत सिंह, श्री राम पाण्डेय, रामरूप चौहान के साथ ही अनेक क्षेत्रीय नागरिकों ने कुंवानों के स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया।

### दो अपहरण मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार, दोनों किशोरियां सकुशल बरामद



**बलरामपुर, 7 जून।** कोतवाली देहात पुलिस ने अलग-अलग अपहरण मामलों में कार्रवाई करते हुए दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों मामलों में अपहृत किशोरियों को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय एवं क्षेत्राधिकारी नगर ज्योतीश्री के पर्यवेक्षण में कोतवाली देहात पुलिस ने यह कार्रवाई की।

पुलिस के अनुसार थाना कोतवाली देहात में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 214/2026, धारा 137(2)/87 बीएनएस से संबंधित अपहृता को सकुशल बरामद करते हुए आरोपी बड़ेलाल उर्फ अजय पुत्र हजारी निवासी ककरा मौजा राजघाट, थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार मुकदमा अपराध संख्या 221/2026, धारा 137(2)/87 बीएनएस से संबंधित अपहृता को भी सकुशल बरामद कर आरोपी साजिद पुत्र जुनैद उर्फ निज्जन निवासी ग्राम बेलवा सुल्तानजोत, थाना कोतवाली देहात को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक हरिश्चन्द्र चौधरी, उपनिरीक्षक अमित चौहान, कांस्टेबल योगेन्द्र पाल तथा महिला आरक्षी सनी चौहान की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## भानपुर से बढ़नीचाफा भेजी गईं रिचा सिंह, तबादले के बाद तेज हुईं चर्चाएं, ट्रांसफर के बाद क्यूं नहीं रिलीज शासन के आदेश की उड़ रही है धज्जियां

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के नगर पंचायत मानपुर की अधिशासी अधिकारी रिचा सिंह के स्थानांतरण के आदेश ने प्रशासनिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है। नगर निकाय निदेशालय, उत्तर प्रदेश द्वारा जारी आदेश के अनुसार रिचा सिंह को जनहित एवं शासकीय कार्यहित में तत्काल प्रभाव से नगर पंचायत बढ़नीचाफा में तैनात किया गया है। साथ ही उन्हें वर्तमान तैनाती स्थल से कार्यमुक्त होकर नए पद पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि आदेश को सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया बताया गया है, लेकिन स्थानीय स्तर पर इसे लेकर कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं। नगर पंचायत मानपुर में बीते कुछ समय से विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चाएं होती रही हैं, ऐसे में अचानक हुए स्थानांतरण ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा है।

चर्चाओं का विषय यह भी बना हुआ है कि शासन के आदेश के बावजूद कार्यभार ग्रहण की स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। लोगों का कहना है कि दो नगर पंचायतों का प्रभार संभालने के कारण कहीं वर्तमान व्यवस्था से मोहभंग न होने की स्थिति तो नहीं बन गई है। लोग तंज कसते हुए कह रहे हैं कि दो-दो नगर पंचायतों का प्रभार छोड़ने का मन नहीं होने से आदेश के अनुपालन में देरी हो रही है या फिर कोई अन्य प्रशासनिक कारण है। सबसे अहम बात यह है कि नगर निकाय निदेशालय द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि स्थानांतरण आदेश का तत्काल अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा आदेश का पालन न किए जाने की स्थिति में इसे अनुशासनहीनता एवं आदेश की अवहेलना माना जाएगा। ऐसे में अब सवाल उठ रहे हैं कि यदि कार्यभार ग्रहण नहीं हुआ है तो क्या शासन के निर्देशों का पूरी तरह पालन किया जा रहा है। हालांकि इस संबंध में विभागीय स्तर पर कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण सामने नहीं आया है। फिलहाल प्रशासनिक और स्थानीय हलकों में इस पूरे मामले को लेकर चर्चाएं जारी हैं। अब निगाहें विभागीय अधिकारियों पर टिकी हैं कि आदेश के अनुपालन की वास्तविक स्थिति क्या है और शासन के निर्देशों का पालन किस स्तर तक सुनिश्चित किया गया है।

### बर्थडे पार्टी में गए किशोर की गला रेतकर हत्या, इलाके में सनसनी; जांच में जुटी पुलिस की छह टीमें

**जायस, (अमेठी)।** रात में बर्थडे पार्टी में गए किशोर का गला रेतकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने एक बाल अपचारी को निगरानी में लेकर उसकी निशानदेही पर बांका व खून से सने कपड़ों को बरामद करने का दावा किया है। हत्या के पीछे दो माह पूर्व हुई मारपीट की घटना को वजह बताया जा रहा है। पुलिस की छह टीमें घटना की जांच में लगाई गई हैं। पिता की तहरीर पर चार आरोपितों के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज किया गया है। पूरे बख्शी मजरे बहादुरपुर गांव निवासी जागेश्वर पासी का 15 वर्षीय पुत्र आरेंद्र का शव शुक्रवार सुबह गांव के बाहर एक खेत में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। आरेंद्र गुरुवार की रात अपने पड़ोसी अमृतलाल के आवास पर आयोजित जन्मदिन समारोह में शामिल होने गया था। परिवारजन बताते हैं कि वह रात को समारोह से घर लौट आया था, लेकिन रात्रि 12 बजे के करीब अमृतलाल की सात वर्षीय पुत्री अंकिता उसे भोजन के लिए बुलाने आई, आरेंद्र उसके साथ चला गया और उसके बाद से वापस नहीं लौटा। शुक्रवार सुबह खेत की ओर गए ग्रामीणों ने शव पड़ा देखा तो इसकी जानकारी परिवारजन और पुलिस को दी।

## कप्तानगंज मे डबल डेकर बस की चपेट मे आये बुजुर्ग की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मुख्य चौराहे पर शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत हो गई। सड़क पार करते समय वह डबल डेकर बस की चपेट में आ गए। घायल अवस्था में उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान बरहपुर गांव निवासी प्रेम नारायण दास (70 वर्ष) के रूप मे हुई। शनिवार सुबह किसी कार्य से कप्तानगंज आए थे। सुबह करीब 9:25 बजे वह इंदिरा गांधी स्कूल के समीप सड़क पार कर रहे थे।

इसी दौरान गोरखपुर की ओर जा रही एक डबल डेकर बस ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। संयोगवश घटना के समय इंदिरा गांधी स्कूल में आगामी 8, 9 एवं 10 जून को प्रस्तावित पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारियों के मद्देनजर पुलिस अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जा रहा था। हादसा होते ही मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल बस को रुकवाया और घायल बुजुर्ग को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दुर्घटना के संबंध में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

## रेलवे स्टेशन पर लोगों से मारपीट करने वाले दो अराजक तत्व गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के रेलवे स्टेशन पर अपराधियों और अराजक तत्व का जमावड़ा रहता है आए दिन वहां यात्रियों और लोगों से अभद्र व्यवहार करते हैं तथा मारपीट करते हैं इस मामले को संज्ञान में लेकर पुरानी बस्ती थाना अध्यक्ष द्वारा दो लोगों को गिरफ्तार किया गया लेकिन सवाल यह सुरक्षा में कैसे घूमते हैं नशे युक्त अपराधी वहां जो लोगों से मारपीट कर अभद्र व्यवहार करते हैं ताजा मामला थाना पुरानी बस्ती पुलिस ने बस्ती रेलवे स्टेशन पर विभिन्न अपराध कारित करने वाले दो 02 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को को पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु प्रभारी थाना पुरानी बस्ती शशांक शेखर राय के नेतृत्व में पुरानी बस्ती से शान्ति व सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टीगत धारा 170,126,135 वीएनएसएस में 02 व्यक्तियों मो0 हामिद अख्तर पुत्र हाफिज साकिन डाबर गली स्टेशन रोड थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती 32 वर्ष तथा हेमन्त कुमार पुत्र श्री राम यादव साकिन पठान टोला थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती 38 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के अन्तर्गत माननीय न्यायालय पेश किया गया। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने मे उ0नि0 जयशंकर पाण्डेय , का0 संजीव पाण्डेय का सराहनीय योगदान रहा।

### अमेठी में कच्चे मकान की दीवार गिरने से मां-बेटी की मौत, बेटा गंभीर

**अमेठी।** जिले के जामो थाना क्षेत्र के पूरे परमेश्वरी घाटमपुर गांव में शनिवार रात में बड़ा हादसा हो गया। मिट्टी के मकान की दीवार भरभराकर गिरने से मलबे में दबकर मां-बेटी की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पूरे परमेश्वरी घाटमपुर गांव निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि उनकी 35 वर्षीय पत्नी कमलेश कुमारी, सात वर्षीय बेटी आशी और आठ वर्ष का बेटा दीपांशु शुक्रवार रात घर के अंदर सो रहे थे। शनिवार रात करीब तीन अचानक मिट्टी की दीवार ढह गई, जिससे तीनों मलबे में दब गए। चीख-पुकार सुनकर परिवारजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने काफी मशक्कत के बाद मलबा हटाकर तीनों को बाहर निकाला। ग्रामीणों की मदद से घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जामो ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने कमलेश कुमारी और आशी को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल दीपांशु को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची।

## मुंडेरवा चीनी मिल परिसर में अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी अभी तक पहचान नहीं हो पाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**बस्ती।** बस्ती जिले के थाना मुंडेरवा क्षेत्र स्थित मुंडेरवा चीनी मिल परिसर में बीती रात एक अज्ञात युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई और तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार चीनी मिल परिसर में लगभग 20 वर्षीय युवक का शव मिलने की सूचना पर थाना मुंडेरवा पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि युवक की मौत किसी ट्रक की चपेट में आने से हुई हो सकती है। वहीं कुछ लोग ट्रक से कुचलकर हत्या किए जाने की आशंका भी जता रहे हैं। हालांकि पुलिस ने अभी किसी भी संभावना से इनकार नहीं किया है और हर पहलू पर गंभीरता से जांच कर रही है।

मृतक युवक ने आसमानी और काले रंग की फुल बाँह की टी-शर्ट पहन रखी थी। उसके हाथ पर गोदना से लिखा 'बोल बम' पुलिस के लिए पहचान का एक महत्वपूर्ण सुराग माना जा रहा है। पुलिस आसपास के थानों और गुमशुदगी के मामलों का भी मिलान कर रही है। घटना के बाद संबंधित ट्रक चालक के मौके से फरार होने की भी चर्चा सामने आ रही है। पुलिस घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के साथ-साथ आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल थाना मुंडेरवा पुलिस शव की शिनाख्त और घटना की वास्तविकता जानने के लिए हर एंगल से जांच कर रही है। मुंडेरवा चीनी मिल परिसर में हुई यह रहस्यमय मौत पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

## ग्रामीणों की मांग मंदिर पर लगे वाटर प्लांट बरसों से खराब पड़े हैं भीषण गर्मी में जनता कैसे प्यास बुझाए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले केहरैया विकास खंड के महाराजगंज स्थित हनुमान मंदिर परिसर में कई लाखों रुपये की लागत से लगाया गया आरओ वाटर प्लांट वर्षो से खराबहैं प्यासे राहगीर परेशान भीषण गर्मी में जनता कैसे प्यास बुझाए स्थानीय लोगों के अनुसार प्लांट लगने के महज दो तीन दिन बाद ही बंद हो गया तब से आज तक ध्वस्त अवस्था झाड़ियो में पड़ा हुआ है कई बार जनता द्वारा शिकायत किया गया लेकिन आज तक वाटर प्लांट की कोई अधिकारी संज्ञान नहीं लियाभीषण गर्मी तेज धूप के बीच मंदिर पर आने वाले श्रद्धालु राहगीर आसपास के ग्रामीण शुद्ध पेयजल के लिए तरस रहे जिस उद्देश्य से यह आरओ प्लांट लगाया गया था वह पूरी तरह विफल नजर आ रहा जिम्मेदार अधिकारी आज तक प्लांट को देखने नहीं आए रिपेयर करवाने की बात तो दूर की है जिलाधिकारी से शिकायत होने बावजूद आपका प्लांट रिपेयर नहीं हो पाया ग्रामीणों का आरोप है कि कई लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इसकी सुध लेने को तैयार नहीं.सवाल यह है कि जब जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सरकारी योजनाओं पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं तो आखिर इस आरओ प्लांट की बदहाली का जिम्मेदार कौन सरकार की मंशा पर फिर रहा पानी पेयजल व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त प्रशासन संबंधित विभाग इस गंभीर समस्या का संज्ञान लेकर व्यवस्था बहाल करते हैं या फिर राहगीरों श्रद्धालुओं को यूं ही प्यासा रहना पड़ता हैं जिम्मेदार ग्राम पंचायत प्रतिनिधि इस मामले को संज्ञान नहीं ले पा रहे हैं अगर इसकी शिकायत खंड विकासखंड अधिकारी से किया जाए तो मामले का निस्तारण हो सकता है आखिर लाखों के लागत से बने इस वाटर प्लांट को झाड़ियां में पड़े रहना ठीक है या फिर शासन प्रशासन ध्यान देगा भीषण गर्मी में लोगों को पानी से कैसे निजात मिलेगा यह जिला प्रशासन को ध्यान देना चाहिए लेकिन ऐसी के कमरे में बैठे उनको ग्रामीण जनता के कहां से ध्यान होगा जिले में इस कदर सैकड़ो वाटर प्लांट खराब स्थिति में पड़े हुए हैं उनकी देखरेख करने के लिए कोई कर्मचारी नियुक्त होता है तो ऐसी बढ़ाहल स्थित वाटर प्लांट कि ना होती जिला प्रशासन को मामले को संज्ञान लेकर तत्काल इस पर कार्रवाई करते हुए शुद्ध जल जनता को दिलाने की कृपा करी जाए ग्रामीण का कहना है की जिम्मेदार अधिकारी या प्रधान प्रतिनिधि मामले को संज्ञान में लेतेहुए उचित कार्रवाई की जाए और वाटर प्लांट रिपेयर कराकर शुद्ध जल जनता के लिए उपलब्ध कराया जाए।

## अराजकता व अपराध के आग मे झुलस रहा है बस्ती का रेलवे स्टेशन

- जीआरपी पुलिस, आरपीएफ और पुरानी बस्ती पुलिस के संरक्षण खुलेआम हो रहा है अपराध
- यात्रियों, वाहन चालकों के साथ मारपीट कर अराजक तत्व करते अवैध धन उगाही
- अवैध धन उगाही से विभागों को होती है लाखों की कमाई फिर अराजक तत्वों पर कौन करे कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले में हर तरफ भ्रष्टाचार से हाहाकार मचा हुआ है प्रशासन भ्रष्टाचार रोकने में नाकाम साबित हो रहा है जिम्मेदारों का फोन तक नहीं उठाता है कैसे जानता भय मुक्त बनी जबकि प्रदेश सरकार के मुखिया योगी जी के जीरो टेलरेंश नीति को अगर देखना है तो रेलवे स्टेशन बस्ती आ जाईए। जहां कानून व्यवस्था का कहीं नमो निशान तक नही है। बस्ती का रेलवे स्टेशन अराजकता और अपराधों के आग मे झुलस रहा है। कार्यवाही करने वाले जिम्मेदार अधिकारी अपनी तिजोरी भरने मे मस्त है। अगर नाजायज वसमली नही होगी तो अकूत धन कहां से आयेगा। जिम्मेदार अधिकारी यात्रियों के सुरक्षा के लिए नही बल्कि अराजक तत्वों को धंधें मे बढावा देने मे सहयोग करना और उनकी सुरक्षा करना है। जिले मे यह कौन नही जानता कि बस्ती रेलवे स्टेशन पर बडे पैमाने पर अवैध वसूली कैसे होती है। जानते तो सब हैं लेकिन हालात यह हैं कि बिल्ली के गले मे घण्टी बांधेगा कौन? स्टेशन पर दो दर्जन से अधिक अराजक तत्व नशेडी टाइप के लोग हैं जो यात्रियों, टेम्पो चालकों तथा टेक्सी चालकों से मारपीट कर 200 से 500 रूपये तक की जबरिया वसूली करते है। यह अराजक तत्व चैबीस घण्टे कोकीन, चरस, स्मैक व गांजा आदि के नशे मे धुत रहते हैं। अगर कोई रूपये देने से मना करता है तो यह लोग उसके साथ मारपीट भी करते है। यदि कोई यात्री थाने मे शिकायत भी करता है तो पुलिस कार्यवाही करने के बजाय अराजक तत्वों को ही संरक्षण प्रदान करती है और पीडित को ही डरा धमका कर भगा देती है। अराजक तत्वों को संक्षण प्रदान करने मे जीआरपी पुलिस, आरपीएफ और पुरानी बस्ती पुलिस साथ ही कुछ तथा कथित पत्रकार और जनप्रतिनिधि भी शामिल हैं। बताया तो यहां तक जा रहा है जीआरपी पुलिस का एक सिपाही जिसका नाम विजय यादव बताया जा रहा है उसी के निर्देश पर अवैध धन उगाही बदस्तूर जारी है मगर इस समय यह सिपाही की पोस्टिग कही और हैं जहां से बैठ कर यह साम्राज्य चला रहा है।

सूत्र बताते हैं कि एक दिन मे कम से कम 5 से 600 टेम्पो व टेक्सी व प्राईवेट वाहनों का आना जाना होता है प्रत्येक वाहन से 200 से 500 तक वसूली लाठी के दम पर की जाती है। इस हिसाब से से प्रतिदिन एक लाख से अधिक की नाजायज वसूली हो जाती है नाम न छापने के शर्त पर शूत्रों ने बताया कि जीआरपी पुलिस, आरपीएफ और पुरानी बस्ती पुलिस की प्रतिमाह मोटी कमाई होती है। इस लिए अराजक तत्वों पर कार्यवाही करने की हिम्मत किसी मे नही है।

स्टेशन पर अवैध धनउगाही की सूचना मोबाइल पर मिलने पर एक वरिष्ठ पत्रकार स्टेशन पहुंचे वहां मौजूद एक दर्जन से अधिक अराजक तत्वों ने उन पर प्राण घातक हमला करने के लिए घेर लिया। अच्छा तो यह हुआ कि पत्रकार स्थिति की नजाकत को देखते हुए वहां से जाने मे ही अपनी भलाई समझी। और घटना के सम्बन्ध मे सीओ सिटी को ज्ञापन देकर उन अराजक तत्वों के विरूद्ध कडी कार्यवाही करने की मांग किया। इस घटना को लेकर जिले के सभी पत्रकारों मे काफी आक्रोश हैं।

## बहू-बेटी सम्मेलन में महिलाओं को किया गया जागरूक, सरकारी योजनाओं व हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर** महराजगंज तराई (बलरामपुर)। मिशन शक्ति के पंचम चरण के अंतर्गत रविवार को थाना महराजगंज तराई पुलिस द्वारा ग्राम सुगानगर में बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन कर महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय एवं क्षेत्राधिकारी देवेंद्र श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी संतोष कुमार तिवारी के नेतृत्व में एंटी रोमियो टीम एवं मिशन शक्ति टीम द्वारा आयोजित किया गया।

सम्मेलन में बहुओं, बेटियों, तलाकशुदा महिलाओं एवं बुजुर्ग महिलाओं को दहेज प्रथा और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने बताया कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है तथा इसके दुष्परिणामों और कानूनी प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही दहेज प्रतिषेध अधिनियम के बारे में भी महिलाओं को अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना सहित केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इसके अलावा महिलाओं को उनकी सुरक्षा एवं सहायता के लिए संचालित हेल्पलाइन नंबरों वूमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 108, गर्भवती महिलाओं हेतु 102, साइबर हेल्पलाइन 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। थाना स्तर पर गठित महिला हेल्प डेस्क की भूमिका एवं सेवाओं की भी जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं से किसी भी प्रकार की समस्या, उत्पीड़न अथवा अपराध की स्थिति में बिना संकोच पुलिस से संपर्क करने की अपील की। सम्मेलन में उपस्थित महिलाओं ने कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए पुलिस विभाग के इस जागरूकता अभियान की सराहना की। मुख्य आरक्षी तेरस राम यादव आरक्षी प्रमोद कुमार महिला आरक्षी सोनम अवस्थी,नीतू यादव, अंजली वर्मा मौजूद रही।

## महुआ डाबर महोत्सव-2026 का आयोजन 8 से 10 जून तक

- प्रसिद्ध लेखक प्रणव मुखर्जी करेंगे उद्घाटन, शौर्य, शहादत और विरासत को समर्पित होगा महोत्सव

**बस्ती।** बस्ती जिले की मार्ती भूमि बलिदानों से लिखी गई पटकथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का गढ़ माना जा रहा है बस्ती जिले से लगभग 10 किलोमीटर दूरी पर एक गांव महुआ डाबर जो बलिदान की पटकथा लिखी गई हैभारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 की अमर गाथा और गुमनाम शहीदों की स्मृति को समर्पित तीन दिवसीय 'महुआ डाबर महोत्सव-2026' का आयोजन 8, 9 एवं 10 जून 2026 को क्रांतिभूमि महुआ डाबर में किया जाएगा। महुआ डाबर संग्रहालय द्वारा आयोजित इस महोत्सव की थीम 'शौर्य, शहादत और विरासत' निर्धारित की गई है। महोत्सव का उद्घाटन प्रसिद्ध लेखक प्रणव मुखर्जी करेंगे। उत्तर प्रदेश के बस्ती जनपद के बहादुरपुर विकासखंड में मनोरमा नदी के तट पर स्थित महुआ डाबर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास का एक महत्वपूर्ण एवं गौरवशाली अध्याय है। वर्तमान में उजड़े हुए इस ऐतिहासिक स्थल ने 1857 की क्रांति के दौरान ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध हुए अभूतपूर्व जनप्रतिरोध तथा भीषण नरसंहार को देखा है।

स्वतंत्रता संग्राम से पूर्व महुआ डाबर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कपड़ा व्यापार और पीतल उद्योग का प्रमुख केंद्र था। मनोरमा नदी के तट पर स्थित होने के कारण यहां से नौकाओं द्वारा व्यापक व्यापार संचालित होता था। दो मंजिला पक्के मकानों, समृद्ध बाजारों और शिक्षित समाज के कारण यह क्षेत्र एक विकसित एवं आत्मनिर्भर कस्बे के रूप में प्रसिद्ध था।10 जून 1857 को फैजाबाद से बिहार के दानापुर की ओर जा रहे ब्रिटिश सैन्य अधिकारियों के एक दल को महुआ डाबर के क्रांतिकारियों ने चुनौती दी। क्रांतिकारी जफर अली एवं उनके साथियों ने नदी पार कर रहे अंग्रेज अधिकारियों को घेर लिया, जिसमें लेफ्टिनेंट लिण्डसे और लेफ्टिनेंट थॉमस सहित छह ब्रिटिश अधिकारी मारे गए। केवल सार्जेंट बुशर किसी प्रकार जान बचाकर निकल सका, जिसे बाद में बाबू बल्ली सिंह ने दस दिनों तक बंदी बनाकर रखा।इस घटना से क्रुद्ध ब्रिटिश शासन ने 3 जुलाई 1857 को घुड़सवार सेना के साथ महुआ डाबर को चारों ओर से घेर लिया। अंग्रेजी सैनिकों ने अंधाधुंध गोलीबारी कर लगभग पांच हजार निर्दोष ग्रामीणों, कारीगरों और नागरिकों की हत्या कर दी तथा पूरे कस्बे को आग के हवाले कर दिया। घर, दुकानें, खेत और फसलें नष्ट कर दी गईं।इतिहास के इस अध्याय को दबाने के उद्देश्य से अंग्रेजों ने महुआ डाबर का नाम सरकारी अभिलेखों और नक्शों से मिटा दिया। इसके स्थान पर दूरस्थ क्षेत्र में एक नया गांव बसाकर उसे महुआ डाबर नाम दिया गया तथा मूल स्थल को राजस्व अभिलेखों में 'गैर-चिरागी' घोषित कर दिया गया।

महुआ डाबर संग्रहालय इस ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करने का कार्य कर रहा है। वर्ष 1999 में स्थापित संग्रहालय के विकास में इसके महानिदेशक एवं क्रांतिकारी वंशज डॉ. शाह आलम राना का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। संग्रहालय में दुर्लभ दस्तावेज, हथियार, सिक्के तथा पुरातात्विक अवशेष संरक्षित हैं, जो इस भूले-बिसरे नरसंहार की ऐतिहासिक सच्चाई को सामने लाते हैं।वर्ष 2010 में लखनऊ विश्वविद्यालय के पुरातत्व विभाग द्वारा प्रोफेसर अनिल कुमार के निर्देशन में यहां पुरातात्विक उत्खनन कराया गया। उत्खनन में प्राचीन कुएं, लखौरी ईंटों की दीवारें, जली हुई लकड़ियां, सिक्के, ढाल, भाले तथा पुराने भवनों के अवशेष प्राप्त हुए, जिन्होंने इस ऐतिहासिक घटना के प्रमाणों को पुष्ट किया।डॉ. राना के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप महुआ डाबर को उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति-2022 के 'स्वतंत्रता संग्राम सर्किट' में शामिल किया गया है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा यहां लगभग 10 एकड़ क्षेत्र में एक भव्य एवं जीवंत स्मारक विकसित करने की प्रक्रिया जारी है। प्रत्येक वर्ष यहां शहीदों को शस्त्र सलामी देकर श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है।

**महुआ डाबर महोत्सव-2026: कार्यक्रम विवरण**

स्थान : क्रांतिस्थल, मनोरमा तट, महुआ डाबर, बहादुरपुर, बस्ती प्रथम दिवस : 08 जून 2026 (सोमवार)

प्रातः 08:00 बजे - क्रांतिवीरों को श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि

प्रातः 09:00 बजे - स्वास्थ्य परीक्षण एवं निःशुल्क दवा वितरण शिविरप्रातः 10:00 बजे - स्थानीय विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

प्रातः 11:00 बजे - महुआ डाबर के इतिहास पर परिचर्चा

सायं 04:00 बजे - विरासत यात्रा (हेरिटेज वॉक)

रात्रि 08:00 बजे - स्वतंत्रता संग्राम आधारित फिल्म एवं वृत्तचित्र प्रदर्शन

द्वितीय दिवस : 09 जून 2026 (मंगलवार)

प्रातः 10:00 बजे - स्वतंत्रता संग्राम साहित्य सम्मेलन

प्रातः 11:00 बजे - इतिहासकारों, शोधार्थियों एवं लेखकों का संवाद

अपराह्न 03:00 बजे - ओपन माइक : कविता, गीत, वक्तृत्व एवं लोककला प्रदर्शन

सायं 04:00 बजे - युवाओं हेतु करियर काउंसलिंग सत्र

सायं 05:30 बजे - मशाल सलामी

रात्रि 08:00 बजे - शहीदों की झांकी एवं नाट्य मंचन

तृतीय दिवस : 10 जून 2026 (बुधवार) - शहादत दिवस

प्रातः 08:00 बजे - सशस्त्र पुलिस गारद द्वारा शस्त्र सलामी




प्रातः 09:00 बजे - महुआ डाबर संग्रहालय भ्रमण

प्रातः 10:00 बजे - विरासत संरक्षण संकल्प सभा

सायं 04:00 बजे - उत्कृष्ट प्रतिभाओं एवं सहयोगियों का सम्मानसायं 05:00 बजे - सांस्कृतिक संध्या एवं लोक कलाकारों की प्रस्तुति

सायं 06:00 बजे - राष्ट्रगान एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ महोत्सव का समापन

महुआ डाबर महोत्सव-2026 केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि उन हजारों गुमनाम शहीदों को श्रद्धांजलि है जिन्होंने स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। यह महोत्सव नई पीढ़ी को अपने इतिहास, विरासत और बलिदान की गौरवशाली परंपरा से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। इस अवसर पर प्रचार-प्रसार अभियान से जुड़े अतुल कुमार सिंह, नासिर खान, सुनील पंडित, आदिल खान आदि ने तैयारियों की समीक्षा की। तथा कार्यक्रम को उल्लास के साथ मनाया जाएगा क्षेत्र के तमाम कलाकार उपस्थित रहेंगे।

# संक्षिप्त खबरें

## विश्व पर्यावरण दिवस पर हमारा दायित्व और संकल्प



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ मे विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर अर्जुन पार्क जानकीपुरम विस्तार में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ बीकेटी के पदाधिकारी ब्लॉक अध्यक्ष राधे श्याम यादव, मंत्री शांति स्वरूप वर्मा, कोषाध्यक्ष खुर्शीद आलम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा, संयुक्त मंत्री अमर सिंह, संघर्ष समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार यादव और डाश श्रीकृष्ण तथा अन्य शिक्षक साथी और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए वृक्षारोपण करते हुए समाज को प्रेरित किया। पर्यावरण संरक्षण और पेड़ों की संरक्षा और सुरक्षा के लिए शपथ ली। सुरक्षा के लिए पदाधिकारी द्वारा पेड़ों को गोद लिया गया और समाज के लोगों को वृक्षारोपण करने व प्लास्टिक के प्रयोग न करने का आवाहन किया गया। जल संरक्षण पर भी जोर दिया गया क्योंकि जल ही जीवन है। जल, जंगल व जमीन रूपी त्रिकोण को मानव जीवन के लिए आवश्यक बताया गया।

## एशिया स्पोर्ट्स क्लब का समर कैंप 2026 संपन्न, पूनम सिंह ने बच्चों को किया सम्मानित

**रायबरेली।** एशिया स्पोर्ट्स क्लब रायबरेली द्वारा आयोजित सात दिवसीय 'एशिया स्पोर्ट्स समर कैंप 2026' का समापन समारोह स्वराज नगर कॉलोनी स्थित एशिया लॉन में संपन्न हुआ। कमला फाउंडेशन, रायबरेली के प्रायोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में कमला फाउंडेशन की अध्यक्ष पूनम सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। समारोह के दौरान पूनम सिंह ने समर कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को ट्रॉफी एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं तथा उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करती हैं। समर कैंप का आयोजन 1 जून से 7 जून 2026 तक एशिया स्पोर्ट्स क्लब द्वारा किया गया।कार्यक्रम के कैम्प कोऑर्डिनेटर विवेक सिंह रहे, जबकि मोहम्मद कामरान सिद्दीकी एवं सैयद जिया अहमद नकवी ने आयोजक की भूमिका निभाई। कैंप में बच्चों को प्रशिक्षण देने का कार्य रजत सिंह एवं जितेंद्र सिंह द्वारा किया गया। समापन समारोह में बड़ी संख्या में अभिभावक, खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे खेल शिविर बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर एशिया स्पोर्ट्स क्लब की पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गई।

## अभियंताओं के उत्पीड़न पर पावर आफिसर्स एसोसिएशन का आक्रोश, निष्पक्ष जांच की मांग




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर आफिसर्स एसोसिएशन की प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक में दलित व पिछड़े वर्ग के अभियंताओं के खिलाफ की गई उत्पीड़नात्मक व विद्वेषपूर्ण कार्रवाई पर आक्रोश व्यक्त किया गया। सरकार से मांग की गई कि दलित व पिछड़े वर्ग के अभियंताओं के उत्पीड़न से जुड़े सभी प्रकरणों की निष्पक्ष जांच कराते दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। रविवार को डालीबाग स्थित फील्ड हास्टल में हुई बैठक में संगठन ने ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से मांग की कि ऊर्जा निगमों में दलित व पिछड़े वर्ग के अधिकारियों तथा अभियंताओं के साथ हो रहे अन्याय की समीक्षा के लिए विशेष बैठक बुलाएं। संगठन यह सिद्ध कर देगा कि दलित व पिछड़े वर्ग के अभियंताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है। मुख्यमंत्री से भी इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए न्याय दिलाने की मांग की गई। एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि जब पीड़ित अभियंता न्याय के लिए उच्च न्यायालय की शरण लेते हैं तो उनके विरुद्ध और कठोर दंडात्मक कार्रवाइयां की जाती हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष आरपी केन, कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा और उपाध्यक्ष पीएम प्रभाकर ने दलित व पिछड़े वर्ग के उन सभी अभियंताओं के नाम गिनाएं जिनका उत्पीड़न करते हुए पदोन्नति बाधित करने, निलंबित किए जाने, वृहद दंड दिए जाने, लंबे समय से निलंबित रखने तथा पेंशन में कटौती किए जाने की कार्रवाइयां की गई है।

# दिल्ली में अचानक आई 'आंधी' का कहर, IGI एयरपोर्ट पर एयर इंडिया के 3 विमान क्षतिग्रस्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दिल्ली।** आईजीआई एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 पर शनिवार शाम को अचानक आई तेज हवाओं के कारण एक बड़ा हादसा हो गया। रनवे के पास खड़े ग्राउंड सपोर्ट इक्विपमेंट तेज हवाओं के कारण अपनी जगह से खिसक गए और वहां पार्क किए गए एअर इंडिया के तीन नैरोबॉडी विमानों से जा टकराए। इस टक्कर में तीनों विमानों को नुकसान पहुंचा है, जिसके बाद सुरक्षा के लिहाज से इन्हें तुरंत ऑपरेशन से बाहर कर दिया गया है। एअर इंडिया की ओर से इस हादसे को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है। एयरपोर्ट सूत्रों का कहना है कि इस अचानक आए मौसम के बदलाव के बारे में एयर ट्रैफिक कंट्रोल की ओर से पहले से कोई चेतावनी जारी नहीं की गई थी, जिसके कारण ग्राउंड स्टाफ को तैयारियों का मौका नहीं मिल सका। एयरपोर्ट सूत्रों का कहना है कि शनिवार शाम करीब 4:40 बजे अचानक मौसम खराब हुआ और बेहद तेज रफ्तार से हवाएं चलने लगीं। इस दौरान टर्मिनल-2 के पार्किंग स्टैंड पर मौजूद इंडिगो इंजीनियरिंग और एयर इंडिया इंजीनियरिंग के भारी-भरकम उपकरण, जिसमें एक सीढ़ी और एक ट्रेस्टल (लोहे का ढांचा) शामिल थे, हवा के भारी दबाव के कारण अनियंत्रित होकर लुढ़कने लगे। सूत्रों का कहना है कि उनके उपकरणों को नियमों के तहत लाक (सिक्योर) किया गया था, लेकिन हवा के झोंके इतने शक्तिशाली थे कि वे लाक तोड़कर आगे बढ़ गए और सीधे खड़े विमानों से टकरा गए। हादसे के बाद उड़ान नियामक संस्था डीजीसीए और सुरक्षा टीमों ने विमानों की जांच शुरू कर दी है। नुकसान की गंभीरता को देखते हुए मरम्मत के लिए अलग-अलग समय सीमा तय की गई है।

**तीन विमानों में से दो को मामूली नुकसान पहुंचा**




सूत्रों का कहना है कि प्रभावित तीन विमानों में से दो को मामूली नुकसान पहुंचा है। उनकी आवश्यक तकनीकी जांच और मरम्मत पूरी कर इसी सप्ताह दोबारा उड़ानों के लिए रवाना किया जा सकता है। वहीं तीसरे विमान का स्ट्रक्चरल डैमेज अधिक गहरा है, जिसके कारण उसे पूरी तरह ठीक होने और 'फिट टू फ्लाई' सर्टिफिकेट मिलने में कुछ दिनों का समय लग सकता है। गौरतलब है कि इसी वर्ष जनवरी में एयरपोर्ट पर ही एक और ऐसी ही गंभीर लापरवाही सामने आई थी। तब घने कोहरे के बीच रनवे पर टैक्सी कर रहे एयर इंडिया के विमान के इंजन ने रनवे पर लावारिस छूटे एक बड़े कार्गो कंटेनर (सामान के डिब्बे) को अंदर खींच लिया था, जिससे उसके महंगे इंजन को भारी नुकसान पहुंचा था। विमानन क्षेत्र के जानकारों का कहना है कि अगर एटीसी या मौसम विभाग की ओर से आंधी-तूफान का ''एडवांस वेदर वार्निंग'' जारी किया गया होता, तो ग्राउंड हैंडलिंग एजेंसियां अलर्ट पर रहतीं। ऐसे में सभी सीढ़ियों, ट्रालियों और कंटेनरों को अतिरिक्त चेन या ब्रेक के जरिए बांध दिया जाता, जिससे इस बड़े नुकसान को टाला जा सकता था। फिलहाल मामले की विस्तृत जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

## मलिहाबाद: चलती कार में लगी भीषण आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मलिहाबाद।** लखनऊ-हरदोई राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। मलिहाबाद क्षेत्र के मुजासा गांव के पास एक चलती फोर्ड इकोस्पोर्ट कार में अचानक आग लग गई। चालक की सूझबूझ और तत्परता के चलते उसकी जान बच गई, हालांकि कार का बड़ा हिस्सा जलकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फोर्ड इकोस्पोर्ट कार लखनऊ से हरदोई की ओर जा रही थी। इसी दौरान मुजासा गांव के पास चलते वाहन से अचानक धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। कार चला रहे अब्दुल बासित, निवासी रेलवेगंज, थाना कोतवाली नगर, जनपद हरदोई ने स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए तत्काल वाहन को सड़क किनारे रोका और बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार का अधिकांश हिस्सा जलकर खाक हो चुका था। आग लगने के कारण कुछ समय के लिए हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया, हालांकि पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखी। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और चालक पूरी तरह सुरक्षित है। मौके पर मौजूद लोगों ने भी चालक की सतर्कता की सराहना की, क्योंकि समय रहते वाहन से बाहर निकलने के कारण एक बड़ा हादसा टल गया। मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी के अनुसार प्रारंभिक जांच में वाहन में तकनीकी खराबी या शॉर्ट सर्किट के चलते आग लगने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है और आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## तुलसी जन्म जयंती समारोह को भव्य और विशाल बनाने के उद्देश्य मुख्यमंत्री से की गई मुलाकात

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में आज दिनांक 7 जून दिन रविवार को राजपुर क्षेत्र के तुलसी जन्मभूमि से संबंधित विरासत को संजोने और संवारने को लेकर, तुलसी जन्म जयंती समारोह को भव्य और विशाल बनाने के उद्देश्य से, राजापुर के अनिल देवरवा त्रिपाठी, लखनऊ के जितेंद्र कुमार तिवारी (महाप्रबंधक, एल सी इंफ्रा, अहमदाबाद), के साथ मुख्यमंत्री जी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री जी से यमुना रिवर फ्रंट के सरकारी या प्राइवेट क्षेत्र के माध्यम से त्वरित डेवलपमेंट के लिए आग्रह किया गया क्योंकि नदी के बढ़ते कटान की वजह से हर दिन दुर्घटना की स्थिति बढ़ती चली जा रही है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने इसको सिंचाई एवं अन्य विभागों से रिपोर्ट लेकर तत्काल निर्णय लेने का आश्वासन भी दिया। महाप्रबंधक, जितेंद्र कुमार तिवारी ने देश के अन्य विभिन्न हिस्सों में सफल रहे पीपीपी मॉडल से भी प्रोजेक्ट को कंप्लीट करने की अवधारणा और मंशा भी मुख्यमंत्री जी के सामने प्रस्तुत की। इस विकास के अंतर्गत समग्र विकास की चर्चा हुई जिसमें सड़कों का विकास, बिजली की व्यवस्था ताकि पर्यटन और पर्यटन से उत्पन्न होने वाली अर्थव्यवस्थाओं को व्यापक स्वरूप दिया जा सके और प्रदेश स्तर पर स्थापित हो चुके पर्यटन स्थल को राष्ट्रीय स्तर का पर्यटन स्थल बनाने के प्रयास के अनुमोदन की बात की। इन सारे विकास कार्यों के धरातल पर उतरते ही राजापुर की खुद की पर्यटन की अर्थव्यवस्था वृहद स्वरूप में उत्पन्न होगी जिससे हजारों हजार युवाओं को रोजगार के साधन उपलब्ध होंगे और राजापुर प्रदेश ही नहीं पूरे देश के मानचित्र पर अपनी एक अलग पहचान लेकर उभरेगा। अनिल देवरवा ने मुख्यमंत्री जी को तुलसी जन्म जयंती समारोह में भावपूर्ण निमंत्रण भी दिया। मुख्यमंत्री जी ने विकास, अर्थव्यवस्था और रोजगार के लिए किये जा रहे ऐसे प्रयास को लेकर अपनी प्रसन्नता जाहिर की।

## खेत में जबरन चकरोड निकालने का आरोप

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के पिलखा गांव निवासी एक किसान ने प्रधान पति पर खेत में जबरन चकरोड निकालने का प्रयास करने और विरोध करने पर धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव निवासी चंद्रप्रकाश बाजपेई के मुताबिक रविवार को प्रधान पति अनिल कुमार कुशवाहा लेखपाल और 10-15 मजदूरों के साथ उनके खेत पर पहुंचे। आरोप है कि वहां से जबरन चकरोड निकालने का प्रयास किया गया। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो विवाद की स्थिति बन गई। पीड़ित का आरोप है कि उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई और अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। चंद्र प्रकाश ने बताया कि उन्हें पहले कोई सूचना या नोटिस नहीं दी गई थी। इसके बावजूद खेत की पैमाइश शुरू कर दी गई। उनका कहना है कि उनके खेत से होकर कोई चकरोड नहीं निकलता है फिर भी जबरन रास्ता बनाने की कोशिश की जा रही है। वहीं प्रधान पति अनिल कुमार कुशवाहा ने आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि संबंधित भूमि पर पहले से चकरोड की बुनियाद मौजूद है और नियमानुसार कार्य कराया जा रहा था।

## दिग्विजय सिंह ने पीएम मोदी को लिखा पत्र, CBSE की 3-भाषा नीति पर तत्काल रोक की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर सीबीएसई द्वारा नौवीं कक्षा के छात्रों के लिए चालू शैक्षणिक सत्र के बीच में तीन-भाषा नीति को अनिवार्य रूप से लागू किए जाने पर चिंता जतायी और इसे फिलहाल स्थगित करने का आग्रह किया है। शिक्षा, महिला, बाल, युवा एवं खेल संबंधी संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने कहा कि पर्याप्त शिक्षकों, पाठ्यपुस्तकों और नयी व्यवस्था लागू किए जाने से पहले तैयारी के बिना सत्र के बीच में इस नीति को अचानक लागू करने से गंभीर अव्यवस्था पैदा हो सकती है। उन्होंने कहा कि स्थिति कुछ वैसी ही हो सकती है जैसी सीबीएसई की ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली को जल्दबाजी में लागू करने के दौरान उत्पन्न हुई। पीएम मोदी को लिखे पत्र में दिग्विजय सिंह ने कहा, 'मैं सीबीएसई की नौवीं कक्षा के छात्रों के लिए मौजूदा सत्र के बीच तीन-भाषा नीति को अनिवार्य रूप से लागू किए जाने का विरोध करने वाले चिंतित अभिभावकों के एक समूह का ज्ञापन आपको भेज रहा हूं।' दिग्विजय सिंह ने कहा कि उनके संज्ञान में यह भी लाया गया है कि दिसंबर 2025 में हुई बैठक में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के शासी निकाय ने पाठ्यक्रम समिति की उस सिफारिश को मंजूरी दी थी, जिसके अनुसार 'एनसीईआरटी द्वारा भाषाओं की स्तरीय (ग्रेडेड) पाठ्यपुस्तकें जारी होने तक स्कूल मौजूदा अध्ययन योजना, विशेषकर भाषा संबंधी व्यवस्था को जारी रखें। राज्यसभा सदस्य ने कहा कि अपनी ही शासी निकाय के निर्णय के बावजूद सीबीएसई ने 15 मई 2026 को एक परिपत्र जारी कर एक जुलाई 2026 से नौवीं कक्षा में तीसरी भाषा की पढ़ाई लागू करने का निर्देश दिया। दिग्विजय सिंह ने कहा, ''यह स्पष्ट नहीं है कि सीबीएसई ने अपने शासी निकाय के निर्णय को इतने स्पष्ट रूप से कैसे और क्यों पलट दिया और वह भी ऐसे तरीके से जो देशभर के हजारों स्कूलों की शैक्षणिक योजना को प्रभावित कर सकता है।''

## मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगी ग्रेजुएशन हेतु छात्रवृत्ति, परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न

**● सीतापुर के प्रतिभाशाली छात्रों के लिए बड़ी पहल, छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बिसवां (सीतापुर)।** नन्द किशोर कैलाश चन्द्र महाविद्यालय, टिकरा बिसवां में बी.एल. वर्मा मेमोरियल छात्रवृत्ति परीक्षा-2026 रविवार को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। जनपद सीतापुर के विभिन्न इंटर कॉलेजों से वर्ष 2026 में इंटरमीडिएट उत्तीर्ण 550 से अधिक छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में प्रतिभाग कर अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया। परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा नियंत्रक डॉ. राहुल वर्मा के नेतृत्व में संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं अनुशासन के साथ संपन्न हुई। परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों के बैठने, सुरक्षा, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई थी। परीक्षा के सफल संचालन हेतु अधीक्षक संतोष कुमार वर्मा तथा सहायक अधीक्षक बृंदारक नाथ मिश्र, मोहम्मद इदरीश, दिनेश प्रताप सिंह, सौरभ वैश्य, विनय दीक्षित, पुष्पेंद्र सिंह एवं डॉ. शिवांशु राठौर सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आए शिक्षकों ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। वहीं दर्जनों निरीक्षकों ने परीक्षा कक्षों में अनुशासन एवं निष्पक्षता बनाए रखने में सराहनीय भूमिका निभाई। परीक्षा सम्पन्न होने के उपरांत सभी परीक्षार्थियों को एकत्र कर कार्यक्रम का संचालन डॉ. चंद्रशेखर प्रजापति ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने छात्रवृत्ति योजना के महत्व पर प्रकाश डाला। बृंदारक नाथ मिश्र ने कहा कि यह योजना जनपद सीतापुर के आर्थिक रूप से कमजोर एवं अति पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है तथा उच्च शिक्षा प्राप्त करने का बेहतर अवसर प्रदान करती है। महाविद्यालय के संरक्षक डॉ. सुधाकर वर्मा ने बताया कि उन्होंने अपने पिता स्वर्गीय बृजमोहन लाल वर्मा की स्मृति में इस छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ किया था। उन्होंने कहा कि उनके पिता का मानना था कि शिक्षा तभी सार्थक है जब वह समाज और दूसरों के काम आए। इसी सोच को साकार करने के लिए यह योजना शुरू की गई, जिससे जनपद सीतापुर के मेधावी एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोड़ा जा सके। महाविद्यालय के प्रवक्ता दिनेश कुमार वर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए यह योजना अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है तथा आने वाले समय में इसका और विस्तार किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं लाभान्वित हो सकें। परीक्षा समन्वयक डॉ. राहुल वर्मा ने बताया कि छात्रवृत्ति परीक्षा का परिणाम 25 जून 2026 को घोषित किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों को जुलाई माह से छात्रवृत्ति की धनराशि उनके बैंक खातों में स्थानांतरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आर्थिक सहयोग प्रदान कर उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है। महाविद्यालय प्रशासन ने बताया कि बी.एल. वर्मा मेमोरियल छात्रवृत्ति योजना ग्रामीण एवं अर्धशहरी क्षेत्रों के उन विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध हो रही है, जो आर्थिक चुनौतियों के बावजूद उच्च शिक्षा प्राप्त करने का सपना देखते हैं। परीक्षा के सफल आयोजन पर महाविद्यालय परिवार ने सभी शिक्षकों, कर्मचारियों, सहयोगी संस्थानों, अभिभावकों एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया तथा सभी परीक्षार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ. सुधाकर वर्मा, डॉ. राहुल वर्मा, संतोष कुमार वर्मा, बृंदारक नाथ मिश्र, दिनेश कुमार वर्मा, मोहम्मद इदरीश, दिनेश प्रताप सिंह, सौरभ वैश्य, विनय दीक्षित, पुष्पेंद्र सिंह एवं डॉ. शिवांशु राठौर सहित महाविद्यालय परिवार के अनेक शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बिजली बिल में ईंधन अधिभार शुल्क पर पावर कारपोरेशन का जवाब नहीं, उपभोक्ताओं को राहत का इंतजार

**● पावर कारपोरेशन ने विद्युत नियामक आयोग को ईंधन अधिभार शुल्क पर जवाब नहीं दिया, जबकि बिजली कंपनियां उपभोक्ताओं से 10% शुल्क वसूल रही हैं।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** बिजली बिल के साथ उपभोक्ताओं से 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार शुल्क (फ्यूल सरचार्ज) वसूले जाने के मामले में एक सप्ताह बीत जाने पर भी पावर कारपोरेशन प्रबंधन ने अपना जवाब विद्युत नियामक आयोग में दाखिल नहीं किया है। इसके विपरीत बिजली कंपनियां इस समय जारी किए जा रहे बिल के साथ 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार शुल्क उपभोक्ताओं से वसूल रही हैं। माना जा रहा है कि नियामक आयोग अब सोमवार को इस मामले में कोई निर्णय ले सकता है।

राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने आयोग से मांग की है कि जब तक इस प्रकरण में कोई निर्णय नहीं आ जाता, तब तक के लिए 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार शुल्क की वसूली पर रोक लगाए। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि नियामक आयोग ने परिषद की याचिका पर सुनवाई करते हुए एक जून को ईंधन एवं विद्युत क्रय समायोजन अधिभार के मामले में पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक को सात दिनों में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया था। जवाब दाखिल करने के लिए आयोग द्वारा दिए गए सात दिन की अवधि रविवार को समाप्त हो गई, लेकिन कारपोरेशन ने आयोग में कोई जवाब दाखिल नहीं किया। समय सीमा समाप्त होने पर भी जवाब दाखिल नहीं किया जाना गंभीर सवाल खड़े करता है। आदेश नियामकीय प्रविधानों के विपरीत है तो उसके आधार पर की जा रही किसी भी प्रकार की वसूली विधिसम्मत नहीं मानी जा सकती।

उन्होंने कहा कि एक ओर स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं से वसूली गई अतिरिक्त धनराशि की वापसी नहीं की जा रही है, वहीं दूसरी तरफ 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार शुल्क वसूला जा रहा है।आयोग दोनों मामलों में प्रभावी हस्तक्षेप करते हुए उपभोक्ताओं को शीघ्र राहत दिलाए।

## दिल्ली में नशे में धुत स्कॉर्पियो चालक ने फुटपाथ पर सो रहे व्यक्ति को रौंदा, मौत

**दिल्ली।** मोती नगर थाना क्षेत्र स्थित राजौरी गार्डन चौक पर रविवार तड़के नशे में धुत स्कार्पियो कार चालक ने फुटपाथ पर सो रहे एक व्यक्ति को रौंद दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल और कार चालक को पास के आचार्य भिक्षु अस्पताल लेकर गई। जहां घायल व्यक्ति को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। मेडिकल जांच में आरोपित चालक के नशे में होने की पुष्टि हुई। पुलिस ने आरोपित कार चालक 27 वर्षीय हर्षित राज डोगरा पर प्राथमिकी कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। मामले की छानबीन जारी है। पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त ने बताया कि रविवार तड़के 3.50 बजे मोती नगर थाना पुलिस को राजौरी गार्डन चौक पर एक स्कार्पियो कार से एक व्यक्ति को कुचलने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि स्कार्पियो कार फुटपाथ पर सो रहे व्यक्ति को कुचला था, जो गंभीर रूप से घायल था। मौके पर ही पुलिस को कार चालक मिला, जो नशे में लग रहा था। पुलिस तुरंत दोनों को पास के अस्पताल में लेकर गई, जहां घायल व्यक्ति को पुलिस ने मृत घोषित कर दिया। वहीं चालक की मेडिकल जांच में उसके नशे में होने की पुष्टि हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## टीन शेड में उतरे करंट की चपेट में आकर युवक झुलसा




**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के जगतपुर भिचकौरा गांव में रविवार को टीन शेड में उतरे करंट की चपेट में आने से एक युवक झुलस गया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिवारीजनों ने उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। गांव निवासी रोहित (28) घर में लगे टीन शेड के पाइप को पकड़ रहा था। इसी दौरान टीन शेड में करंट उतर रहा था, जिससे वह पाइप से चिपक गया। युवक की चीख पुकार सुनकर घर के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने सावधानी बरतते हुए कपड़े की मदद से उसे पाइप से अलग किया। घटना के बाद युवक की हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने बताया कि युवक की हालत फिलहाल स्थिर है।

## डिजिटल टूल्स के उपयोग पर कार्यशाला 10 जून को

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (अरेडिका) रायबरेली में 10 जून को अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इसका आयोजन राजभाषा विभाग की ओर से किया जा रहा है। कार्यशाला मुख्य प्रशासनिक भवन के संगोष्ठी कक्ष में सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगी। इसका विषय कार्यक्षेत्रीय कार्यों में डिजिटल टूल्स के प्रभावी उपयोग रखा गया है। कार्यशाला में कार्यालयी कार्यों को सरल, प्रभावी और समयबद्ध बनाने के उपायों पर चर्चा होगी। डिजिटल तकनीकों और आधुनिक उपकरणों के उपयोग की जानकारी भी दी जाएगी। यांत्रिक विभाग के कार्य प्रबंधक उत्कर्ष ओझा मुख्य वक्ता होंगे। वह प्रतिभागियों को विभिन्न डिजिटल टूल्स और उनके व्यावहारिक उपयोग के बारे में बताएंगे।

राजभाषा अधिकारी राकेश रंजन ने सभी विभागाध्यक्षों से अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्यशाला में नामित करने का अनुरोध किया है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आवश्यक निर्देश भी जारी किए गए हैं।

**अरेडिका में नि:शुल्क क्रिकेट कैंप जारी**

लालगंज (रायबरेली)। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (अरेडिका) रायबरेली के खेलकूद संघ की ओर से 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए निशुल्क क्रिकेट कैंप आयोजित किया जा रहा है। कैंप का आयोजन 5 जून से 30 जून तक एमसीएफ क्रिकेट स्टेडियम में किया जा रहा है। इसमें अरेडिका के बच्चों को क्रिकेट की बारीकियां सिखाई जा रही हैं।


प्रतिदिन शाम 5 बजे से 7 बजे तक चलने वाले कैंप में बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बच्चों को खेल के तकनीकी और व्यावहारिक पहलुओं की भी जानकारी दी जा रही है। आयोजकों के अनुसार कैंप का उद्देश्य बच्चों की खेल प्रतिभा को निखारना और उनमें टीम भावना व अनुशासन विकसित करना है। खेलकूद संघ ने अधिक से अधिक बच्चों से कैंप का लाभ उठाने की अपील की है।

## सीतापुर में दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत, दो युवकों की मौत

**सीतापुर।** नैमिषारण्य के अटवा-बीबीपुर मार्ग पर शनिवार रात दो बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां दो की मौत हो गई एक की हालत गंभीर है। दोनों बाइक सवार हेलमेट नहीं लगाए थे। बकेनिया के विशाल पुत्र महेंद्र बाइक पर सवार होकर रात नौ बजे मिश्रिख से गांव लौट रहे थे, तभी सामने से आ रही बाइक से उनकी टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर औरंगाबाद के नौहसहरा निवासी गोविंद पुत्र सरजू व मिथुन सवार थे। हादसे में तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नैमिषारण्य पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां गोविंद व विशाल की उपचार के दौरान मौत हो गई। मिथुन को ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है।

## नहीं रहे साहित्य भूषण रमाकांत पांडेय 'अकेले', 95 साल की उम्र में हुआ निधन; साहित्य जगत में शोक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सीतापुर।** साहित्य भूषण रमाकांत पांडेय 'अकेले' ने शनिवार की रात 95 वर्ष की आयु में अपने ब्रह्मावली गांव स्थित आवास में अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना से साहित्य प्रेमियों, समाजसेवियों, राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर दौड़ गई। जिसको भी सूचना मिली, उनके अंतिम दर्शन को पहुंचा। अंतिम यात्रा में विधायक शशांक त्रिवेदी, देवशंकर मिश्र, कवि राजकुमार तिवारी, हिंदी सभा अध्यक्ष आशीष मिश्र, मनीष बाजपेयी, मुन्ना मिश्र आदि शामिल हुए। उनको मुखाग्नि पौत्र राजू पांडेय ने दी। जूनियर हाईस्कूल में संस्कृत शिक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुए रमाकांत पांडेय अकेले का हिंदी साहित्य में काफी योगदान रहा।

**'हिंदी गौरव सम्मान' से किया गया था सम्मानित**

उन्होंने लगभग 70 से अधिक ऐतिहासिक, पौराणिक एवं सामाजिक उपन्यासों की रचना की, जिनमें 'सिद्धपीठ सिलहट', 'बावला', 'साहित्य संयुक्त', 'मितौलगढ़', 'कर्ण-सुवर्ण', 'प्रायश्चित', 'शब्दभेदी सम्राट', 'प्रभादित्य', 'पांचाली', 'फेरों के फेर', 'सिलहट मैया' तथा 'करजोरी' जैसी चर्चित कृतियां विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। उनकी रचनाएं हिंदी साहित्य को नई दिशा नई चेतना और ऐतिहासिक दृष्टि प्रदान करती हैं। 74 ऐतिहासिक एवं पौराणिक उपन्यासों की रचना की, 14 पांडुलिपियां अभी भी अप्रकाशित हैं। उनकी उत्कृष्ट साहित्यिक सेवाओं के सम्मान में सपा सरकार में उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान ने 14 सितंबर 2016 को उन्हें 'साहित्य भूषण पुरस्कार' से सम्मानित किया गया था। इसके अतिरिक्त हिंदी सभा सीतापुर की ओर से उन्हें 'हिंदी गौरव सम्मान' प्रदान कर उनके यशस्वी साहित्यिक जीवन का अभिनंदन किया गया था।

# डेमोग्राफी बदलाव भारत की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा



जनसांख्यिकीय बदलाव के कारणों के अध्ययन, अवैध प्रवासन की जांच और समाधान हेतु भारत सरकार ने हाल ही में जस्टिस प्रकाश प्रभाकर नावलेकर की अध्यक्षता में एक हाई-लेवल कमेटी का गठन किया है। यह समिति राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक संतुलन पर पड़ने वाले प्रभावों का आकलन कर रही है। इसके अतिरिक्त, डेमोग्राफिक डिविडेंड (जनसांख्यिकीय लाभांश) का लाभ उठाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए मुख्य कदम निम्नलिखित हैं. डीसीयुवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए स्किल इंडिया मिशन और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना चलाई जा रही है।रोजगार और उद्यमिता और मुद्रा योजना के माध्यम से स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जा रहा है।शिक्षा : नई शिक्षा नीति 2020 के तहत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जा रही है।

आपको बता दें डेमोग्राफिक चेंज पर केंद्र सरकार ने हाई लेवल कमेटी का गठन किया है।

बता दें कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में डेमोग्राफिक चेंज और घुसपैठ बड़ा मुद्दा था। इस मुद्दे को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तत्कालीन ममता बनर्जी सरकार का घेराव किया था। इसी आधार पर भाजपा ने विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को मात दी और पूर्व बहुमत से सत्ता हासिल की। ऐसे में अब केंद्र सरकार द्वारा डेमोग्राफिक चेंज पर हाई लेवल कमेटी गठित करना अहम माना जा रहा है।

डेमोग्राफिक चेंज पर केंद्र सरकार ने हाई लेवल कमेटी का गठन किया है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार (26 मई 2026) को इसकी घोषणा की. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि घुसपैठ और अन्य कारणों से किसी भी राष्ट्र के वर्तमान व भविष्य के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है. इसी चुनौती से निपटने के लिए 15 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डेमोग्राफिक चेंज पर 'हाई लेवल कमेटी' बनाने की घोषणा की थी. गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, 'मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सरकार ने इस कमेटी का गठन कर लिया है. जस्टिस प्रकाश प्रभाकर नावलेकर (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता में बनी इस कमेटी में जनगणना आयुक्त के साथ दुर्गा शंकर मिश्रा (रिटायर्ड आईएएस), बालाजी श्रीवास्तव (रिटायर्ड आईपीएस) और डॉ. शमिका रवि समिति के सदस्य होंगे. संयुक्त सचिव (फॉरेनर्स-I), गृह मंत्रालय, इस समिति के सदस्य सचिव होंगे।'

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में डेमोग्राफिक चेंज और घुसपैठ बड़ा मुद्दा था. इस मुद्दे को लेकर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने तत्कालीन ममता बनर्जी सरकार का घेराव किया था. इसी आधार पर बीजेपी ने विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को मात दी और पूर्ण बहुमत से सत्ता हासिल की. ऐसे में अब केंद्र सरकार द्वारा डेमोग्राफिक चेंज पर हाई लेवल कमेटी गठित करना अहम माना जा रहा है। आपको याद हो कि पीएम मोदी ने 15 अगस्त 2025 कहा था कि भारत अवैध घुसपैठ से निपटने के लिए जनसांख्यिकीय मिशन शुरू करेगा. उन्होंने लोगों को अवैध घुसपैठ के माध्यम से देश की जनसांख्यिकी को बदलने की सोची-समझी साजिश के बारे में चेतावनी दी और कहा कि कोई भी राष्ट्र घुसपैठियों को बर्दाश्त नहीं कर सकता, क्योंकि उन्होंने इस समस्या से निपटने के लिए एक उच्च स्तरीय जनसांख्यिकीय मिशन की घोषणा की.उनहोने कहा था आज देश के सामने एक चिंता, एक चुनौती के संबंध में आगाह करना चाहता हूं. षड्यंत्र के तहत, सोची समझी साजिश के तहत देश की डेमोग्राफी को बदला जा रहा है. एक नए संकट के बीच बोए जा रहे हैं और यह घुसपैठिए, मेरे देश के नौजवानों के रोजी-रोटी छीन रहे हैं. यह घुसपैठिए मेरे देश की बहन बेटियों को निशाना बना रहे हैं, यह बर्दाश्त नहीं होगा। यह घुसपैठिए भोले भाले आदिवासियों को भ्रमित करके उनकी जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं. यह देश सहन नहीं करेगा और इसलिए मेरे प्यारे देशवासियों जब डेमोग्राफी परिवर्तन होता है, सीमावर्ती क्षेत्रों में डेमोग्राफी में परिवर्तन होता है, तब राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए संकट पैदा होता है. देश की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए यह संकट पैदा करता है। सामाजिक तनाव के बीज बो देता है और कोई देश अपना देश घुसपैठियों के हवाले नहीं कर सकता है. दुनिया का कोई देश नहीं कर सकता है, तो हम भारत को कैसे कर सकते हैं हमारे पूर्वजों ने त्याग और बलिदान से आजादी पाई है। हमें स्वतंत्र भारत दिया है, उन महापुरुषों के प्रति हमारा कर्तव्य हैं कि हम हमारे देश में ऐसी हरकतों को स्वीकार न करें, उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी और इसलिए मैं आज लाल किले को प्राचीर से कहना चाहता हूं। हमने एक हाई पावर डेमोग्राफी मिशन शुरू करने का निर्णय किया है. यह मिशन, इस मिशन के द्वारा यह जो भीषण संकट नजर आ रहा है, भारत पर मंडरा रहा है यह जो संकट है, उसको निपटाने के लिए तय समय में सुविचारित निश्चित रूप से अपने कार्य को करेगा, उस दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं।

भारत में धर्म के अनुसार जनसंख्या का प्रतिशत लगातार हिन्दू आबादी के गिरावट होने का संकेत देता है 1951, 2011, 2001
1991 1981 1971
1961 ह1951
**हिंदू**- 4.30% 79.80%
80.50% 81.50% 82.30%
82.70% 83.50% 84.10%
**मुस्लिम** 4.40% 14.20%
13.40% 12.60% 11.80%
11.20% 10.70% 9.80%।

1951 से 2011 तक की जनगणना में जो सभी धर्मो की जनसंख्या वृद्धि में असमानता दिखती है, उसका प्रमुख कारण घुसपैठ है. इस देश में 1951, 1971, 1991 और 2011 में जनगणना हुई, जिनमें शुरू से ही धर्म पूछने की परंपरा रही है. 1951 की जनगणना में हिंदू आबादी 84 प्रतिशत थी, जबकि मुस्लिम आबादी 9.8 प्रतिशत थी. 1971 में हिंदू आबादी 82 प्रतिशत और मुस्लिम आबादी 11 प्रतिशत हो गई. 1991 में हिंदू आबादी 81 प्रतिशत और मुस्लिम आबादी 12.2 प्रतिशत हो गई।

वहीं, 2011 में हिंदू आबादी 79 प्रतिशत और मुस्लिम आबादी 14.2 प्रतिशत हो गई. मुस्लिम आबादी में 24.6 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है, जबकि हिंदू आबादी में 4.5 प्रतिशत की कमी आई है. मोदी सरकार की घुसपैठ विरोधी 3डी नीति- पहचान करना मतदाता सूची से हटवाना, उन्हें वापस भेजना है। सबसे गौरतलब बात है कि भारत में मुस्लिम समुदाय की आबादी हिंदू आबादी की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ रही है. साल 2010 में 14.4% से बढ़कर 2050 में 18.4% होने का अनुमान है।

बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने कहा था कि झारखंड की आदिवासी आबादी में गिरावट के पीछे बांग्लादेशी घुसपैठ का हाथ है. उन्होंने मांग की थी कि राज्य के कुछ हिस्सों के साथ-साथ पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद और मालदा जिलों और बिहार के किशनगंज और कटिहार को केंद्र शासित प्रदेश घोषित किया जाए ताकि क्षेत्र में 'बांग्लादेश से अवैध प्रवासियों' की बढ़ती संख्या से उत्पन्न चुनौती से निपटा जा सके, जिसके कारण, उनके अनुसार, आदिवासी आबादी में काफी कमी आई है। उन्होंने ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाया और कहा कि झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र में आदिवासियों की आबादी बांग्लादेशी घुसपैठियों की बढ़ती संख्या के कारण घट रही है. उन्होंने कहा कि संथाल परगना क्षेत्र में आदिवासी आबादी 2000 में 36% थी, जो अब घटकर 26% रह गई है. उन्होंने पूछा, 'ये आदिवासी कहां चले गए?' 2014 से, भारत की सीमाओं पर घुसपैठ के 8,500 से अधिक प्रयासों का पता चला है, जबकि 20,000 से अधिक घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया है।

भारत में जनसांख्यिकीय बदलाव को लेकर सुरक्षा, अर्थशास्त्र और नीति निर्माण के स्तर पर अलग-अलग दृष्टिकोण हैं। केंद्र सरकार और सुरक्षा विश्लेषकों का एक वर्ग इसे राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक संतुलन के लिए गंभीर चुनौती मानता है, जबकि अर्थशास्त्री और जनसांख्यिकी विशेषज्ञ इसे गिरती प्रजनन दर और बुजुर्ग होती आबादी से जुड़ी आर्थिक चुनौती के रूप में देखते हैं।इस विषय को मुख्य रूप से अलग-अलग दृष्टिकोणों के माध्यम से समझा जा सकता है: सुरक्षा और सामाजिक संतुलन का दृष्टिकोण इस दृष्टिकोण के तहत, देश के कुछ विशिष्ट क्षेत्रों, विशेषकर सीमावर्ती इलाकों में हो रहे 'अस्वाभाविक जनसांख्यिकीय बदलाव' को एक बड़ा खतरा माना जाता है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार, अवैध घुसपैठ और अनियमित प्रवासन के कारण सीमावर्ती राज्यों (जैसे असम, पश्चिम बंगाल, और बिहार) की जनसंख्या बनावट में असामान्य बदलाव आए हैं, जो कानून-व्यवस्था और संप्रभुता के लिए चिंता का विषय हैं।सरकार को गंभीरता से सख्त कदम उठाने चाहिए।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# रील की लत से बीमार होता युवा




**संपादक/लेखकः राजीव शुक्ला**

सोशल मीडिया पर रील का बुखार दिन रात बढ़ता जा रहा है ऐसे में वो युवा वर्ग जिसने रील को ही अपना कैरियर मान लिया है बीमार होता जा रहा, 15 सेकंड की रील के कारण अनगिनत बीमारी का शिकार होता जा रहा है। इस पर शीघ्र ही प्रभावी कदम उठाने होंगे नहीं तो स्थिति आगे चलकर बहुत बिगड़ सकती है। पहले हम खाना खाते वक्त बात करते थे। अब खाना ठंडा हो जाता है, लेकिन रील नहीं रुकती। 15 सेकंड की वीडियो ने युवा दिमाग को ऐसे पकड़ा है कि घंटों निकल जाते हैं और पता भी नहीं चलता। रील्स डोपामिन का शॉर्टकट हैं। हर नई वीडियो पर दिमाग को छोटा सा 'रिवॉर्ड' मिलता है। असल जिंदगी की मेहनत वाले काम - पढ़ाई, प्रोजेक्ट, रिश्ते - में रिजल्ट देर से मिलता है। दिमाग आसान वाला रास्ता चुन लेता है। ध्यान का बिखराव- 2 मिनट से ज्यादा एक काम पर टिकना मुश्किल लगने लगता है। नींद का बिगड़ना रात 2 बजे तक स्क्रॉल करना और सुबह उठ न पाना आम हो गया है

तुलना का जहर- दूसरों की हाईलाइट रील देखकर अपनी जिंदगी फीकी लगने लगती है। लक्षण जो दिखने लगे हैं- यह सिर्फ 'टाइम वेस्ट' नहीं रहा। अब ये मानसिक सेहत पर दिखने लगा है। बिना वजह चिड़चिड़ापन और बेचैनी जब फोन पास न हो- अकेले बैठे रहना, दोस्तों से मिलने का मन न करना

- पढ़ाई या काम में रुचि कम होना, प्रोक्रास्टिनेशन बढ़ना, आत्मविश्वास में गिरावट क्योंकि हर कोई 'परफेक्ट' लग रहा है। कई युवा खुद कहते हैं - 'पता है नुकसान हो रहा है, पर छोड़ नहीं पाता '। यही लत की निशानी है। अगर तुमने एक बार सैड वीडियो देखी, तो अगले 20 वीडियो उसी मूड की होंगी। तुम्हारा कंट्रोल कम, प्लेटफॉर्म का कंट्रोल ज्यादा।

दूसरा कारण है खालीपन। असली उपलब्धि, मेहनत, बातचीत में टाइम लगता है। रील्स तुरंत एंटरटेनमेंट देती हैं। खाली दिमाग सबसे पहले वहीं जाता है।

इससे निकलने का रास्ता बहुत ही आसान है लेकिन लोग प्रयास ही नहीं करते। पूरी तरह छोड़ना जरूरी नहीं, पर कंट्रोल वापस लेना जरूरी है। स्क्रीन टाइम को देखो- फोन में ही पता चल जाता है कितना वक्त जा रहा है। नंबर देखकर झटका लगता है। रील के लिए टाइम फिक्स करो- दिन में 20 मिनट, बस। बाकी टाइम ऐप लॉक कर दो। रिप्लेसमेंट ढूंढो- जो खालीपन रील भरती है, उसे किताब, जिम, दोस्ती, कोई स्किल से भरो। खाली मत छोड़ो।

नोटिफिकेशन बंद करो- हर नॉटिफिकेशन दिमाग को खींचता है। हिम्मत करके बंद कर दो। हाथ से फोन दूर रखो सोने से 1 घंटा पहले और उठने के 1 घंटे बाद फोन मत छुओ। इसके लिए अपने आप से ही सवाल करना होगा। रील देखकर तुम्हें क्या मिल रहा है? 1 घंटे बाद कैसा महसूस होता है - रिलैक्स या खालीपन। अगर जवाब 'खालीपन' है, तो समझो ये एंटरटेनमेंट नहीं, एस्केप है। दिमाग एक मसल है। अगर तुम उसे सिर्फ 15 सेकंड के शॉट्स खिलाओगे, तो वो लंबी रेस नहीं दौड़ेगा। कॉलेज, करियर, रिश्ते - सब लंबी रेस हैं।

रील बुरा नहीं है। बुरा है जब रील तुम्हारी जिंदगी चला रही हो। कंट्रोल वापस लो, वरना 5 साल बाद पछतावा ज्यादा और समय कम बचेगा। तुम्हारे हिसाब से रील्स पर सबसे ज्यादा टाइम कहां चला जाता है - एंटरटेनमेंट, इंफो, या बस स्क्रॉल करने की आदत में। आज के दौर में सोशलमीडिया पर मानसिक स्वास्थ्यक्षको लेकर चर्चा शुरू हो चुकी है। मनोवैज्ञानिक बातों को रील के जरिये 30 सेकंड के

वायरल कंटेंट में बदल दिया गया है। विशेषज्ञों के अनुसार, इसका नतीजा यह हो रहा है कि युवा पीढ़ी थेरेपी स्पीक में घिरती चली जा रही है, लेकिन असली खतरनाक है 30 सेकंड की रील थेरेपी

विशेषज्ञों के अनुसार, सोशल मीडिया पर 30 सेकंड की रील देखने या इंस्टाग्राम पोस्ट को कोट करने से किसी व्यक्ति की मानसिक परेशानी या अंदर की भावनात्मक उलझन ठीक नहीं हो जाती। रील ने गंभीर मनोवैज्ञानिक बातों को एक बिकने वाली चीज बना दिया है। भावनात्मक समझ के मामले में वे

कमजोर होते जा रहे हैं। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन ने 1,055 जेन-जी पर एक सर्वे किया

गया। इसमें हर चार में से एक युवा ने माना कि एक महीने में उनके अच्छे दिनों के मुकाबले बुरे दिन ज्यादा होते। हैं। काम करने वाले लगभग 40 फीसदी

युवा यह स्वीकार करते हैं कि उन्हें हर हफ्ते कई बार गंभीर चिंता या डिप्रेशन के लक्षण महसूस होते हैं। पिछली पीढ़ियों के मुकाबले आज के युवाओं में

तनाव या अवसाद की बात खुलकर स्वीकार करने और मदद मांगने की। संभावना सबसे ज्यादा देखी गई है।

# कोकरोच जनता पार्टी- एक नाम नहीं, एक पीढ़ी का सवाल

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में अनेक ऐसे क्षण आए हैं जब व्यवस्था के हाशिए पर खड़े लोगों की आवाज़ ने अचानक राष्ट्रीय विमर्श का रूप ले लिया। कभी यह आवाज़ किसान आंदोलनों के रूप में सामने आई, कभी भ्रष्टाचार विरोधी अभियानों के रूप में और कभी युवाओं की आकांक्षाओं के रूप में। जंतर-मंतर पर दिखाई दिया कोकरोच जनता पार्टी का आंदोलन भी उसी परंपरा की एक नई कड़ी प्रतीत होता है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसका जन्म किसी पारंपरिक राजनीतिक संगठन से नहीं, बल्कि व्यंग्य, सोशल मीडिया और युवाओं की निराशा से हुआ। यही कारण है कि इसे केवल एक राजनीतिक घटना के रूप में नहीं, बल्कि समकालीन भारत की सामाजिक मनोदशा के प्रतिबिंब के रूप में देखा जाना चाहिए।

कुछ समय पहले तक 'कोकरोच जनता पार्टी' नाम को अधिकांश लोग एक इंटरनेट व्यंग्य के रूप में देखते थे। किंतु इतिहास बताता है कि कई बार व्यंग्य ही सबसे गंभीर राजनीतिक प्रश्नों को जन्म देता है। व्यंग्य व्यवस्था की उन कमजोरियों को उजागर करता है जिन्हें सामान्य राजनीतिक भाषा अक्सर छिपा देती है। कोकरोच का प्रतीक भी इसी कारण महत्वपूर्ण है। यह उस जीव का प्रतीक है जो प्रतिकूल परिस्थितियों में भी जीवित रहता है। आंदोलन से जुड़े युवाओं ने इसे उस भारतीय नागरिक का रूपक बनाया जो लगातार चुनौतियों, अनिश्चितताओं और निराशाओं के बावजूद अपने भविष्य के लिए संघर्ष करता रहता है।

जंतर-मंतर पर हुए हालिया प्रदर्शन ने यह स्पष्ट कर दिया कि यह आंदोलन केवल सोशल मीडिया तक सीमित नहीं रहा। विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय समाचार संस्थानों ने रिपोर्ट किया कि बड़ी संख्या में छात्र, प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थी और युवा प्रदर्शन में शामिल हुए। उनकी मांगों का केंद्र शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता, भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, परीक्षा प्रबंधन की जवाबदेही और युवाओं के भविष्य से जुड़े प्रश्न थे। प्रदर्शन के दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई। यह मांग केवल किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध नहीं थी, बल्कि उस व्यापक भावना का प्रतीक थी जिसके अनुसार किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में जवाबदेही शीर्ष स्तर तक दिखाई देनी चाहिए। इस आंदोलन को समझने के लिए भारत के वर्तमान सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य को समझना आवश्यक है। भारत विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी वाले देशों में शामिल है। हर वर्ष करोड़ों विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेते हैं। उनके लिए यह परीक्षाएँ केवल नौकरी प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक सम्मान, आर्थिक सुरक्षा और पारिवारिक उम्मीदों का केंद्र होती हैं। अनेक परिवार अपनी सीमित आय का बड़ा हिस्सा बच्चों की शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर खर्च करते हैं। ऐसे में जब परीक्षा प्रक्रियाओं पर प्रश्न उठते हैं, पेपर लीक की घटनाएँ चर्चा में आती हैं या भर्ती प्रक्रियाएँ वर्षों तक लंबित रहती हैं, तब उसका प्रभाव केवल प्रशासनिक नहीं बल्कि सामाजिक और मनोवैज्ञानिक भी होता है।

युवाओं के बीच बढ़ते असंतोष की जड़ें केवल एक परीक्षा या एक विवाद तक सीमित नहीं हैं। पिछले कुछ वर्षों में रोजगार, भर्ती प्रक्रियाओं की गति, प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता और अवसरों की समानता को लेकर व्यापक बहस होती रही है। एक ओर देश तकनीकी विकास, डिजिटल क्रांति और आर्थिक प्रगति की बात करता है, दूसरी ओर लाखों युवा अपने भविष्य को लेकर अनिश्चितता का अनुभव करते हैं। यही विरोधाभास इस आंदोलन की ऊर्जा का स्रोत बनता दिखाई देता है।

कोकरोच जनता पार्टी का सबसे महत्वपूर्ण योगदान यह है कि उसने युवाओं की इस बेचैनी को एक प्रतीकात्मक भाषा दी। पारंपरिक राजनीतिक दल अक्सर युवाओं की समस्याओं को चुनावी वादों तक सीमित कर देते हैं, किंतु यह आंदोलन प्रश्नों को केंद्र में रखता है। यह पूछता है कि यदि शिक्षा व्यवस्था पर विश्वास कमजोर पड़ रहा है तो उसे पुनर्स्थापित करने की जिम्मेदारी किसकी है। यदि भर्ती प्रक्रियाओं में देरी होती है तो उसकी जवाबदेही कौन तय करेगा। यदि लाखों युवा वर्षों तक तैयारी करते हैं, तो उनके समय और श्रम का मूल्यांकन कैसे होगा। ये प्रश्न किसी दल विशेष के नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था की गुणवत्ता से जुड़े प्रश्न हैं। इस आंदोलन का एक मनोवैज्ञानिक आयाम भी है। आधुनिक युवा केवल नौकरी नहीं चाहता, वह निष्पक्ष अवसर चाहता है। वह केवल चयन नहीं चाहता, बल्कि यह भरोसा भी चाहता है कि चयन प्रक्रिया पारदर्शी और न्यायपूर्ण है। यदि यह भरोसा कमजोर पड़ता है, तो सामाजिक निराशा बढ़ती है। यही कारण है कि जंतर-मंतर पर दिखाई दिया विरोध केवल प्रशासनिक निर्णयों के विरुद्ध नहीं था, बल्कि उस अविश्वास के विरुद्ध भी था जो धीरे-धीरे संस्थाओं के प्रति विकसित हो सकता है।

लोकतंत्र की दृष्टि से देखें तो ऐसे आंदोलन व्यवस्था के लिए चेतावनी नहीं बल्कि अवसर होते हैं। वे बताते हैं कि समाज के किस हिस्से में असंतोष जमा हो रहा है और किन क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है। यदि कोई सरकार या प्रशासन इन संकेतों को समय रहते समझ ले, तो कई समस्याओं का समाधान संवाद और सुधार के माध्यम से किया जा सकता है। जंतर-मंतर का प्रदर्शन इसी प्रकार का लोकतांत्रिक संकेत था। यह आक्रोश का प्रदर्शन अवश्य था, किंतु उससे अधिक यह जवाबदेही की मांग थी।

राजनीतिक विश्लेषण के स्तर पर यह आंदोलन एक और महत्वपूर्ण संकेत देता है। भारतीय राजनीति लंबे समय तक पहचान आधारित मुद्दों के इर्द-गिर्द घूमती रही है, किंतु नई पीढ़ी के लिए शिक्षा, रोजगार, कौशल, अवसरों की समानता और संस्थागत दक्षता जैसे विषय तेजी से केंद्रीय मुद्दे बनते जा रहे हैं। यदि यह प्रवृत्ति आगे बढ़ती है, तो आने वाले वर्षों में राजनीति की प्राथमिकताएँ भी बदल सकती हैं। तब चुनावी विमर्श केवल भावनात्मक मुद्दों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि प्रशासनिक प्रदर्शन और संस्थागत विश्वसनीयता भी महत्वपूर्ण कारक बनेंगे। इस आंदोलन की सबसे बड़ी उपलब्धि शायद यही है कि इसने राष्ट्रीय चर्चा का केंद्र बदलने का प्रयास किया है। इसने यह संदेश दिया है कि युवा केवल दर्शक नहीं रहना चाहते। वे अपने भविष्य से जुड़े प्रश्नों पर सक्रिय भागीदारी चाहते हैं। वे चाहते हैं कि शिक्षा व्यवस्था पर विश्वास कायम रहे, भर्ती प्रक्रियाएँ समयबद्ध और पारदर्शी हों तथा अवसरों का वितरण निष्पक्ष हो। ये मांगें किसी विशेष विचारधारा की नहीं, बल्कि एक स्वस्थ लोकतंत्र की बुनियादी अपेक्षाएँ हैं।

**अंततः** कोकरोच जनता पार्टी की कहानी व्यंग्य से आंदोलन तक पहुँचने की कहानी भर नहीं है। यह उस पीढ़ी की कहानी है जो अपनी मेहनत, अपने सपनों और अपने भविष्य के लिए जवाब मांग रही है। यह उस लोकतांत्रिक ऊर्जा की कहानी है जो सोशल मीडिया के एक प्रतीक से निकलकर सड़कों तक पहुँच गई। इसे केवल विरोध के रूप में नहीं, बल्कि एक सामाजिक संकेत के रूप में पढ़ा जाना चाहिए। यदि व्यवस्था इस संकेत को समझती है, तो यह आंदोलन केवल एक दिन की खबर नहीं रहेगा, बल्कि उन सुधारों की शुरुआत का आधार बन सकता है जिनकी मांग आज लाखों युवा कर रहे हैं। लोकतंत्र की शक्ति इसी में है कि वह ऐसी आवाज़ों को सुन सके, उनसे संवाद कर सके और उन्हें परिवर्तन की प्रक्रिया का हिस्सा बना सके।

**अवनीश कुमार गुप्ता**

# 27 साल पुरानी फिल्म का सीक्वल लाने की तैयारी में सुभाष घई, यंग एक्टर्स को करेंगे कास्ट?



**नई दिल्ली।** इतने सालों बाद भी ऐश्वर्या राय और अक्षय खन्ना की फिल्म ताल कल्ट फिल्मों में गिनी जाती है। सुभाष घई इस फिल्म के निर्देशक थे और सिने प्रेमियों के दिल में इसके लिए खास जगह है।

अब,घई इस लोकप्रिय रोमांटिक फिल्म का सीक्वल बनाने के बारे में सोच रहे हैं। सोशल मीडिया पर अपनी लेटेस्ट पोस्ट में उन्होंने फैंस को इसका हिंट दिया और उनसे एक सवाल भी पूछा। सुभाष घई ने लोगों से सवाल पूछा कि क्या उन्हें ताल 2 (ञ्झ्ड्डद्य 2) एक नई कास्ट के साथ बनानी चाहिए या फिर वो पुरानी कास्ट को ही देखना पसंद करेंगे?

अनिल कपूर ने इंस्टाग्राम पर किया पोस्ट

अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में, फिल्म निर्माता ने यह भी बताया कि उन्हें ताल के लिए अब तक की सबसे बड़ी तारीफ क्या मिली थी। उन्होंने बताया कि शिकागो में फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान, एक मशहूर हॉलीवुड समीक्षक ने इसे शुद्ध मनोरंजन और मासूमियत कहा था।

# दैनिक राशिफल




**मेष** आज कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आत्मविश्वास बढ़ेगा और रुके हुए कार्य पूरे होंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत हैं। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**वृषभ** धैर्य और समझदारी से काम लेने का दिन है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। धन संबंधी मामलों में सावधानी रखें। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**मिथुन** करियर में प्रगति के अवसर प्राप्त होंगे। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है। यात्रा के योग बन रहे हैं। दांपत्य जीवन में मधुरता रहेगी।

**कर्क** भावनाओं पर नियंत्रण रखें। कार्यस्थल पर मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। व्यापारियों को लाभ मिलने के संकेत हैं। किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति से संपर्क लाभदायक रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**कन्या** नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। नौकरी में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। विद्यार्थियों के लिए दिन शुभ है।

**तुला** भाग्य का साथ मिलेगा। लंबे समय से रुका हुआ कार्य पूरा हो सकता है। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। निवेश सोच-समझकर करें।

**वृश्चिक** कार्यस्थल पर चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन सफलता मिलेगी। धन लाभ के योग हैं। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें।

**धनु** नई संभावनाएं सामने आएंगी। नौकरी और व्यवसाय में उन्नति के संकेत हैं। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। यात्रा लाभदायक हो सकती है।

**मकर** मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। किसी शुभ समाचार की प्राप्ति हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।


**कुंभ** रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। करियर में नई उपलब्धियां हासिल हो सकती हैं। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**मीन** आज का दिन सकारात्मक रहेगा। नौकरी और व्यवसाय में लाभ के योग हैं। पारिवारिक संबंध मजबूत होंगे। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

# क्या पुतिन ने एक वाक्य में बदलती दुनिया का सच कह दिया?

**[ रिश्तों की असली मुद्रा भरोसा होती है, रूस ने वही निवेश किया ]**

**[ रूस की आँखों में भारतः भरोसा, संतुलन और आने वाला भविष्य ]**



इतिहास के कठिन दौर ही रिश्तों की असली परीक्षा लेते हैं। ऐसे समय में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का भारत को 'दुनिया के सबसे भरोसेमंद साझेदारों में से एक' बताना महज़ कूटनीतिक वाक्य नहीं है। 4 जून 2026 को सेंट पीटर्सबर्ग में दिया गया उनका बयान ऐसे समय आया, जब यूक्रेन युद्ध के बाद दुनिया नए राजनीतिक खाँचों में बँटती दिख रही है। प्रतिबंधों से घिरा रूस अपने विश्वसनीय मित्रों को पहचान रहा है और भारत अपनी स्वतंत्र विदेश नीति से अलग सम्मान पा रहा है। पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए भारत पर पश्चिमी दबाव को 'निष्फल और प्रतिकूल' बताया। यह केवल मित्रता की प्रशंसा नहीं, बल्कि बदलती विश्व व्यवस्था में भारत के बढ़ते महत्व की स्वीकारोक्ति है। अंतरराष्ट्रीय संबंधों में शब्द अक्सर परिस्थितियों का आईना होते हैं। पुतिन की भारत-प्रशंसा को भी इसी संदर्भ में पढ़ा जाना चाहिए। यूक्रेन संघर्ष के बाद रूस पश्चिमी प्रतिबंधों और राजनीतिक दबाव का सामना कर रहा है। ऐसे समय में भारत उन विरले देशों में रहा, जिसने अपने राष्ट्रीय हितों के अनुसार रूस से संबंध बनाए रखे। न उसने किसी दबाव के आगे झुकना स्वीकार किया, न अपनी विदेश नीति का मार्ग बदला। पुतिन भलीभांति समझते हैं कि भारत जैसा मित्र केवल आर्थिक सहयोगी नहीं, बल्कि कूटनीतिक संबल भी है। इसलिए उनका यह बयान प्रशंसा से अधिक उस विश्वास की अभिव्यक्ति है, जिस पर रूस भविष्य की अपनी रणनीति का एक महत्वपूर्ण आधार देखता है।

पुतिन के बयान का एक संभावित संकेत चीन की ओर भी है। रूस और चीन भले ही अटूट साझेदारी का दावा करें, लेकिन उनके संबंधों में रणनीतिक सतर्कता बनी रहती है। चीन की बढ़ती आर्थिक, तकनीकी और सैन्य शक्ति ने एशिया का शक्ति-संतुलन बदल दिया है। मॉस्को समझता है कि बीजिंग पर अत्यधिक निर्भरता उसकी स्वतंत्र भूमिका को सीमित कर सकती है। ऐसे में भारत के साथ मजबूत संबंध उसे संतुलन देते हैं। यही कारण है कि पुतिन ने ब्रह्मोस, रक्षा सहयोग और उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकी साझेदारी का विशेष उल्लेख किया। इसे मुख्य रूप से चीन के विरुद्ध संदेश न मानकर, एशिया में शक्ति-संतुलन साधने की रूस की दीर्घकालिक कूटनीतिक रणनीति के रूप में देखा जाना चाहिए। भारत की विदेश नीति की सबसे बड़ी पहचान उसकी स्वतंत्रता है। यही कारण है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत पर पड़ रहे अमेरिकी दबाव के बीच उसकी नीति की सराहना की। अमेरिका लंबे समय से रूस से जुड़े ऊर्जा और रक्षा संबंधों को लेकर भारत को अपने अधिक निकट लाने का प्रयास करता रहा है। इसके बावजूद नई दिल्ली ने स्पष्ट किया है कि उसके निर्णय राष्ट्रीय हितों से संचालित होंगे, किसी बाहरी दबाव से नहीं। पुतिन ने इसी आत्मविश्वास की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत जैसे उभरते राष्ट्र पर दबाव डालना उलटा पड़ सकता है। उनका संदेश केवल वाशिंगटन के लिए नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए था कि भारत अब अपनी राह स्वयं तय करने वाली शक्ति है।

आज भारत की सबसे बड़ी कूटनीतिक शक्ति उसका संतुलित और स्वतंत्र दृष्टिकोण है। भारत एक ओर रूस से ऊर्जा, रक्षा उपकरण और सामरिक सहयोग प्राप्त कर रहा है, तो दूसरी ओर अमेरिका के साथ तकनीक, निवेश और सुरक्षा साझेदारी भी मजबूत कर रहा है। चीन से प्रतिस्पर्धा के बावजूद व्यापारिक संबंध भी बने हुए हैं। यही संतुलन भारत को वैश्विक राजनीति में अलग पहचान देता है। पुतिन ने मोदी सरकार की आर्थिक उपलब्धियों और तेज विकास दर की सराहना करते हुए संकेत दिया कि भारत अब किसी शक्ति-गुट का अनुसरण करने वाला देश नहीं, बल्कि विश्व राजनीति का एक स्वतंत्र और प्रभावशाली शक्ति केंद्र बन चुका है। भारत-रूस संबंध अब केवल कूटनीति तक सीमित नहीं, बल्कि आर्थिक क्षेत्र में भी नई मजबूती हासिल कर रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में दोनों देशों का व्यापार लगभग 68.7 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें रूसी तेल, गैस और कोयले की प्रमुख भूमिका रही। पुतिन द्वारा 100 अरब डॉलर के व्यापार लक्ष्य का उल्लेख इस बात का संकेत है कि रूस भारत को केवल मित्र नहीं, बल्कि दीर्घकालिक आर्थिक साझेदार मानता है। ऊर्जा, अंतरिक्ष, परमाणु सहयोग, रक्षा उत्पादन और उन्नत प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में सहयोग लगातार विस्तार पा रहा है। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच दोनों देश एक-दूसरे की क्षमताओं को अपने विकास का महत्वपूर्ण आधार मान रहे हैं। मित्रता जितनी गहरी होती है, उसकी चुनौतियां भी उतनी ही वास्तविक होती हैं। भारत-रूस संबंधों के सामने भी व्यापार असंतुलन, भुगतान व्यवस्था की बाधाएं, रक्षा खरीद में भारत की नई प्राथमिकताएं और रूस-चीन की बढ़ती निकटता जैसे प्रश्न मौजूद हैं। इसलिए पुतिन ने भारत-चीन सीमा पर तनाव कम करने के प्रयासों का स्वागत किया। यह केवल एक टिप्पणी नहीं, बल्कि रूस का यह संदेश था कि वह एशिया में स्थिरता और संतुलन का पक्षधर है। साथ ही, वह यह भरोसा भी दिलाना चाहता है कि चीन से उसके संबंध भारत के हितों की कीमत पर नहीं हैं। भारत के लिए यह आश्वासन महत्वपूर्ण है, क्योंकि उसकी विदेश नीति का आधार केवल राष्ट्रीय हित हैं। विश्व राजनीति में कुछ वक्तव्य तत्कालीन घटनाओं से आगे जाकर भविष्य की दिशा भी बताते हैं। पुतिन का भारत को 'भरोसेमंद साझेदार' कहना ऐसा ही संकेत है। यह केवल भारत-रूस संबंधों की निकटता नहीं, बल्कि आकार ले रही नई वैश्विक व्यवस्था की झलक है। एकध्रुवीय प्रभुत्व का दौर पीछे छूट रहा है और नई शक्तियां उभर रही हैं। ब्रिक्स का विस्तार, वैश्विक दक्षिण का बढ़ता प्रभाव और भारत की भूमिका इसी परिवर्तन के संकेत हैं। रूस का यह सार्वजनिक विश्वास एक स्पष्ट संदेश देता है—भारत अब किसी समीकरण का हिस्सा नहीं, बल्कि स्वयं एक निर्णायक समीकरण है। इसलिए पुतिन का यह बयान केवल कूटनीतिक शिष्टाचार नहीं, बल्कि बदलती विश्व व्यवस्था की स्पष्ट स्वीकारोक्ति है। **प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### देवरिया के संदीप ने धर्मशाला में लहराया जीत का परचम

**रुद्रपुर, देवरिया।** रुद्रपुर के होनहार एथलीट संदीप गुप्ता ने अंडर-23 सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन कर पूरे जिले का नाम रोशन कर दिया है।100 मीटर दौड़ में रजत पदक जीतकर अपनी गति का लोहा मनवाया, वहीं 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक हासिल कर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला स्टेडियम में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि पंकज गोयल (निदेशक) की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सांसद राजीव भारद्वाज एवं विधायक सुधीर शर्मा भी मौजूद रहे।देवरिया के इस युवा खिलाड़ी की सफलता ने साबित कर दिया है कि मेहनत, लगन और जुनून के दम पर कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

### घाटमपुर एसीपी पुलिस बल के साथ निकले, चेकिंग अभियान में 150 वाहनों के चालान




**कानपुर ग्रामीण।** घाटमपुर में बीती शनिवार रात एसीपी व इंस्पेक्टर ने सघन चेकिंग अभियान चलाया,इस दौरान 150, वाहनों के चालान किए गए, वहीं पांच वाहनों में नंबर प्लेट न होने पर सीज की कार्रवाई की गई, कुछ कार में पुलिस, आर्मी, व अन्य स्टीकर लगे हुए थे, जिनका कार चालक प्रमाण नही दे सके तो कार चालकों से तुरंत साफ कराया गया, इसके साथ ही हिदायत दी गई,, घाटमपुर नगर स्थित मुख्य चौराहे पर घाटमपुर एसीपी कृष्ण कांत यादव व इंस्पेक्टर मनोज सिंह भदौरिया के द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, इस दौरान 150वाहनो के चालान किए गए, जिसमें बाइक, कार, व भारी वाहन शामिल हैं, इस पर एसीपी ने उन्हें हिदायत देते हुए कहा कि कार में स्टीकर वही लगा सकता है, जो रियल मे हो, किसी विभाग में हो, रिश्तेदार के होने से आप लोगो नही लगा सकते, इस दौरान कार चालकों ने खुद कार में लगा हुआ स्टीकर हटाया, एसीपी ने कहा कि आगे भी सघन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा, और अपराध पर अंकुश लगाया जाएगा।

### खेल शिक्षक जय हिंद यादव का राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए चयन

**खजनी, गोरखपुर।** इंटरमीडिएट कॉलेज भटौली बाजार (उनवल), गोरखपुर के खेल शिक्षक जय हिंद यादव का चयन यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) कोच एजुकेशन लेवल-1 कार्यक्रम के लिए हुआ है। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र में खुशी का माहौल है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) के अध्यक्ष कार्यालय के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य देशभर के खेल प्रशिक्षकों की तकनीकी दक्षता, प्रशिक्षण पद्धतियों तथा व्यावसायिक कौशल का विकास करना है। जय हिंद यादव उत्तर प्रदेश के चयनित प्रतिनिधियों में शामिल हैं, जो इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में भाग लेंगे। वर्तमान में जय हिंद यादव इंटरमीडिएट कॉलेज भटौली बाजार (उनवल) में शारीरिक शिक्षा शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। उनके चयन को विद्यालय एवं क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. विवेकानंद सिंह, प्रबंधिका प्रियंका सिंह, प्रधानाचार्य धर्मेंद्र सिंह, वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. उमेश कुमार सिंह सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जय हिंद यादव को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विद्यालय परिवार ने विश्वास जताया कि उनकी यह उपलब्धि अन्य खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को भी प्रेरित करेगी।

### मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का मुख्य चिकित्सा अधिकारी भदोही द्वारा किया गया निरीक्षण



**भदोही।** दिनांक 07.06.2026 को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला कसीयापुर एवं महजूदा का निरीक्षण मुख्य चिकित्सा अधिकारी भदोही डॉ संतोष कुमार चक द्वारा किया गया निरीक्षण के दौरान सभी कार्मिक मौजूद पाए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा लू वार्ड कक्ष एवं ओ.आर. यस. कार्नर का निरीक्षण किया गया जो आरक्षित पाये गए।

## गोरखपुर: गैंगस्टर की डेढ़ लाख की बाइक जब्त, अपराध की कमाई पर चला पुलिस का बुलडोजर



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** संगठित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रामगढ़ताल पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर एक्ट के आरोपी सरफराज अहमद की अपराध से अर्जित संपत्ति जब्त कर ली। जिलाधिकारी के आदेश पर पुलिस ने लगभग 1.50 लाख रुपये कीमत की एक मोटरसाइकिल को गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत जब्त किया। पुलिस की इस कार्रवाई को अपराधियों की अवैध संपत्ति पर सीधा प्रहार माना जा रहा है। पुलिस के अनुसार सरफराज अहमद पुत्र सलाउद्दीन निवासी मैसी कम्पाउंड, जेल रोड, थाना शाहपुर लंबे समय से लूट, चोरी, छिनैती और अन्य संगठित अपराधों में संलिप्त रहा है। उसके विरुद्ध विभिन्न थानों में दो दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। रामगढ़ताल थाने में पंजीकृत गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे के आधार पर उसकी संपत्तियों की जांच की गई, जिसमें उक्त मोटरसाइकिल अपराध से अर्जित आय से खरीदी गई पाई गई। पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैंट अरुण कुमार एस के पर्यवेक्षण में की गई इस कार्रवाई के दौरान रामगढ़ताल पुलिस ने मोटरसाइकिल को विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए अपने कब्जे में ले लिया। अधिकारियों का कहना है कि अपराध के जरिए अर्जित की गई संपत्तियों को चिह्नित कर जब्त करने का अभियान आगे भी जारी रहेगा। सरफराज का आपराधिक इतिहास काफी लंबा रहा है। उसके खिलाफ गोरखनाथ, शाहपुर, राजघाट, सहजनवां, बेलीपार, रामगढ़ताल, एम्स थाना और जीआरपी गोरखपुर समेत विभिन्न थानों में चोरी, लूट, छिनैती, अवैध हथियार रखने, गैंगस्टर एक्ट तथा एनडीपीएस एक्ट के गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। वर्ष 2014 से लेकर 2025 तक उसके खिलाफ लगातार आपराधिक मामले दर्ज होते रहे हैं।

## सिकरीगंज में पेड़ काटने के विवाद में महिला की मौत, दो सगे भाई गिरफ्तार, आला कत्ल बरामद




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर** जिले के सिकरीगंज में पेड़ काटने के विवाद में एक महिला की मौत के मामले में सिकरीगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बांस और लकड़ी के डंडे भी बरामद कर लिए हैं। गिरफ्तार दोनों आरोपी सगे भाई बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार थाना सिकरीगंज पर दर्ज मुकदमा संख्या 0158/2026 में हत्या के आरोप में धर्मेन्द्र पुत्र रामपलट और जयहिन्द पुत्र रामपलट निवासी मलांव थाना सिकरीगंज को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 352, 109(1) एवं 103(1) के तहत मुकदमा दर्ज है।गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो आला कत्ल, एक बांस तथा एक लकड़ी का डंडा बरामद किया है।

मिली जानकारी के अनुसार 5 जून 2026 को मलांव गांव में पेड़ काटने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था। आरोप है कि विवाद के दौरान अभियुक्तों ने वादी और उसकी पत्नी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। मारपीट में वादी की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। महिला की मृत्यु के बाद मामला हत्या में परिवर्तित हो गया। पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर सिकरीगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी खजनी के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक सिकरीगंज के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि मामले में सभी आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं और अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस सतर्क है तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी बढ़ा दी गई है।

### विकसित भारत के संकल्प को साकार कर रहे प्रधानमंत्री मोदीः पवन

**देवरिया।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा किसान मोर्चा की तैयारी बैठक भाजपा कार्यालय औरा-चौरी पर आयोजित हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों और जनसंपर्क अभियानों की रूपरेखा तय की गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत के संकल्प की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर किसान मोर्चा की ओर से 18 और 19 जून को दो दिवसीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जिसमें किसानों को प्राकृतिक खेती के तौर-तरीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 21 जून तक जिलेभर में पौधरोपण अभियान चलाकर 1100 पौधे लगाए जाएंगे। साथ ही पौधों के संरक्षण के लिए पालक भी नियुक्त किए जाएंगे। 20 जून को किसान मोर्चा पदाधिकारी बूथ स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों से संबंधित पत्रक वितरित करेंगे। पूर्व मीडिया प्रभारी अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास और विश्वास का नया वातावरण बना है। बैठक में भगवान यादव, मुकेश राय, नीरज शाही बैरौना, प्रभुनाथ पाण्डेय, अरुण मिश्र, रामाश्रय यादव, सुमंत चतुर्वेदी, गुड्डू यादव और गोलू यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अभिषेक सिंह मिन्टू बने स्वदेशी जागरण मंच के जिला युवा प्रमुख



**गाजीपुर।** बाराचवर ब्लांक अंतर्गत झोटारी गांव निवासी पुर्व प्रधान अभिषेक सिंह मिन्टू को स्वदेश जागरण मंच काशी प्रांत के गाजीपुर जिला युवा प्रमुख बनाया गया है। उनको ये पद मिलने से क्षेत्र के युवाओं में खुशी का माहौल बन गया। अभिषेक सिंह ने बताया की राष्ट्रीय सह संगठन श्री सतीश जी के अनुमोदन पर अखिल भारतीय सह संयोजक डाक्टर राजीव जी द्वारा इस दायित्व की की घोषणा की गई है। उन्होंने बताया की इसके पहले कृपाशंकर सिंह का दायित्व काशी प्रांत के सह संयोजक का था। लेकिन अब कृपा शंकर सिंह को स्वदेशी जागरण मंच काशी प्रांत का संगठक व सुजित कुमार सिंह को जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। पुर्व प्रधान ने कहा की संगठन द्वारा मुझे जो दायित्व दिया गया है। उसपर मैं पुर्ण रुप से खरा उतरने का कार्य करुंगा। उन्होंने कहा की मैं युवाओं को एकत्रित कर काशी स्वदेशी मंच के बारे में अधिक से अधिक जानकारी देने की कोशिश करूंगा।

## भीषड़ चक्रवाती तूफान से दोआबा के दर्जनों गांवों में बिजली गुल, हाहाकार

● दिन रात काम कर रहे कर्मचारी

स्वतंत्र प्रभात
ब्रेकिंग न्यूज़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रूद्रपुर, देवरिया।** शुक्रवार को दोआबा क्षेत्र में आई भीषण चक्रवर्ती आंधी तूफान से दर्जनों गांव में स्थिति भयावह हो गई। सबसे अधिक नुकसान बिजली का हुआ है। अभी भी लगभग एक दर्जन गांव की बिजली गुल है। आंधी इतनी तेज थी कि दर्जनों पेड़ उखड़ गए। लोगों के घरों पर पड़े टीन शेड व सीमेंट के सेड उखड़ गए। नगवा में दो-दो पोल्ट्री फार्म पूरी तरह बर्बाद हो गया। चक्रवाती तूफान का सबसे ज्यादा असर नारायणपुर,बहोरा दलपतपुर,भिरवां नगवा इकौना नकैल आदि गांव में हुआ। जहां भीषण तबाही मची। पचरूखा उप केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार पूरे क्षेत्र में 53 बिजली के पोल टूट गए। जिससे ईस्ट फीडर व साउथ फीडर की लगभग पूरी विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। तूफान की शांति के बाद से सीमित संख्या में उपलब्ध बिजली कर्मचारियों ने विद्युत बहाल करने के लिए दिन रात एक कर दिया। उपकेन्द्र के एस एस ओ दीपू की माने तो अब लगभग एक दर्जन गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित है।

पोल और तार टूट कर बिखर जाने के कारण भीषण गर्मी में सप्लाई बाधित हो गई है।जिससे प्रभावित गांवों के लोगों का जीना हराम हो गया।जानकारी के अनुसार अभी बहोरा दलपतपुर जगदीशपुर नारायणपुर नगवा, भिरवां डढ़िया, पांडेमाझा, शीतल माझा आदि गांव की आपूर्ति चालू नहीं हो पाई है। जिसके लिए विभाग के लोग जी जान से लगे हैं। जेई शिवकुमार ने बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद शीघ्र 3 से 4 दिन में गांव में बिजली बहाल करने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है।

## ग़ोला में :रास्ते का विवाद बना रणक्षेत्रः पांच दिन बाद फिर भिड़े दो पक्ष, चार घायल, दोनों ओर से मुकदमे दर्ज



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ग़ोला गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम गौरखास में रास्ते को लेकर शुरू हुआ विवाद अब लगातार गंभीर रूप लेता जा रहा है। बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद से शुरू हुआ मामला पांच दिन बाद फिर खूनी संघर्ष में बदल गया। रविवार शाम दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में चार लोग घायल हो गए, जिसके बाद पुलिस ने दूसरे पक्ष के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कर लिया। गांव में बढ़ते तनाव को देखते हुए पुलिस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है। जानकारी के अनुसार 2 जून की सुबह गांव में रास्ते के इस्तेमाल को लेकर दो पक्षों के बच्चों के बीच कहासुनी हुई थी, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई।

उस समय रामवृक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनका नाती अमन और नातिन अल्का कोचिंग से लौट रहे थे, तभी गांव के मनीष गौतम, दीपक, सोनू और गीता देवी ने उन्हें रास्ते में रोककर मारपीट की। इस घटना में अमन घायल हो गया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गीता देवी, मनीष, दीपक और सोनू के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। हालांकि पहला मुकदमा दर्ज होने के बाद भी दोनों पक्षों के बीच तनाव कम नहीं हुआ। रविवार शाम एक बार फिर विवाद भड़क उठा और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। इस बार गीता देवी पत्नी श्रीनिवास ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि अमन, बलविंदर, अतुल तथा रामवृक्ष ने उनके परिवार पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने उनके पुत्र दीपक को लाठी-डंडों और लात-घूंसों से बुरी तरह पीटा, जिससे उसके हाथ में फ्रैक्चर हो गया और कान में गंभीर चोट आई।

गीता देवी ने यह भी आरोप लगाया कि जब वह अपने बेटे को बचाने पहुंचीं तो उनके साथ भी मारपीट की गई और अभद्र व्यवहार किया गया। घटना के दौरान आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और किसी तरह दोनों पक्षों को अलग कर मामला शांत कराया। इसके बाद घायल पक्ष ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने गीता देवी की तहरीर के आधार पर अमन, बलविंदर, अतुल और रामवृक्ष के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। अब इस रास्ते के विवाद में दोनों पक्षों की ओर से मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। थाना प्रभारी सीपी पांडेय ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर मुकदमे दर्ज कर लिए गए हैं। मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गांव में किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस सतर्क है।

## अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ताओं में आक्रोश, भीषण गर्मी में बढ़ी परेशानी

● गोला क्षेत्र के तहसील और मदरिया फीडर के उपभोक्ता सबसे अधिक प्रभावित,

विभाग ने लाइन विस्तार कार्य को बताया कारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार, गोरखपुर।** भीषण गर्मी और उमस के बीच गोला तहसील क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित विद्युत कटौती से उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी व्याप्त है। क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि पिछले कई दिनों से बिजली आपूर्ति का कोई निश्चित समय नहीं रह गया है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। दिनभर हो रही कटौती के कारण लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है और पेयजल संकट जैसी समस्याएं भी उत्पन्न होने लगी हैं। स्थानीय उपभोक्ताओं के अनुसार गोला विद्युत उपकेंद्र से जुड़े तहसील और मदरिया फीडर क्षेत्रों में पिछले चार दिनों से लगातार बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। कई बार सुबह से शाम तक लंबे समय के लिए बिजली काट दी जाती है, जिससे घरों, दुकानों और छोटे व्यवसायों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि बिजली विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों से संपर्क करने पर भी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल रही है।

उपभोक्ताओं का आरोप है कि शासन स्तर से गर्मी के मौसम में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद क्षेत्र में लगातार कटौती जारी है। इससे लोगों में विभाग के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। खासकर बुजुर्गों, बच्चों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि गोला-उरुवा रामजानकी मार्ग पर विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए नए पोल और तार लगाने का कार्य कराया जा रहा है। इस कार्य के दौरान सुरक्षा कारणों से समय-समय पर शटडाउन लेना पड़ रहा है, जिसके चलते बिजली आपूर्ति प्रभावित हो रही है। अधिकारियों के अनुसार यह कार्य जनहित में किया जा रहा है और इसके पूरा होते ही क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था पहले से बेहतर होगी।

विभाग का दावा है कि निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने का प्रयास किया जा रहा है ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। हालांकि क्षेत्रवासियों की मांग है कि यदि तकनीकी कारणों से कटौती आवश्यक है तो विभाग पहले से सूचना जारी करे, जिससे लोग अपनी दिनचर्या और आवश्यक कार्यों की योजना बना सकें। लगातार बढ़ रही गर्मी के बीच बिजली कटौती का मुद्दा अब क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और उपभोक्ता जल्द से जल्द नियमित विद्युत आपूर्ति बहाल होने की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

## पीडीए जनसंपर्क कार्यालय पर हुआ ब्राह्मणो का सम्मान




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मनकापुर (गोंडा)** सपा के पीडीए जनसंपर्क समाजवादी पार्टी कार्यालय गौरा चौकी बाजार में रविवार को ब्राह्मण प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन सपा नेता हफीज मलिक, लतीफ मलिक द्वारा किया गया। जिसमें छपिया, बभनजोत ब्लॉक के ब्राह्मणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। आये हुए ब्राह्मणों द्वारा भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर समाज के बारे में ब्राह्मणो की भूमिका को बताया। आयोजक हफीज मलिक ने आए हुए ब्राह्मण का फूल माला अंग वस्त्र से स्वागत किया। बताया की समाज में ब्राह्मणों की अहम भूमिका शुरू से रही है। समाजवादी पार्टी ने ब्राह्मणों को शुरू से ही सम्मान दिया है। समाजवादी पार्टी के प्रेरणा स्रोत रहे जनेश्वर मिश्र, बृजभूषण तिवारी को सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने पार्टी के स्थापना काल में उचित स्थान दिया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने माता प्रसाद पाण्डेय जी को नेता प्रतिपक्ष बनाकर ब्राह्मणों का सम्मान किया। ।लतीफ मलिक ने आए हुए सभी ब्राह्मणो का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर प्रमोद दुबे, प्रोफेसर श्रवण शुक्ला, डॉक्टर निरंकार मिश्रा, युवा नेता अभिषेक तिवारी, प्रोफेसर अनिल तिवारी, डॉ प्रभाकर पांडेय, अन्नु मिश्रा, सोभनाथ पांडेय, रवि शुक्ला, सौरभ मिश्रा, राहुल शुक्ला, रंजीत शुक्ला,भरत लाल त्रिपाठी, उद्धव त्रिपाठी, कार्तिकेय शुक्ला, सोनू शुक्ला सहित ब्राह्मण समाज केअधिकांश लोग मौजूद रहे।

### सीता पाठ कुण्ड के सौंदर्यीकरण कार्य का शंकराचार्य महाराज ने किया निरीक्षण

**सावन से पहले निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश, कुंड में स्वच्छ जल आपूर्ति की उठाई मांग**

**ललितपुर।** सीता पाठ आश्रम परिसर स्थित सीता पाठ कुण्ड के सौंदर्यीकरण एवं बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य का शनिवार को शंकराचार्य जगद्गुरु महाराज ने अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका के अवर अभियंता एवं संबंधित ठेकेदार के साथ निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण कर उन्हें शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। शंकराचार्य महाराज ने सीता पाठ कुण्ड में आ रहे गंदे पानी पर चिंता व्यक्त करते हुए जल संस्थान एवं जिला प्रशासन से कुंड में स्वच्छ जल उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने सुझाव दिया कि डैम के नीचे बने कुंड से पाइपलाइन के माध्यम से सीता पाठ कुण्ड तक स्वच्छ जल पहुंचाया जाए, जिससे नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं को स्नान एवं धार्मिक गतिविधियों के लिए स्वच्छ जल उपलब्ध हो सके।

## ड्राइवर पर जानलेवा हमला करने के आरोप में पांच आरोपी गिरफ्तार



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र में एक ड्राइवर पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 6 जून को कुछ लोगों ने वादी के ड्राइवर को गाली-गलौज करते हुए उस पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की नीयत से ड्राइवर को लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से बेरहमी से पीटा, जिससे वह घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पीड़ित पक्ष की तहरीर पर गीडा थाने में मुकदमा संख्या 252/2026 दर्ज किया गया।

पुलिस अधीक्षक उत्तरी के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी गीडा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक अश्वनी पाण्डेय के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मामले की जांच शुरू की और कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रतीक पुत्र बिन्द्रा प्रसाद, अमित यादव पुत्र बिरेन्द्र प्रताप यादव, गोविन्द पुत्र स्वर्गीय सुरेन्द्र कुमार निवासी पादरी बाजार थाना शाहपुर, श्रीकान्त जायसवाल पुत्र राजबली जायसवाल निवासी गीता वाटिका थाना शाहपुर तथा अमन जायसवाल पुत्र योगेन्द्र जायसवाल निवासी बेलीपहरी थाना तरकुलवा जनपद देवरिया के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई का अभियान लगातार जारी रहेगा।

### आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के साथ योग शिविर का आयोजन, 253 लोगों ने किया सहभाग



**देवरिया।** गायत्री शक्तिपीठ देवरिया के प्रांगण में रविवार को आयुष विभाग द्वारा आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत योग शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 253 लोगों ने प्रतिभाग कर योग एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा का लाभ उठाया। योग शिविर में प्रतिभागियों को अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम, भुजंगासन, मर्कटासन सहित अनेक योगाभ्यास कराए गए। योग प्रशिक्षक जागृति ने योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं नियमित अभ्यास के महत्व पर प्रकाश डाला। आयुष शिविर में गठिया, उदर रोग, वात रोग, अनिद्रा आदि बीमारियों से संबंधित रोगियों को परामर्श के साथ औषधियों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी जय राम यादव, डॉ. प्रदीप कुमार यादव, फार्मासिस्ट उपेंद्र मणि, वार्ड बॉय विकास मिश्रा, योग सहायक यतींद्र विश्वकर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को योग एवं आयुष पद्धति के प्रति जागरूक कर स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित करना रहा।

## घर का ताला तोड़कर जेवरात उड़ाने वाला चोर गिरफ्तार, चोरी का सामान और आधार कार्ड बरामद



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवां गोरखपुर।** गीडा थाना पुलिस ने चोरी की एक घटना का सफल खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किए गए आभूषण तथा आधार कार्ड बरामद किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस के अनुसार 6 जून को गीडा थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति के घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण और आधार कार्ड चोरी कर लिया था। पीड़ित की तहरीर पर थाना गीडा में मुकदमा संख्या 251/2026 धारा 305 भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक उत्तरी के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी गीडा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक अश्वनी पाण्डेय के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी की तलाश शुरू की। जांच और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी सोनू वर्मा पुत्र सिकंदर वर्मा निवासी गोपालपुर थाना गोला, वर्तमान पता ढाला नौसड़ थाना गीडा को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ और तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए आभूषण बरामद किए गए। बरामद सामान में एक जोड़ी चांदी की पायल, एक चांदी का कड़ा, एक जोड़ी सोने की छोटी बाली, एक जोड़ी टप्स, एक जोड़ी झुमका, एक मंगलसूत्र तथा चोरी किया गया आधार कार्ड शामिल है। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) भारतीय न्याय संहिता की बढ़ोत्तरी भी की गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। साथ ही यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि उसने इससे पहले भी किसी अन्य चोरी की घटना को अंजाम दिया है या नहीं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अश्वनी पाण्डेय, उपनिरीक्षक अंजय कुमार सिंह, उपनिरीक्षक बृजेश यादव, कांस्टेबल अखंड प्रताप सिंह तथा कांस्टेबल अनिल यादव शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गीडा पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से पीड़ित परिवार को राहत मिली है तथा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों का विश्वास भी मजबूत हुआ है।

### निकोबार बचाओ अभियान को धार देने में जुटी कांग्रेस, विधानसभावार प्रभारी नियुक्त

**देवरिया।** जिला कांग्रेस कमेटी ने जनपद में 8 जून से 15 जून तक चलने वाले 'निकोबार बचाओ' हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाने के लिए विधानसभावार प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है। जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ने अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संगठनात्मक जिम्मेदारियां तय की हैं। जारी सूची के अनुसार देवरिया सदर विधानसभा में सुनील कुमार तिवारी और मनोज मणि त्रिपाठी, पथरदेवा में जुलेखा खातून व रत्नेश मल्ल 'पिंटू', रामपुर कारखाना में जयप्रकाश धनगर व आलोक त्रिपाठी 'राजन', सलेमपुर में दीनदयाल यादव व मार्कण्डेय मिश्रा, बरहज में अब्दुल जब्बार व राकेश तिवारी 'भोला' तथा रुद्रपुर विधानसभा में राम अशीष साहनी व सच्चिदानंद मिश्रा को प्रभारी बनाया गया है। जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने कहा कि अभियान के दौरान अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर व्यापक जनसमर्थन जुटाया जाएगा। उन्होंने बताया कि नियुक्त प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित कर हस्ताक्षर अभियान को गति देंगे। उन्होंने भरोसा जताया कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पूर्व जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से अभियान को व्यापक सफलता मिलेगी।

# संक्षिप्त खबरें

## आबकारी विभाग के सामने बौने पड़ रहे सरकारी नियम का कानून

लखीमपुर खीरी के अनुसार स्टेट हाईवे पर शराब की दुकान का बोर्ड लगाना कानूनी अपराध है लेकिन आबकारी की मिली भगत से जसवंत नगर कंपोजित दुकान का बोर्ड पीलीभीत बस्ती स्टेट हाईवे पर लगाया गया हैजबकि सरकार का साफ निर्देश है की ना तो स्टेट हाईवे पर दुकान खोली जा सकती है और ना ही शराब की दुकान का बोर्ड लगाया जा सकता है। फिर आखिर किसके आदेश पर यह साइन बोर्ड स्टेट हाईवे पर लगाया गया है। आखिर क्या आबकारी महकमें के जिम्मेदार अधिकारियों को सरकार के नियम कायदे याद नहीं है या फिर चांदी के सिक्कों की खनखनाहट सामने महकमें के अफसर धृतराष्ट्र बन चुके हैंआपको बता दें कि बढ़ते सड़क हादसों की वजह से वर्तमानसरकार ने स्टेट हाईवे से दुकान स्थानांतरित करके 220 मीटर अंदर खोलने का निर्देश दिया था और यह भी निर्देश था कि स्टेट हाईवे पर कोई भी बोर्ड या संकेतक चिन्ह नहीं लगाया जा सकता है लेकिन पीलीभीत बस्ती स्टेट हाईवे पर लगा यह साइन बोर्ड सरकार के नियम नियम कानून कायदा को मुंह चिड़ा रहा है।

## बिना बोर्ड, बिना रजिस्ट्रेशनः महेवागंज में 'पारस' की जगह अब 'सहारा' के नाम पर मरीजों की जान से खिलवाड़

**महेवागंज खीरी।** स्वास्थ्य विभाग की नाक के नीचे महेवागंज कस्बे में अवैध अस्पतालों का काला कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला पारस हॉस्पिटल वाली उसी पुरानी बिल्डिंग का है, जहां अब 'सहारा हॉस्पिटल' के नाम से मौत का खेल शुरू हो गया है। हैरान करने वाली बात यह है कि इस अस्पताल का न तो कोई साइन बोर्ड है और न ही कोई वैध रजिस्ट्रेशन, फिर भी यहाँ धड़ल्ले से मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। स्थानीय लोगों और सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस कथित सहारा अस्पताल में इलाज के नाम पर मरीजों की जिंदगी के साथ भद्दा मजाक हो रहा है। यहाँ बिना किसी मेडिकल डिग्री के कुछ अनट्रेंड लड़के मरीजों को ड्रिप चढ़ाने, इंजेक्शन लगाने और गंभीर हालत में भर्ती करने जैसा जोखिम भरा काम कर रहे हैं। चर्चा तो यहाँ तक है कि बंद कमरों में बिना किसी विशेषज्ञ डॉक्टर के अवैध रूप से ऑपरेशन भी निपटा दिए जाते हैं। नियमों के मुताबिक स्वास्थ्य विभाग को हर महीने निजी अस्पतालों का सघन निरीक्षण करना चाहिए, लेकिन महेवागंज की हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। जिस बिल्डिंग में पहले से विवादित पारस अस्पताल संचालित था, उसी पते पर बिना बोर्ड के नया अस्पताल खुल जाना विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। आखिर किसकी शह पर ये 'मुन्ना भाई' मरीजों की जान खतरे में डाल रहे हैं सीएचसी प्रभारी की भूमिका पर टिकी नजरें महेवागंज में ऐसे दर्जनों अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे हैं, जो सीधे तौर पर गरीबों की जेब और जान पर डाका डाल रहे हैं। अब देखना यह होगा कि फूलबेहड़ सीएचसी प्रभारी इस मामले का संज्ञान लेकर अस्पताल को सील करते हैं या फिर जांच के नाम पर महज़ खानापूर्ति की जाएगी।

## बरेलीः बांका से हमला कर महिला को ट्रैक्टर से कुचला, रुपयों के विवाद में हुई हत्या

**बरेली।** मजदूरी के 4500 रुपये के विवाद में एक महिला की बांका से हमला कर ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। मृतका के पति ने दो सगे भाइयों के विरुद्ध थाना बिथरी चैनपुर में शिकायती पत्र दिया है। वहीं अब महिला में मायके वालों ने पति पर ही हत्या का आरोप लगाया है। खजुरिया ब्रह्मनान गांव निवासी विमल ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि उसका भाई संजीव गांव फरीदापुर इनायत खां निवासी अर्जुन के ट्रैक्टर पर मजदूरी करता था। ट्रैक्टर अक्सर उसके घर पर खड़ा किया जाता था। आरोप है कि अर्जुन पर गांव के ही पप्पू के 4500 रुपये मजदूरी के बकाया थे। विमल के अनुसार शनिवार रात पप्पू और उसका भाई छुटका उर्फ धर्मपाल उसके घर पहुंचे और बकाया रकम की मांग करने लगे। इस दौरान कहासुनी हो गई। आरोप है कि दोनों भाई कुछ देर बाद अपने घर से लाठी और बांका लेकर लौटे और हमला कर दिया। जान बचाने के लिए विमल और उसका भाई संजीव वहां से भाग गए। विवाद बढ़ता देख विमल की पत्नी राधा बीच-बचाव के लिए आगे आई। आरोप है कि धर्मपाल ने उस पर बांका से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद पप्पू ने ट्रैक्टर स्टार्ट कर राधा को कुचल दिया। घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गई। स्वजन घायल राधा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिथरी चैनपुर ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद मामले का राजफाश किया जाएगा।

# करोड़ों का बजट, फिर भी बदहाल गांवः 21 दिन से बंद रास्ता, 40 परिवारों की जिंदगी कैद, प्रशासन मौन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मोहम्मदी खीरी।** उत्तर प्रदेश सरकार गांवों के विकास और मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए ग्राम पंचायतों को करोड़ों रुपये का बजट उपलब्ध करा रही है, लेकिन मोहम्मदी विकासखंड की ग्राम पंचायत खदैवरा में विकास के दावों की जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। यहां एक सार्वजनिक रास्ता पिछले 21 दिनों से बंद पड़ा है, जिससे लगभग 40 परिवारों का आवागमन प्रभावित हो गया है। शिकायतों और अधिकारियों के आश्वासनों के बावजूद समस्या का समाधान न होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों के अनुसार गांव के ही एक व्यक्ति ने 21 मई को सार्वजनिक रास्ते पर बांस-पल्ली लगाकर मार्ग अवरुद्ध कर दिया था। तब से बच्चे स्कूल जाने, महिलाएं घरेलू कार्यों के लिए बाहर निकलने और ग्रामीण अपने दैनिक कार्यों के लिए भारी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। बरसात के मौसम में समस्या और भी गंभीर हो गई है। वीरेंद्र, जीवन, राजेश्वर, रजनीश, प्रमोद, राजीव, पनिशर, अनूप, विपिन, अनिल, सुनील, रघुवीर, जयकरण, रामस्वरूप और सोनू सहित दर्जनों ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों को लिखित शिकायतें दीं और मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान प्रकाश पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि ग्राम पंचायत में विकास कार्य केवल चुनिंदा लोगों तक सीमित हैं, जबकि आम ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान अपने प्रतिनिधि की सहमति के बिना कोई निर्णय नहीं लेते, जिसके चलते जनसमस्याओं का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। मामले की पड़ताल के दौरान जब ग्राम प्रधान के आवास पर संपर्क किया गया तो वह वहां मौजूद नहीं मिले।

बाद में जानकारी मिली कि वह अपने प्रतिनिधि के घर पर हैं। उनसे पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कोई टिप्पणी करने से इनकार करते हुए प्रतिनिधि से बात करने की बात कही। वहीं प्रतिनिधि के परिवार के सदस्यों ने भी इस मामले में कोई जानकारी देने से मना कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने तहसील समाधान दिवस में भी एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपा था। उस दौरान



एसडीएम ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया था, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी रास्ता नहीं खुल सका है। इससे ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। इस संबंध में एसडीएम ने कहा कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी और समस्या का जल्द समाधान कराया जाएगा। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें अब आश्वासनों नहीं बल्कि कार्रवाई का इंतजार है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल रास्ता खुलवाने, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों और खर्च की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

## बिजुआ खीरीः पुलिस महकमे में बढ़ी नाराजगी, खाली पड़ी चौकियां बनीं सिरदर्द

**बिजुआ खीरी–** जिले में पुलिस विभाग के अंदर असंतोष गहराता जा रहा है। कई महीनों से जिले की कई पुलिस चौकियां खाली पड़ी हैं, लेकिन वहां नई तैनाती नहीं हो पा रही है।पुलिस लाइन में फौज, चौकियां वीरानः जिले की पुलिस लाइन में कई दरोगा और इंस्पेक्टर आमद कराए गए हैं, लेकिन उन्हें अब तक चार्ज नहीं मिला है। इंटरव्यू का दौर जारी, नतीजा सिफरः रोजाना इंटरव्यू लिए जा रहे हैं, फिर भी योग्य अफसरों को सम्मानजनक पोस्टिंग नहीं मिल रही।

**पलायन की तैयारीः** इस उपेक्षा से आहत कई इंस्पेक्टर अब जिला छोड़ने की जुगाड़ में लगे हैं। सूत्रों की मानें तो अगले 15 दिनों में बड़ी संख्या में इंस्पेक्टर जिले से बाहर जा सकते हैं। **काबिल अफसरों की अनदेखीः** लगातार हो रहे तबादलों में काबिल अफसरों को दरकिनार करने के आरोप लग रहे हैं। विभाग में चर्चा है कि आखिर जिले की मुखिया की ऐसी क्या मजबूरी है जो खाली चौकियों पर पोस्टिंग नहीं हो पा रही। पुलिस महकमे में इस हालात को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं गर्म हैं। एक तरफ जनता सुरक्षा के लिए परेशान है, वहीं दूसरी तरफ विभाग के अंदर ही मनोबल टूट रहा है। सवाल ये है कि जब फोर्स मौजूद है तो चौकियां खाली क्यों हैं?

# अबैध तरीके से शारदा नहर की बालू ले जाते 2 टेक्टर ट्राली सीज, एक डम्फर का चालान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पसगवां खीरी।** शनिवार की दोपहर कस्बा जंगबहादुरगंज, में हरदोई प्रखंड की शारदा नहर के किनारे लगी बालू को एक ठेकेदार के द्वारा ट्रालियों और डंफरो के माध्यम से बेचा जा रहा है। जिसकी शिकायत के बाद लखमीपुर जिले से आये खनन अधिकारी और आरटीओ की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुच कर ट्रालियों के अभिलेख जांचे, डम्फर, जेसीबी, पोकलैंड के अभिलेख चेक किये। अभिलेख जांचने के बाद आरटीओ की टीम में आये अधिकारी कौशलेंद्र यादव और खनन विभाग के अधिकारी आशीष सिंह ने बालू खनन के दौरान पाई गई कमियों के आधार पर, 2 टेक्टर ट्राली सीज करते हुए मौके पर से साथ ले गए। इसके साथ ही एक डम्फर का चालान कर दिया गया। ये जानकारी पी.टी.ओ कौशलेंद्र यादव ने दी है। बताया जा रहा है खनन कई महीनों स चल रहा है। पहले इसी नहर से अबैध तरीके से, खनन परमिशन की आड़ में चला, नहर आने के बाद खनन नहर के बाहर से शुरू हो गया। पहले ये खनन कुतुबापुर पुल के



पास से खनन माफिया के द्वारा किया जाता था। शिकायत के बाद जगह बदल कर जेबीगंज बाईपास पर यह खनन शुरू कर दिया गया है।

जो लागातर हाइवे पर हादसे का कारण बन रहा है। बीते सप्ताह इन्ही टेक्टर ट्रालियों की बजह से एक ट्रक में विपरीत दिशा से बालू भरी टेक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी थी। ठेकेदार के द्वारा बालू से भरी टेक्टर ट्राली को मौके से भाग भी दिया गया था। खनन के मामले में व चल रही टेक्टर ट्रालियों की डंफरो की जांच की आवश्यक है। जिसमे बताया जा रहा है कि टेक्टर ट्राली कमर्शियल नही है, डंफरो के कागज पूर्ण नही बताए जा रहे हैं।

# मैगलगंज वन रेंज में हरियाली पर 'कुल्हाड़ी'

● वन दरोगा और लकड़कट्टों की मिलीभगत के आरोप से मचा हड़कंप

कुछ ही दिनों में लाखों रुपए की अवैध लकड़ी काटकर लकडकट्टो ने गैर जनपद बेची

सूत्रों के अनुसार वन दरोगा लकडकट्टो से मोटी रकम वसूल कर हरियाली को करवा रहे खत्म

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मैगलगंज-खीरी।** मैगलगंज वन रेंज क्षेत्र में हरे-भरे पेड़ों के कथित अवैध कटान को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि वन विभाग से जुड़े कुछ प्राइवेट कर्मचारियों और लकड़कट्टों की सांठगांठ के चलते लगातार पेड़ों का कटान कराया जा रहा है, जिससे हरियाली पर संकट गहराता जा रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि दिन-रात चल रहे कथित अवैध कटान की भनक तक जिम्मेदार अधिकारियों को नहीं लगती। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब क्षेत्र में पेड़ों की कटाई हो रही है तो वन विभाग की निगरानी व्यवस्था आखिर कहां है? स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार वन विभाग को सूचना देने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती।सूत्रों के मुताबिक, जब इस संबंध में वन दरोगा से जानकारी मांगी जाती है तो उनका जवाब होता है कि उन्हें इस प्रकार की किसी भी कटान की जानकारी नहीं है। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि यदि कटान हो रहा है तो जानकारी क्यों नहीं है, और यदि जानकारी नहीं है तो निगरानी तंत्र की जिम्मेदारी कौन तय करेगा?क्षेत्र में चर्चा है कि कुछ कथित प्राइवेट कर्मचारी लकड़कट्टों के साथ मिलकर हरियाली को नुकसान पहुंचाने में लगे हुए हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन लगातार उठ रही शिकायतों ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान जरूर लगा दिए हैं।पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि एक ओर सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर वृक्षारोपण अभियान चलाती है, वहीं दूसरी ओर यदि हरे-भरे पेड़ों का अवैध कटान




नहीं रुका तो सारे प्रयास बेकार साबित होंगे। लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**बड़े सवाल–** क्या वन रेंज क्षेत्र में बिना संरक्षण के पेड़ों का कटान संभव है?आखिर वन विभाग को अवैध कटान की जानकारी क्यों नहीं मिल रही?क्या प्राइवेट कर्मचारियों और लकड़कट्टों की मिलीभगत की जांच होगी? हरियाली बचाने के लिए जिम्मेदार विभाग अपनी जिम्मेदारी कब निभाएगा?यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह केवल पेड़ों की कटाई का मामला नहीं, बल्कि पर्यावरण और सरकारी व्यवस्था दोनों पर बड़ा सवाल होगा। अब देखना यह है कि वन विभाग इन शिकायतों को गंभीरता से लेकर जांच करता है या मामला फाइलों में ही दबकर रह जाता है।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यशाला में लखीमपुर खीरी जिला प्रदेश में प्रथम जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता लखनऊ में सम्मानित

**लखीमपुर खीरी।** गोला में आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यशाला के सफल आयोजन को लेकर लखीमपुर खीरी जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर आया है। लखनऊ मुख्यालय पर जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता के नेतृत्व की सराहना की गई।प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कार्यशाला के संयोजक अनुराग मिश्रा, जिला प्रभारी डॉ. वीरेंद्र तिवारी सहित पूरी जिला संगठन की प्रशंसा की। प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रथम स्थान पाने पर जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता को लखनऊ बुलाकर सम्मानित किया गया।भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रमेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग के प्रति संयोजक, विधान परिषद सदस्य एवं प्रदेश मंत्री अनूप गुप्ता ने कहा कि इससे खीरी जिले के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि अरविंद गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी जिले में नई ऊंचाइयों को छुएगी।

## मस्जिद तक पहुंचना बना मुसीबत, जलभराव से जूझ रहे नमाजी

● 'मस्जिद के चारों ओर जलभराव, नमाजियों की आस्था पर भारी पड़ रही प्रशासनिक लापरवाही'

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** जिले की विकासखंड फूलबेहड़ की ग्राम पंचायत ओदरहना के मजरा हाजीपुरवा स्थित मस्जिद के चारों ओर लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी हुई है। हालात यह हैं कि नमाज अदा करने के लिए आने वाले लोगों को गंदे पानी और कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं कराया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात हो या सामान्य दिन, मस्जिद के आसपास पानी जमा रहने से बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। धार्मिक स्थल तक पहुंचने के लिए लोगों को कपड़े संभालकर और फिसलन भरे रास्तों से गुजरना पड़ता



है, जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि जब सरकार गांवों में विकास और स्वच्छता के बड़े-बड़े दावे कर रही है, तब धार्मिक स्थल के आसपास की यह बदहाल स्थिति जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े करती है।

लोगों का कहना है कि यदि समय रहते जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई तो बरसात के मौसम में हालात और भी गंभीर हो जाएंगे। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और ग्राम पंचायत से तत्काल जलभराव की समस्या दूर कराने तथा मस्जिद तक आने-जाने के लिए सुरक्षित रास्ते की व्यवस्था कराने की मांग की है।

## श्रीराम जानकी मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जा, ग्रामीणों ने एसडीएम से लगाई गुहार

● गाटा संख्या 64 पर दर्ज मंदिर की जमीन सांठगांठ कर आबादी में कराई दर्ज, देखरेख के अभाव में क्षतिग्रस्त हुआ मंदिर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** तहसील गोला के ग्राम कौआखेड़ा परगना भूड़ में स्थित प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। ग्रामीण रामकृष्ण राठौर ने उपजिलाधिकारी गोला को प्रार्थनापत्र देकर जमीन को कब्जा मुक्त कराने और मंदिर के नाम दर्ज कराने की मांग की है जो केवल खसरे पर ही दर्ज है। प्रार्थनापत्र के अनुसार कौआखेड़ा गांव में राम जानकी मंदिर के नाम से 3.5 एकड़ जमीन है जिसका गाटा संख्या 64 है। पहले यहां करीब 6 दशक पूर्व में भगवानपुर नाम का गांव बसता था जो किन्हीं कारणों से उजड़ गया था। गांव के उजड़ने के बाद एक संत संतोष दास ने यहां कुटिया बनाकर राम जानकी मंदिर का निर्माण कराया और विधि-विधान से मूर्ति स्थापना करवाई थी। वर्तमान में अवैध अतिक्रमण के चलते एवं देखरेख के अभाव में श्री राम जानकी मंदिर क्षतिग्रस्त हो गया है।

साथ ही मंदिर की आराजी पर कई लोगों ने अतिक्रमण कर कब्जा कर लिया है साथ ही मंदिर परिसर में 4 5 दशकों से लगे करीब 200 लिपटिस पेड़ जिनकी कीमत आज आधा पौन करोड़ के आस पास बताई जाती है,को भी अतिक्रमण कारी अनधिकृत रूप से खुर्दबुर्द कर रहे हैं तमाम पेड़ सांठ गांठ कर काट कर बेंच दिए गए हैं जिसकी सूचना के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई न होने के कारण अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं। मालूम हो पहले भी कुछ अतिक्रमणकारियों ने उक्त भूमि पर कब्जा करने का को प्रयास किया था परंतु बाबा के अनुरोध पर अनधिकृत कब्जा करने वालों को तत्कालीन जिलाधिकारी ने आदेश देकर हटवा दिया था। रामकृष्ण राठौर पुत्र




राम चरन निवासी कौआखेड़ा ने बताया कि उपरोक्त गाटा वर्तमान में आबादी में दर्ज हो गया है, जबकि पूर्व में यह मंदिर के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज था। इससे समस्त ग्रामीण क्षुब्ध हैं।

ग्रामीण चाहते हैं कि मंदिर की जमीन गाटा संख्या 64/1.505 को पूर्ववत श्रीराम जानकी मंदिर के नाम दर्ज कर अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। ग्रामीण मंदिर निर्माण में यथा संभव सहयोग कर स्थान को सुरक्षित करना चाहते हैं। जिसके लिए एसडीएम गोला को प्रार्थनापत्र देकर उक्त समस्याओं के निस्तारण हेतु आदेश पारित कर तत्काल कार्यवाही की मांग की है।

## सरकारी जमीन हड़पने और पीडब्ल्यूडी भूमि पर कब्जे की शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही।** कस्बे में बहुमूल्य सरकारी भूमि को कागजी हेरफेर और कथित फर्जी आख्या के जरिए कब्जाने तथा लोक निर्माण विभाग की भूमि पर अतिक्रमण किए जाने का मामला सामने आया है। शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अधिवक्ता उमाकांत जायसवाल ने उपजिलाधिकारी निघासन और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को अलग-अलग शिकायती पत्र देकर मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की। एसडीएम को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि ग्राम सिंगाहीकलां के गाटा संख्या 1950घ (क्षेत्रफल 0.2020 हेक्टेयर) का राजस्व अभिलेखों में राजकीय दूरभाष केंद्र के लिए सुरक्षित भूमि के रूप में उल्लेख है। शिकायत के अनुसार इसी गाटा संख्या से संबंधित एक अन्य भूमि पूर्व में भूदान समिति के तहत पट्टे पर दी गई थी। आरोप है कि नियमानुसार प्रतिबंधित होने के बावजूद वर्ष 2013 में उक्त भूमि को भूमिधरी घोषित कराकर पहले दूसरे लोगों के नाम विक्रय किया गया और बाद में वर्ष 2025 में पुनः अन्य व्यक्तियों को बेच दिया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि भूमि की वास्तविक स्थिति दूरभाष केंद्र के निकट होनी चाहिए थी, लेकिन राजस्व अभिलेखों और मौके की स्थिति में अंतर दर्शाते हुए गलत आख्या प्रस्तुत की गई। इसी के आधार पर आदेश प्राप्त कर अब संबंधित लोग कीमती सरकारी भूमि पर कब्जे का प्रयास कर रहे हैं। मामले में पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है।

**पुलिया के पास अतिक्रमण से जलभराव का खतरा**

लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को दिए गए पत्र में सिंगाही-निघासन मार्ग पर स्थित पहली पुलिया के समीप विभाग की अधिग्रहित भूमि पर अतिक्रमण किए जाने की शिकायत की गई है। शिकायतकर्ता ने कहा है कि यदि समय रहते अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो कस्बे के वर्षा जल निकासी का मुख्य मार्ग बाधित हो सकता है। इससे बरसात के दौरान बाजार और आसपास के इलाकों में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न होने की आशंका है।

**स्थलीय जांच और पैमाइश के निर्देश**

मामले की गंभीरता को देखते हुए उपजिलाधिकारी निघासन ने राजस्व एवं तकनीकी टीम को मौके पर पहुंचकर स्थलीय जांच और पैमाइश कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई तथा संबंधित कार्यों पर रोक लगाने के निर्देश भी दिए गए हैं। प्रशासनिक जांच के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## बरेली में फर्जी कंपनी से हवाला कारोबार का भंडाफोड़ः दो गिरफ्तार, 30 लाख रुपये जब्त

**बरेली।** बरेली पुलिस ने फर्जी कंपनी के जरिए हवाला का कारोबार करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। हवाला की रकम दुबई में बैठा जीशान टोकन के माध्यम से भेजता है। यह रकम कश्मीर के कारोबारियों की होती है, जो हवाला के माध्यम से विदेश भेजी जाती है। एक आरोपित मूल रूप से राजस्थान का रहने वाला है और बारादरी में माधोबाड़ी में रहता था। बारादरी थाना पुलिस ने आरोपितों के पास से 30 लाख रूपये बरामद किए हैं। पुलिस ने तीन आरोपितों पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना के आधार पर माधोबाडी से जमीर और जगदीश चौटिया को गिरफ्तार किया। जमीर से केजीएन नाम से फर्जी कंपनी बना रखी है। वह कंपनी के खाते में हवाला की रकम डलवाता है। उसके खाते में पिछले छह महीने में 4.7 करोड़ का लेनदेन हुए। उसे 20 प्रतिशत कमीशन मिलता है। उसका संपर्क जीशान से वाट्सएप के जरिए हुआ था, जिसने खुद को दुबई में रहना बताया। उसने ही फर्जी कंपनी खुलवाई थी। उसके साथ ही मूलरूप से राजस्थान के बीकानेर के नाकोदेशर गांव के जगदीश चौटिया को गिरफ्तार किया गया। जगदीश भी कमिशन पर काम करता है। अब पुलिस जीशान का पता लगा रही है।

# लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 301 वीं जयंती कार्यक्रम

● पत्रकार वार्ता में विपक्ष पर किया जोरदार हमला

● कार्यक्रम में फिरोजाबाद पहुंचे डिप्टी सीएम केशव मौर्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद–** लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 301 वीं जयंती के उपलक्ष्य में पालीवाल हॉल में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सामान्य परिवार में जन्म लेने वाली लोकमाता अहिल्याबाई ने तमाम संकटों से जूझते हुए मुगल शासकों द्वारा तोड़े गए मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया है। पूरा देश और समाज उनका नाम लेने पर गौरवान्वित होता है। उन्होंने कोई राजकोष से धनराशि खर्च नहीं की, बल्कि सास द्वारा दी गई धनराशि से मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया। उन्होंने मुगलों से युद्ध करते हुए कभी भी सनातन धर्म की ज्योति को बुझने नहीं दिया। कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में उपमुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों खासकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा। इंडिया गठबंधन के भविष्य से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि यह गठबंधन 2024 में ही बिखर चुका है और जनता इसका वास्तविक स्वरूप देख चुकी है। मौर्य ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्ष अपनी भूमिका निभाने में पूरी तरह असफल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष केवल नकारात्मक राजनीति और बयानबाजी तक सीमित है। उपमुख्यमंत्री ने दावा किया कि वर्ष 2029 के चुनाव तक कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की स्थिति और कमजोर हो जाएगी, और जनता नया विकल्प तलाश लेगी। समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा का इतिहास संतों और रामभक्तों के सम्मान का नहीं रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि रामभक्तों पर गोली चलाने और संतों की उपेक्षा करने वाली पार्टी अब वोट बैंक की राजनीति के लिए अलग चेहरा दिखाने का प्रयास कर रही है, लेकिन जनता उनके चरित्र को जानती है। हाईकोर्ट की टिप्पणी



को लेकर भाजपा पर सवाल उठाने संबंधी अखिलेश यादव के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार भाजपा पर सवाल उठाए जा रहे हैं, उसी प्रकार विपक्ष भी अपनी भूमिका का आत्ममंथन करे। उन्होंने जोर दिया कि जनता सब कुछ देख रही है और लोकतंत्र में अंतिम निर्णय जनता ही करती है। पुलिस पर भाजपा के एजेंट की तरह काम करने के आरोपों को उन्होंने सिरे से खारिज कर दिया। मौर्य ने कहा कि यह विपक्ष की मानसिकता और राजनीतिक दृष्टिकोण का परिणाम है। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, विधायक टूण्डला प्रेमपाल धनगर, सदर विधायक मनीष असीजा, डॉ.अमित गुप्ता, सतीश दिवाकर सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत हरनहां में मई माह में 8.16 लाख रुपये के भुगतान पर उठे सवाल

● विकास कार्यों की जमीनी हकीकत की होगी पड़ताल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हरनहां/खीरी।** ग्राम पंचायत हरनहां में मई माह के दौरान विभिन्न विकास कार्यों एवं अन्य मदों के नाम पर कुल 8 लाख 16 हजार 258 रुपये का भुगतान किए जाने की जानकारी सामने आई है। भुगतान की राशि और कार्यों के विवरण को लेकर स्थानीय स्तर पर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जिन मदों में भुगतान किया गया है, उनकी वास्तविक स्थिति और जमीनी स्तर पर हुए कार्यों का सत्यापन होना आवश्यक है। सूत्रों के अनुसार पंचायत में नाली निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सफाई कार्य, सामग्री क्रय, मजदूरी भुगतान, पंचायत भवन एवं अन्य विकास कार्यों से संबंधित विभिन्न मदों में यह धनराशि खर्च दिखाई गई है। हालांकि ग्रामीणों का आरोप है कि कई कार्य या तो अधूरे हैं या फिर उनकी गुणवत्ता और वास्तविकता की जांच की जानी चाहिए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि लाखों रुपये का भुगतान विकास कार्यों के लिए किया गया है तो उसके अनुरूप धरातल पर कार्य भी स्पष्ट रूप से दिखाई देने चाहिए। ऐसे में प्रत्येक भुगतान मद का भौतिक सत्यापन कर यह देखा जाना आवश्यक है कि कार्य कब कराया गया, कितनी लागत आई और उसका लाभ ग्रामीणों को कितना मिल रहा है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि पंचायत में मई माह के दौरान हुए सभी भुगतानों की मदवार सूची सार्वजनिक की जाए तथा संबंधित कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कराया जाए। इससे यह स्पष्ट हो सकेगा कि सरकारी धन का उपयोग नियमानुसार हुआ है या नहीं। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि जिन विकास कार्यों और अन्य मदों में 8,16,258 रुपये खर्च दिखाए गए हैं, उनकी वास्तविक जमीनी स्थिति क्या है। बहुत जल्द प्रत्येक मद के भुगतान, कार्यस्थल, लागत और मौके पर मौजूद वास्तविक कार्यों की विस्तृत पड़ताल के



साथ रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी, जिससे ग्रामीणों के सामने पूरे मामले की तस्वीर साफ हो सके।

**ग्रामीणों की मांगः**

मई माह के सभी भुगतानों की मदवार जानकारी सार्वजनिक की जाए।

प्रत्येक कार्य का भौतिक सत्यापन कराया जाए।

भुगतान और कार्य की गुणवत्ता की स्वतंत्र जांच कराई जाए।

यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

# संक्षिप्त खबरें

## घर में फंदे से लटका मिला साइकिल दुकानदार का शव, क्षेत्र में शोक

**भदोही।** औराई थाना क्षेत्र के महाराजगंज हुसैनीपुर गांव में एक साइकिल दुकानदार का शव घर के कमरे में फांसी के फंदे से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी 46 वर्षीय कृष्ण कुमार पांडे उर्फ कुमार अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए साइकिल की दुकान संचालित करते थे। रविवार को उनका शव घर के एक कमरे में फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। वहीं, घटना के बाद परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## परिवार परामर्श केन्द्र की पहल रंग लाई, 07 बिछड़े दम्पति फिर हुए एक

**भदोही।** पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति फेज-5 के तहत संचालित परिवार परामर्श केन्द्र की पहल से सात बिछड़े दम्पतियों के रिश्तों में फिर से मिठास लौट आई। माह जून 2026 में परिवार परामर्श केन्द्र भदोही ने पारिवारिक विवादों से जुड़े सात मामलों में सफल काउंसलिंग कर पति-पत्नी को पुनः साथ रहने के लिए राजी किया। परिवार परामर्श केन्द्र में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के आधार पर दोनों पक्षों को बुलाकर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा धैर्यपूर्वक काउंसलिंग की गई। आपसी संवाद और समझाइश के बाद दम्पतियों ने पुरानी गलतफहमियों को भुलाकर नए सिरे से साथ रहने की सहमति जताई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि परिवार परामर्श केन्द्र का उद्देश्य टूटते पारिवारिक रिश्तों को बचाना और पारिवारिक सौहार्द बनाए रखना है। सफल समझौते के बाद सभी दम्पतियों की विदाई कराई गई। इस पहल से जहां परिवारों में खुशियां लौटीं, वहीं बच्चों के भविष्य को भी नई दिशा मिली। कार्यवाही के दौरान प्रभारी निरीक्षक सीमा सिंह, मुख्य आरक्षी विद्यानंद सिंह, महिला मुख्य आरक्षी कुमारी अंजनी, महिला आरक्षी प्रीति यादव, ममता चौहान, नेहा सिंह तथा आरक्षी विवेक कुमार उपस्थित रहे।

## नवागत कार्यक्रम अधिकारी ने पदभार ग्रहण किया



**मीरजापुर** शनिवार को नवागत जिला कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश कुमार ने मां विंध्यवासिनी के धाम पहुंचकर मां का दर्शन पूजन किया। तत्पश्चात विकास भवन स्थित जिला कार्यालय पहुंचे जहां पर सभी परियोजनाओं के सीडीपीओ एवं जिला कार्यालय के सभी स्टाप ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत अभिनंदन किया तत्पश्चात उन्होंने कार्यभार ग्रहण किया। उक्त अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी दिलीप कुमार वर्मा,डॉ नीलू मिश्रा,रेनू पांडेय, ज्योतिमा सिंह,मीना गुप्ता,अनुराधा सिंह, बड़े बाबू अमित शर्मा,विनय सिंह, राजेंद्र यादव, आयुष, सत्यम, कालिंदी सहित अन्य परियोजना के परियोजना अधिकारी रहे।वहीं जिला कार्यक्रम अधिकारी ने विभागीय कार्य को प्राथमिकता के आधार? पर समय से पूरा करना सरकारी योजनाओं से लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाना है।

# महजूदा में रात्रि चौपाल आयोजित, सीडीओ ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

- विभिन्न विभागों ने जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर किया जागरूक
- शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश
- स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं और किसानों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की
- पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने पर दिया गया जोर




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** समेकित जनकल्याण एवं जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत विकास खंड सुरियावां की ग्राम पंचायत महजूदा में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला की अध्यक्षता में शनिवार को रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। मुख्य विकास अधिकारी ने ग्रामीणों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

चौपाल में कृषि, पशुपालन, स्वास्थ्य, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, समाज कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार, पंचायतीराज तथा ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की योजनाओं की जानकारी दी। कृषि विभाग ने खरीफ फसलों की तैयारी, उन्नत कृषि तकनीकों और फसल सुरक्षा के उपाय बताए, जबकि पशुपालन विभाग ने पशुओं के टीकाकरण एवं दुग्ध उत्पादन बढ़ाने संबंधी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने आवास, पेयजल, सड़क, विद्युत, बैंकिंग सुविधाओं तथा अन्य स्थानीय समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए और कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

रात्रि चौपाल में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं, किसानों एवं ग्रामीणों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए अपनी समस्याएं और सुझाव साझा किए। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने प्रशासन द्वारा गांव में पहुंचकर समस्याएं सुनने और समाधान के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी सुरियावां ब्रजेश नारायण त्रिपाठी, एडीओ एसटी अशोक पांडेय,एडीओ आईएसबी वीरेंद्र कुमार ग्राम सभा महजूदा के प्रशासक राजमणि पांडेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर तीन दिन भारी वाहनों का रूट डायवर्ट

**भदोही।** आगामी उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को सकुशल एवं सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए जनपद में 8 जून से 10 जून 2026 तक भारी वाहनों के आवागमन पर आंशिक प्रतिबंध लगाया गया है। प्रशासन ने परीक्षा अवधि के दौरान यातायात व्यवस्था सुगम बनाए रखने के लिए डायवर्जन प्लान जारी किया है। जारी निर्देशों के अनुसार 8 जून से 10 जून तक प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक ट्रक, डंपर, हाईवा, ट्रेलर सहित अन्य भारी वाहनों का निर्धारित मार्गों पर प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। डायवर्जन योजना के तहत थाना औराई क्षेत्र के औराई चौराहे से मीरजापुर की ओर जाने वाले भारी वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा। वहीं थाना गोपीगंज क्षेत्र के मीरजापुर रोड तिराहा से मीरजापुर की ओर जाने वाले भारी वाहनों के आवागमन पर भी रोक रहेगी। प्रशासन के मुताबिक रोडवेज बस, सवारी वाहन, एम्बुलेंस, फायर सर्विस तथा दूध, ब्रेड सहित आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति करने वाले वाहनों को इस प्रतिबंध से मुक्त रखा गया है। परीक्षार्थियों की सुविधा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए आमजन से सहयोग की अपील की गई है।

# हलिया विकासखंड के मॉडल ग्राम पंचायतो के नाम पर सिर्फ कोरम पूरा किया गया है जमीन पर हकीकत कुछ नहीं है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हलिया मीरजापुर।** हलिया विकासखंड के ग्राम पंचायतो मे मॉडल गांव के नाम पर सिर्फ कोरम पुरा किया गया है बाकी जमीनी हकीकत कुछ नहीं है सिर्फ और सिर्फ सरकार के नजर में ग्राम पंचायत को ठीक-ठाक बताया गया है लेकिन जमीन पर ठीक-ठाक देखने को नहीं मिला जिस पर ग्रामीणों ने आवाज उठाते हुए कहा कि सरकार के यहां से मॉडल ग्राम पंचायत के नाम पर सिर्फ पैसा ब्लॉक पर बैठे कर्मचारियों के द्वारा गमन किया जाता है और एक ग्राम पंचायत को सजाकर वही बार-बार दिखाने का प्रयास किया जाता है बाकी जमीनी हकीकत कुछ नहीं है स्वच्छ भारत मिशन को खुलेआम ताक पर रखकर काम किया जा रहा है जमीन पर नहीं है कोई हकीकत ब्लॉक पर बैठे कर्मचारियों के द्वारा सिर्फ सरकार को फर्जी काम दिखाया जाता है किसी भी मॉडल ग्राम पंचायत में सुंदर व स्वच्छ कार्य नहीं हुआ है जब किसी अधिकारियों का दौड़ा होता है तब एक ग्राम पंचायत को डेंट पेंट करवा के सजाकर उसी को दिखा दिया जाता है । बाकी ग्राम पंचायत में रामराज भरोसे काम चल रहा है हलिया विकासखंड के लगभग ग्राम पंचायत में आर आरसी सेंटर आधा अधूरा पड़े हैं कहीं पर संचालित है कहीं पर संचालित भी नहीं है ग्राम पंचायत में सिर्फ गिनती के लिए शौचालय दिया गया है किसी के पास बना हुआ शौचालय सरकार का नहीं दिखाई दे रहा है ब्लॉक के ग्राम पंचायत में लगभग आवास में भी जमकर हेरा फेरी धनगाही का मामला प्रकाश में आया है ग्रामीणो ने कहा कि किसी भी ग्राम पंचायत में खुली बैठक नहीं कराया जाता है पंचायत भवनों पर काम का लिस्ट नहीं चमकाया जाता है जिससे लोगों को जानकारी मिलेगी 5 वर्ष में ग्राम पंचायत में कितना धन आया कितने का काम हुआ ना तो कोई कार्य का लिस्ट लगाया जाता है सिर्फ कोरम पूरा करने का काम किया जाता है।

# नगर पालिका ने बरोटा रोड पर हाईटेंशन तार नीचे 3 अवैध दुकानें व अवैध निर्माण को तोड़ा





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लुधियाना,** अवैध इमारतों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए नगर पालिका जोन-सी की बिल्डिंग शाखा ने शनिवार को बरोटा रोड पर अवैध रूप से निर्माणाधीन तीन दुकानों को ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा, इलाके में उच्च तनाव वाले तारों के नीचे एक अवैध संरचना को भी ध्वस्त कर दिया गया है। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि नगर आयुक्त डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता के निर्देश पर कार्य करते हुए नियमित रूप से अवैध निर्माण के खिलाफ हो रही कार्रवाई। ये अभियान आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा। इससे पहले शुक्रवार को नगर निगम की टीम ने लोहारा इलाके में सरकारी जमीन पर कब्जा भी हटा लिया था।

भवन शाखा के अधिकारियों ने कहा कि अवैध निर्माण को रोकने के लिए मालिकों को पहले ही नोटिस जारी किया जा चुका है। उन्होंने अवैध निर्माण जारी रखा, जिससे अवैध इमारतों के खिलाफ कार्रवाई हुई। इस बीच नगर निगम अधिकारियों ने निवासियों से आग्रह किया कि नगर निगम से भवन योजना की स्वीकृति के बाद ही निर्माण शुरू करें, अन्यथा अवैध निर्माण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक



**भदोही।** उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत जनपद भदोही पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में जनपद के सभी थानों की एंटी रोमियो टीमों ने बाजारों, विद्यालयों, कॉलेजों, धार्मिक स्थलों एवं सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर छात्राओं, बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने वूमेन पावर लाइन-1090, यूपी-112, महिला हेल्पलाइन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930, एंबुलेंस सेवा-108 एवं स्वास्थ्य सेवा-102 सहित अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित कर जागरूक किया। पुलिस ने महिलाओं से किसी भी आपात स्थिति में हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग करने की अपील की।

# डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिसर डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने सीनियर अधिकारियों के साथ पोलिंग बूथ पर एसआईआर कैंप का रिव्यू किया

- पटियाला जिले के 1786 पोलिंग स्टेशनों पर लगे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन कैंप के दौरान बीएलओ मौजूद रहे



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पटियाला:** पटियाला डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिसर-कम-डिप्टी कमिश्नर डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने आज इलेक्शन कमीशन ऑफ़ इंडिया के निर्देशों के अनुसार प्री-एसआईआर के दौरान वोटरों की मैपिंग और वेरिफिकेशन के लिए जिले के 1786 पोलिंग स्टेशनों पर लगे स्पेशल कैंप का रिव्यू किया। लोकसभा चुनाव क्षेत्र पटियाला के पोलिंग स्टेशनों पर स्पेशल वोटर अवेयरनेस और मैपिंग कैंपेन के तहत पांच पोलिंग बूथ का इंस्पेक्शन करते हुए डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि चीफ इलेक्शन ऑफिसर पंजाब श्रीमती अनिंदिता मित्रा के निर्देशों के अनुसार, आज लगाए गए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) कैंप के दौरान वोटर मैपिंग और वेरिफिकेशन की सुविधा दी गई है। उन्होंने कहा कि इस मौके पर सभी बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक अपने-अपने पोलिंग स्टेशनों पर मौजूद थे ताकि लोगों को उनकी वोटर डिटेल्स चेक करने और वोटर लिस्ट से जुड़े मामलों को हल करने में मदद मिल सके।

डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने कहा कि मौजूदा वोटर लिस्ट में रजिस्टर्ड वोटरों का साल 2003 की वोटर लिस्ट से मिलान करने के प्रोसेस के तहत करीब 84 परसेंट वोटरों की मैपिंग हो चुकी है। बाकी 16 परसेंट वोटरों के रजिस्ट्रेशन और वेरिफिकेशन के बारे में चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर पंजाब की लीडरशिप में ज़रूरी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सही वोटर लिस्ट एक मज़बूत और जीवंत लोकतंत्र की नींव हैं और चुनावी प्रोसेस की ईमानदारी बनाए रखने के लिए लोगों की सक्रिय भागीदारी बहुत ज़रूरी है। डिप्टी कमिश्नर ने लोगों से अपील की कि वे चुनाव अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग करें और यह पक्का करने में मदद करें कि हर योग्य वोटर का नाम वोटर लिस्ट में सही तरीके से शामिल हो। उन्होंने कहा कि योग्य नागरिकों का नाम वोटर लिस्ट में शामिल होना लोकतंत्र की मज़बूती के लिए बहुत ज़रूरी है। उन्होंने लोगों को अपनी वोटर डिटेल्स चेक करने और अगर ज़रूरी हो, तो तय फॉर्म के ज़रिए सही करने, एनरोल करने या दूसरे ज़रूरी बदलाव करने के लिए भी बढ़ावा दिया। जिला चुनाव अधिकारी ने कहा कि इस काम का मुख्य मकसद मौजूदा वोटरों का साल 2003 की वोटर लिस्ट से मिलान करना है। उन्होंने वोटरों से अपील की कि अगर किसी वोटर या उसके परिवार के किसी सदस्य का वोट किसी वजह से साल 2003 की वोटर लिस्ट से मैच नहीं हो रहा है या नहीं हुआ है, तो वे अपने-अपने बीएलओ से संपर्क करें और मैचिंग प्रोसेस पूरा करवा लें। डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने कहा कि इन कैंपों के दौरान युवाओं में वोटर रजिस्ट्रेशन और चुनाव में हिस्सा लेने के बारे में जागरूकता पैदा करने पर भी खास ज़ोर दिया गया है। इस मौके पर चुनाव तहसीलदार विजय चौधरी और दूसरे अधिकारी भी मौजूद थे।

# प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल आयोजित कर भूमि विवादों एवं जनसमस्याओं का होगा निस्तारण: जिलाधिकारी

- चौपाल से अनुपस्थित अधिकारियों पर होगी 'नो वर्क, नो पे' की कार्रवाई
- तहसीलवार ग्राम पंचायतों में चौपाल की तिथियां निर्धारित, सभी विभागों की उपस्थिति अनिवार्य
- ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान हेतु प्रशासन गांवों की ओर
- राजस्व, पेंशन, आवास, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं की होगी समीक्षा




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही, 07 जून 2026।** मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुरूप जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने जनपद की समस्त तहसीलों में जून माह के प्रत्येक शुक्रवार को 'ग्राम चौपाल' आयोजित करने के निर्देश जारी किए हैं। ग्राम चौपाल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि विवादों सहित विभिन्न जनसमस्याओं का मौके पर ही प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करना है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपाल का आयोजन प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता संबंधित उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार द्वारा की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य करते हुए चेतावनी दी है कि बिना अनुमति अनुपस्थित पाए जाने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध 'नो वर्क, नो पे' के सिद्धांत के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**तहसीलवार ग्राम चौपाल कार्यक्रम**

तहसील औराई

» 12 जून 2026 : न्याय पंचायत औराई, ग्राम पंचायत औराई

» 19 जून 2026 : न्याय पंचायत पिपरगांव, ग्राम पंचायत अछ्वर पिपरगांव

» 27 जून 2026 : न्याय पंचायत खेमईपुर, ग्राम पंचायत चक हरिवंश भटान

**तहसील ज्ञानपुर**

» 12 जून 2026 : न्याय पंचायत नत्थईपुर, ग्राम पंचायत कसीदहा

» 19 जून 2026 : न्याय पंचायत डीघ, ग्राम पंचायत डीघ तरीबनकट ऊपरवार

» 27 जून 2026 : न्याय पंचायत दरवासी, ग्राम पंचायत गोधना

**तहसील भदोही**

» 12 जून 2026 : न्याय पंचायत हरी पट्टी, ग्राम पंचायत चकपडरी

» 19 जून 2026 : न्याय पंचायत अजयपुर, ग्राम पंचायत पिपरीस मूसीलाटपुर

» 27 जून 2026 : न्याय पंचायत रामनगर, ग्राम पंचायत रामनगर

सभी विभागों की उपस्थिति रहेगी अनिवार्य

ग्राम चौपाल में राजस्व, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, कृषि, बाल विकास एवं पुष्टाहार, स्वास्थ्य, रोजगार, सिंचाई, समाज कल्याण, खाद्य एवं रसद सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी।

**विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं शिकायतों का होगा निस्तारण**

ग्राम चौपाल के दौरान भूमि विवादों के अतिरिक्त ग्रामीणों से जुड़े विभिन्न मामलों का निस्तारण किया जाएगा, जिनमें वरासत, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर की नकल, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना, वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन, व्यक्तिगत शौचालय, नाली-खरंजा निर्माण, मनरेगा जॉब कार्ड, राशन कार्ड संबंधी समस्याएं, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फार्मर रजिस्ट्री, आयुष्मान कार्ड, पुष्टाहार वितरण, स्वास्थ्य सेवाएं, नलकूप एवं सिंचाई से जुड़े प्रकरण प्रमुख रूप से शामिल हैं।

जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि ग्राम चौपाल ग्रामीण जनता और प्रशासन के बीच सीधे संवाद का प्रभावी मंच है। उन्होंने कहा कि चौपाल में प्राप्त होने वाली शिकायतों एवं समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाएगा। खंड विकास अधिकारी प्राप्त शिकायतों को तत्काल संबंधित विभागों को प्रेषित करेंगे, जबकि मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अधिकारियों की उपस्थिति एवं शिकायतों के निस्तारण की नियमित समीक्षा की जाएगी, जिससे ग्रामीणों को त्वरित एवं प्रभावी राहत उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि निर्धारित तिथियों पर आयोजित ग्राम चौपाल में पहुंचकर अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को प्रस्तुत करें तथा शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

# नामधारी पंथ सादगी, सच्चाई और नशा-मुक्त जीवन की मिसाल: गवर्नर गुलाब चंद कटारिया

- 'पंजाब को नशा-मुक्त बनाने के लिए हमें सतगुरु राम सिंह जी की सोच अपनानी होगी': गवर्नर पंजाब
- गवर्नर कटारिया ने श्री भैणी साहिब के अपने पहले दौरे के दौरान नामधारी गौशाला और ऐतिहासिक राम मंदिर का भी दौरा किया
- देश कूका शहीदों की कुर्बानी को कभी नहीं भूल सकता: गुलाब चंद कटारिया
- गवर्नर का श्री भैणी साहिब में गर्मजोशी से स्वागत, सतगुरु उदय सिंह ने किया सम्मान
- कूका आंदोलन ने आजादी की लड़ाई की नींव रखी: गवर्नर पंजाब



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्री भैणी साहिब (लुधियाना):** पंजाब के गवर्नर श्री गुलाब चंद कटारिया ने श्री भैणी साहिब (लुधियाना) के आध्यात्मिक और धार्मिक स्थल का दौरा किया, जहां उन्होंने धार्मिक धरोहर स्थल श्री भैणी साहिब के दर्शन किए और आध्यात्मिक गुरमत समागम में भी संबोधित किया। नामधारी संप्रदाय के दुनिया भर में प्रमुख सतगुरु उदय सिंह ने पंजाब के गवर्नर गुलाब चंद कटारिया का स्वागत किया और नामधारी समुदाय द्वारा अपनाई गई आध्यात्मिक परंपराओं और मानवीय मूल्यों के बारे में जानकारी दी।

इस मौके पर, पंजाब के स्टेट इन्फॉर्मेशन कमिश्नर श्री हरप्रीत संधू की बनाई मशहूर धार्मिक धरोहर 'सचखंड श्री दरबार साहिब अमृतसर' को दिखाती एक खास पेंटिंग सतगुरु उदय सिंह जी ने पंजाब के गवर्नर श्री गुलाब चंद कटारिया को पवित्र यादगार के तौर पर भेंट की। पंजाब का गवर्नर बनने के बाद श्री गुलाब चंद कटारिया का यह पहला श्री भैणी साहिब दौरा था। इस दौरे के दौरान, गवर्नर ने श्री भैणी साहिब के अंदर पवित्र जगह राम मंदिर का भी दौरा किया, जहाँ 1857 में अंग्रेजों के खिलाफ कूका आंदोलन शुरू हुआ था। गवर्नर ने राम मंदिर के अंदर लगी फोटो प्रदर्शनी भी देखी। इसके बाद, उन्होंने नामधारी गौशाला का भी दौरा किया जहाँ उन्होंने गायों को गुड़ खिलाया और गायों की सुरक्षा और भलाई के लिए किए जा रहे समर्पित प्रयासों की भी तारीफ की।

गुलाब चंद कटारिया ने श्री भैणी साहिब में सतगुरु उदय सिंह की मौजूदगी में हुए गुरमत समागम में भी हिस्सा लिया, जहाँ उन्होंने कीर्तन सुना। इस मौके पर चीफ इन्फॉर्मेशन कमिश्नर पंजाब इंदरपाल सिंह धन्ना और पंजाब स्टेट इन्फॉर्मेशन कमिश्नर हरप्रीत संधू भी गुरमत समागम में शामिल हुए। इस मौके पर गवर्नर गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि श्री सतगुरु राम सिंह जी ने ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ गुटनिरपेक्ष आंदोलन शुरू करके भारत की आजादी की लड़ाई की नींव रखी और देश को धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक रास्ता दिखाया। उन्होंने सत्य, सत्याग्रह और अहिंसा के सिद्धांतों को बनाए रखा और इन सिद्धांतों को अपनाकर देश की आजादी की लड़ाई में अहम योगदान दिया। सतगुरु राम सिंह जी की सोच को समाज सुधार का आधार बनाने की जरूरत है।

कूका शहीदों की कुर्बानियों का जिक्र करते हुए गुलाब चंद कटारिया ने आगे कहा कि सतगुरु राम सिंह जी ने बहादुर क्रांतिकारी पैदा किए, जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी और देश को आजाद कराने के लिए बंदूकों के सामने खड़े होकर अपनी जान कुर्बान कर दी। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने मालेरकोटला में 66 नामधारी सिंहों को गोली मार दी थी और लुधियाना, रायकोट और अमृतसर में कई नामधारी सिंहों को सरेआम फांसी पर लटका दिया गया था। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में पंजाबियों ने सबसे ज्यादा कुर्बानियां दीं और नामधारी सिंहों ने भी आजादी की लड़ाई में बहुत कुर्बानियां दीं, जिन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि यह नामधारी सतगुरु राम सिंह जी ही थे जिन्होंने गुरुओं के दिखाए अहिंसा के रास्ते पर चलते हुए अंग्रेजों और उनके दिए गए आराम का पूरी तरह से बायकॉट किया था। इतिहास गवाह है कि देश की आजादी की असली नींव कूकाओं ने मालेरकोटला की पवित्र धरती से रखी थी।

पंजाब के गवर्नर ने नामधारी पंथ को सादगी, सच्चाई और विनम्रता का स्रोत बताते हुए संगत से अपील की कि हमें इस पंथ और गुरुओं के दिखाए रास्ते पर चलकर भगवान को पाने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर कोई 100 परसेंट नशा मुक्त समाज है, तो वह नामधारी पंथ है। असल में, उन्होंने चाय पीना भी छोड़ दिया है। ऐसे कल्चर को इंस्पायर करने वाला इंसान ही एक अच्छा समाज बना सकता है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि असल में सतगुरु राम सिंह के चरणों में सिर झुकाकर पंजाब को ड्रग-फ्री पंजाब बनाने में कामयाबी मिलेगी। उन्होंने कहा कि नामधारी पंथ ने हमेशा एनवायरनमेंट, एग्रीकल्चर और स्पोर्ट्स को बढ़ावा दिया है।

इस मौके पर सतगुरु उदय सिंह ने गुरमत समागम के दौरान पंजाब के गवर्नर गुलाब चंद कटारिया, चीफ इन्फॉर्मेशन कमिश्नर पंजाब इंदरपाल सिंह धन्ना और पंजाब स्टेट इन्फॉर्मेशन कमिश्नर हरप्रीत संधू को सिरोपा और दूसरे सम्मान देकर सम्मानित भी किया। आखिर में, पंजाब के गवर्नर ने सतगुरु उदय सिंह को उनकी अच्छी मेहमाननवाज़ी के लिए धन्यवाद दिया और आध्यात्मिक और कल्चरल परंपराओं को बनाए रखने और बढ़ावा देने के लिए नामधारी पंथ की कोशिशों की तारीफ़ की।

## संक्षिप्त खबरें

### मेवा लाल की बगिया चौराहे पर छतरी कल्याण समिति ने किया शरबत वितरण



**नैनी, प्रयागराज।** भीषण गर्मी के बीच लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से मेवा लाल की बगिया चौराहे पर रविवार सुबह छतरी कल्याण समिति, यमुनापार के सौजन्य से शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह सेवा कार्यक्रम कई घंटों तक चला, जिसमें राहगीरों, स्थानीय नागरिकों एवं जरूरतमंदों को शरबत वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा महानगर के पूर्व जिलाध्यक्ष नरसिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजन छतरी कल्याण समिति के महामंत्री रवि करण सिंह ने किया।इस अवसर पर पार्षद दिलीप केसरवानी,भाजपा नैनी मंडल अध्यक्ष रजत दुबे, समर बहादुर सिंह, यूसुफ अंसारी, पुने प्रताप सिंह, रितेश कुमार सिंह, रामेश्वर सिंह, दीपक सिंह, मुन्ना सिंह, ज्ञान सिंह मौर्य, घनश्याम जायसवाल, कैलाश सिंह, संजय सिंह, सुशील सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।वक्ताओं ने कहा कि भीषण गर्मी में इस प्रकार के सेवा कार्य समाज के प्रति जिम्मेदारी होती है।

### भाजपा नैनी मंडल की मासिक बैठक संपन्न, संगठनात्मक कार्यक्रमों पर हुई विस्तृत चर्चा



**नैनी, प्रयागराज–** भारतीय जनता पार्टी नैनी मंडल की जून माह की मासिक बैठक रविवार को मंडल कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में मंडल पदाधिकारियों, विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारियों एवं शक्ति केंद्र संयोजकों ने सहभागिता की। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रजत दुबे ने की। बैठक में पार्टी द्वारा निर्धारित मासिक कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किए जाने वाले '12 साल बेमिसाल' अभियान के अंतर्गत सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया।इसके साथ ही बूथ समितियों के गठन, शक्ति केंद्रों की मासिक बैठकों के आयोजन, संगठन के विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तृत चर्चा हुई ।पदाधिकारियों को संगठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक सफलतापूर्वक पहुंचाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में मंडल महामंत्री दिनेश सिंह सहित मंडल एवं मोर्चा के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का सफल संचालन मंडल के वरिष्ठ एवं अनुभवी महामंत्री ओम प्रकाश मिश्रा द्वारा किया गया।यह जानकारी मीडिया प्रभारी आकाश जायसवाल ने दी।

### कीडगंज पुलिस को मिली सफलता, वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**प्रयागराज।** अपराध एवं वांछित अभियुक्तों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कीडगंज पुलिस ने मुकदमे में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए न्यायालय में पेश किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कीडगंज में पंजीकृत मुकदमा संख्या 90/2026 में धारा 69, 115(2) एवं 351(3) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत दर्ज मामले में वांछित अभियुक्त आदर्श त्रिपाठी पुत्र कमलेश त्रिपाठी की तलाश की जा रही थी। अभियुक्त का मूल निवास ग्राम चंदापुर मलाक हरहर, थाना फाफामऊ क्षेत्र में है, जबकि वह वर्तमान में बैद्य जी का हाता, बाई का बाग, थाना कीडगंज क्षेत्र में रह रहा था। थाना कीडगंज पुलिस द्वारा लगातार की जा रही निगरानी एवं सघन चेकिंग अभियान के दौरान मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने मनकामेश्वर मंदिर मोड़ के पास घेराबंदी कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की आयु लगभग 22 वर्ष बताई गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को थाने लाकर आवश्यक पूछताछ की गई तथा नियमानुसार सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# देश के न्यायिक इतिहास में नया अध्याय: पहली बार एक साथ चार महिलाएं बनीं हाईकोर्ट्स की चीफ जस्टिस

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**ब्यूरो प्रयागराज।** देश की न्यायपालिका में महिला प्रतिनिधित्व को लेकर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई। पहली बार भारत में एक साथ चार महिला हाईकोर्ट चीफ जस्टिस कार्यरत हैं। इसे उच्च न्यायिक व्यवस्था में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और नेतृत्व की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। सिक्किम हाईकोर्ट की जस्टिस मीनाक्षी मदन राय को पटना हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किए जाने के साथ यह उपलब्धि दर्ज हुई। वर्तमान में देश की चार महिला हाईकोर्ट चीफ जस्टिस हैं– पटना हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस मीनाक्षी मदन राय, गुजरात हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस सुनीता अग्रवाल, मेघालय हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस लिसा गिल। जस्टिस सुनीता अग्रवाल मूल रूप से इलाहाबाद हाईकोर्ट से हैं। वह 23 जुलाई 2023 से गुजरात हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस हैं। वहीं बॉम्बे हाईकोर्ट की जस्टिस रेवती मोहिते डेरे को 10 जनवरी 2026 को मेघालय हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया था। पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट से आने वाली जस्टिस लिसा गिल ने 25 अप्रैल 2026 को आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस का पद संभाला था। संसद में इस वर्ष केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार फरवरी, 2026 तक देश के विभिन्न हाइकोर्टों में कार्यरत 781 जजों में से 116 महिलाएं थीं। यह कुल कार्यरत जजों का लगभग 14.85 प्रतिशत है। इससे पहले देश में एक समय में अधिकतम तीन स्थायी महिला चीफ जस्टिस ही कार्यरत रही थीं। वर्ष 2018 में चार महिलाओं ने हाइकोर्टों का नेतृत्व किया था लेकिन उनमें से एक एक्टिंग चीफ जस्टिस थीं। उस समय जस्टिस इंदिरा बनर्जी मद्रास हाईकोर्ट, जस्टिस मंजुला चेल्लूर बॉम्बे हाईकोर्ट और जस्टिस जी. रोहिणी दिल्ली हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस थीं, जबकि जस्टिस निशिता निर्मल म्हात्रे कलकत्ता हाईकोर्ट की एक्टिंग चीफ जस्टिस के रूप में कार्यरत थीं। चार महिला चीफ जस्टिस का एक साथ पद पर होना भारतीय न्यायपालिका में लैंगिक संतुलन और महिला नेतृत्व की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है।

## इस शासन में मजदूरो/ कर्मचारियो गरीब असहाय की सुधि लेने वाला कोई नही

**ब्यूरो प्रयागराज।** इस शासन में मजदूरो/ कर्मचारियो गरीब असहाय की सुधि लेने वाला कोई नही है प्रदेश की चौदह लेबर कोर्ट मे मुकदमे की सुनवाई न होने से प्रदेश के मजदूरो/ कर्मचारियो मे निराशा है ऐसा कहना साधारण बात नही असलियत यह है प्रदेश मे सत्रह लेबर कोर्ट मे लगभग दो साल से मजदूरो/ करचारियो की समस्याओ का निस्तारण न हो पाना मजदूरो/ कर्मचिरियो के समक्ष बडा संकट उत्पन्न हो गया है। प्रदेश की चौदह लेबर कोर्ट मे मुकदमे की सुनवाई न होने प्रदेश के मजदूरो/ कर्मचारियो मे निराशा है। प्रदेश के लेबर मंत्रालय से लेबर कोर्ट मे विगत लगभग दो साल से किसी भी जज की नियुक्त न कर पाना बडा गंभीर मामला बन गया है। प्रदेश लेबर मंत्रालय की क्या मजबूरी है कि मजदूर उपेक्षा का शिकार हो कर दर दर भटकने को मजबूर हो गया है। मजदूरो/ कर्मचारियो का प्रदेश के मुख्य मंत्री जी से आग्रह है कि लेबर कोर्ट मे जजों की नियुक्ती के लिए ठोस कदम उठाए ताकि मजदूर उपेक्षा का शिकार न हो। लेबर मंत्रालय की निद्रा कब टूटती और लेबर कोर्ट मे जजो की नियुक्त कर मजदूरो/ कर्मचारियो को राहत कब प्रदान करेगा यह शासन की मनसा उजागर करेगा।

## प्रयागराज में लंबे समय से गैरहाजिर 9 महिला शिक्षिकाएं बर्खास्त

### ● नोटिस और सुनवाई का अवसर देने के बावजूद नहीं मिला जवाब

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**ब्यूरो प्रयागराज–** बेसिक शिक्षा विभाग में अनुशासनहीनता के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रयागराज के बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने लंबे समय से बिना सूचना विद्यालयों से अनुपस्थित चल रही 9 महिला सहायक अध्यापिकाओं की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। विभागीय जांच और नोटिस जारी किए जाने के बाद भी संबंधित शिक्षिकाओं की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर यह कठोर कदम उठाया गया। जानकारी के अनुसार, संबंधित महिला शिक्षिकाएं काफी समय से अपने-अपने विद्यालयों में अनुपस्थित थीं। विभाग द्वारा उनकी गैरहाजिरी को गंभीरता से लेते हुए पहले कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। इसके साथ ही उन्हें अपना पक्ष रखने और अनुपस्थिति के संबंध में स्पष्टीकरण देने का पूरा अवसर भी प्रदान किया गया। बीएसए कार्यालय के अधिकारियों के मुताबिक कई बार सूचना भेजे जाने के बावजूद शिक्षिकाओं ने न तो विभागीय नोटिस का जवाब दिया और न ही कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा। ऐसे में उनके विरुद्ध विभागीय नियमों के तहत कार्रवाई की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई। बीएसए अनिल कुमार ने बताया कि शासकीय सेवाओं में अनुशासन और जवाबदेही सर्वोपरि है। बिना किसी सूचना के लंबे समय तक विद्यालय से अनुपस्थित रहना सेवा नियमों का गंभीर उल्लंघन है। सभी संबंधित शिक्षिकाओं को नियमानुसार अवसर दिया गया, लेकिन उनके द्वारा कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके चलते 9 सहायक अध्यापिकाओं की सेवाएं समाप्त करने का आदेश जारी किया गया है। इस कार्रवाई के बाद बेसिक शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था को प्रभावित करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## हंडिया में बिजली के पोल से टकराई तेज रफ्तार बाइक

### ● एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**हंडिया /प्रयागराज।** सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को हंडिया थाना क्षेत्र में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे ने क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ा दी। नटवा तिराहे के समीप तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से जा टकराई। हादसा इतना भीषण था कि बाइक पर सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों युवक बाइक से कहीं जा रहे थे। नटवा तिराहे के पास पहुंचते ही बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सीधे बिजली के पोल से टकरा गई। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक एक युवक दम तोड़ चुका था। दूसरा युवक गंभीर हालत में सड़क पर पड़ा तड़प रहा था। घटना की सूचना तत्काल हंडिया थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को एम्बुलेंस के माध्यम से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार घायल युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त बाइक को भी अपने कब्जे में ले लिया गया है। पुलिस मृतक एवं घायल युवक की पहचान सुनिश्चित करने तथा उनके परिजनों को सूचना देने की प्रक्रिया में जुटी हुई है।

## कोई एक इंच भी सरकारी जमीन नहीं कर पाएगा कब्जा', राज्य मंत्री कृष्णा पासवान ने प्रयागराज में दिखाए सख्त तेवर

**प्रयागराज।** प्रदेश की पशुधन एवं दुग्ध विकास राज्य मंत्री कृष्णा पासवान ने प्रयागराज में अपने सख्त तेवर दिखाए। माफिया अतीक अहमद के गुर्गों द्वारा सरकारी भूमि पर कब्जा करके प्लाटिंग करने की शिकायत पर राज्यमंत्री ने कहा, एक इंच भी सरकारी जमीन कोई कब्जा नहीं कर पाएगा। नगर निगम की जमीन कब्जा मुक्त कराई जाएगी। इस मामले को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंचाया जाएगा। राज्यमंत्री कृष्णा पासवान को रविवार को प्रयागराज आगमन हुआ। रसूलपुर मरियाडीह की कान्हा गोशाला का उन्होंने निरीक्षण किया। वहां नगर निगम की जमीन पर माफिया अतीक अहमद के गुर्गों द्वारा कब्जा करने का मामला स्थानीय लोगों ने उठाया। इस पर उन्होंने कहा कि कहा कि माफियाओं के खिलाफ योगी सरकार लगातार कार्यवाही कर रही है। माफिया दुनिया छोड़ रहे हैं अथवा प्रदेश। जो बचे हैं, उन्हें भी सही सबक सिखाया जाएगा। सरकार किसी माफिया को पनपने नहीं देगी।

## धूमधाम से मनाया गया 'पहली आजादी महोत्सव',1857 के शहीदों को किया गया नमन

### ● शहीदों की याद में वृक्षारोपण हेतु नि:शुल्क पौधों का हुआ वितरण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज के ऐतिहासिक खुसरोबाग उद्यान में आज 7 जून को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 'प्रयागराज की पहली आजादी महोत्सव' का गरिमामय आयोजन किया गया। यह महोत्सव सन 1857 के उस ऐतिहासिक घटनाक्रम की याद में मनाया जाता है, जब प्रयागराज (तब इलाहाबाद) अंग्रेजी हुकूमत से आजाद हुआ था और पूरे 10 दिनों तक स्वतंत्र रहा था। भारत भाग्य विधाता संस्था के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने की। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में 1857 की क्रांति के वीर सपूतों के बलिदान और प्रयागराज के इस गौरवशाली इतिहास को याद किया।उन्होंने कहा की यह बड़ी बात है कि हमारे पूर्वजों ने भारत की आन बान शान बनाए रखने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान किया। हमें उनसे प्रेरणा लेना चाहिए। हमें इतिहास से यह सीखना चाहिए कि हम अपने देश को आगे बढ़ाने के लिए क्या कर सकते हैं। कहा की हम जहां भी रहे देश के लिए कुछ अच्छा करें। जिलाधिकारी ने कहा कि सिर्फ एक दिन इतिहास को याद कर लेने से काम नहीं चलेगा हमें अपने स्तर पर देश को नैतिक नागरिक बनने के लिए खुद को प्रेरित करना होगा। प्रयागराज की धरती क्रांतिकारियों की



धरती रही है। 1857 में मिली 10 दिनों की वह आजादी हमारे देश के स्वाधीनता संग्राम का एक स्वर्णिम अध्याय है। शहीदों की स्मृति में जिलाधिकारी द्वारा खुसरूबाग की पौधशाला से उपस्थित जनमानस को नि:शुल्क पौध वितरण का कार्य भी किया गया। इस अवसर पर खुसरोबाग के उद्यान प्रभारी वी के सिंह, समाजसेवी अन्नू भैया, वीरेंद्र पाठक एवं प्रबुद्धजन और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे, जिन्होंने पूरे उत्साह के साथ महोत्सव में हिस्सा लिया और शहीदों को नमन किया।

# पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी- पीके सिंह

### ● इफको फूलपुर में निकाली गई 'रन फॉर एनवायरमेंट' जागरूकता रैली, ।किया गया वृहद वृक्षारोपण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**







दया शंकर त्रिपाठी

**ब्यूरो प्रयागराज।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने तथा हरित एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण का संदेश देने के उद्देश्य से इफको फूलपुर की घियानगर कॉलोनी में वरिष्ठ महाप्रबंधक (इकाई प्रमुख) श्री पी.के. सिंह के नेतृत्व में 'रन फॉर एनवायरमेंट' जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण से संबंधित आकर्षक पोस्टर, बैनर एवं प्रेरक नारों के माध्यम से लोगों को प्रकृति संरक्षण एवं वृक्षारोपण के महत्व के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में इफको के अधिकारी एवं कर्मचारी, महिला चेतना क्लब की सदस्याएं, घियानगर की महिलाएं तथा बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रैली के उपरांत वरिष्ठ महाप्रबंधक (इकाई प्रमुख) पी.के. सिंह ने महिला चेतना क्लब की अध्यक्षा सरिता सिंह एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इफको कॉलोनी परिसर में वृहद वृक्षारोपण किया। इस दौरान नीम, पीपल, आम सहित विभिन्न छायादार एवं पर्यावरण के लिए लाभकारी प्रजातियों के पौधे लगाए गए। विशेष रूप से कार्यक्रम में उपस्थित महाप्रबंधकों एवं संयुक्त महाप्रबंधकों ने अपनी धर्मपत्नी के साथ वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा परिवार एवं समाज को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। इस पहल ने कार्यक्रम को एक भावनात्मक एवं सामाजिक आयाम प्रदान किया। इस अवसर पर पी.के. सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। वृक्षारोपण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता ही सतत एवं स्वस्थ भविष्य की आधारशिला है। कार्यक्रम का सफल समन्वय वरिष्ठ प्रबंधक (ई.पी.सी.) श्री उमेश कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक पी.के. पटेल, रत्नेश कुमार एवं ए.के. गुप्ता, संयुक्त महाप्रबंधक आर.पी. यादव, संदीप गोयल, शैलेश शेरकर, संजय कुमार एवं आशीष कुमार अपनी धर्मपत्नियों सहित उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन) शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के महामंत्री स्वयम् प्रकाश तथा इफको इम्प्लाइज संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय एवं महामंत्री विजय कुमार यादव सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

## पुणे के रिसॉर्ट में 'प्रोजेक्ट एक्स' का पर्दाफाश

### ● गांजा-हुक्का और शराब के साथ 156 लोग पकड़े गए

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** पुलिस ने महाराष्ट्र के पुणे के तुलापुर इलाके में 'प्रोजेक्ट एक्स' नाम से आयोजित एक गैर-कानूनी पार्टी पर सुबह-सुबह छापा मारा और नाबालिगों समेत कुल 156 लोगों को हिरासत में लिया। अधिकारिकयों ने रविवार को इसकी जानकारी दी।जांचकर्ताओं ने कहा कि आयोजन स्थल पर 107 पुरुषों और 49 महिलाओं सहित कुल 156 व्यक्ति पाए गए। इनमें से तीन व्यक्ति 21 वर्ष से कम आयु के थे। अधिकारियों ने बताया कि पार्टी पुणे के लोनीकंद पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में तुलापुर में एक बंगला शैली के रिसॉर्ट में आयोजित की जा रही थी। पुलिस के मुताबिक, कार्रवाई के दौरान कुल करीब 85 लाख रुपए का सामान जब्त किया गया। ऑपरेशन के बारे में बोलते हुए, पुणे के संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) गौहर हसन ने कहा, 'बिना अनुमति के तुलापुर में एक पार्टी आयोजित होने की सूचना के बाद, 15 अधिकारियों और 65 पुलिस कर्मियों की एक टीम ने रविवार को लगभग 2:30 बजे साइट पर छापा मारा। ' पुलिस के मुताबिक, पार्टी में शराब परोसने की इजाजत रात 11:30 बजे तक ही वैध थी. शनिवार को, फिर भी पार्टी उस समय से आगे भी जारी रही।पुलिस को घटनास्थल पर लगभग 3 ग्राम कैनबिस (गांजा) भी मिला, जिसे जब्त कर लिया गया। अधिकारियों ने कहा कि इसके अतिरिक्त, प्रतिबंधित हुक्का फ्लेवर के 10 पैकेट भी बरामद किए गए। अधिकारियों के मुताबिक कार्यक्रम स्थल से करीब 9.22 लाख रुपये की शराब भी जब्त की गई।

जांचकर्ताओं ने ब्लेज एंटरटेनमेंट के ऐमन शेख और स्टार लाइट एंटरटेनमेंट के यश चौधरी को कार्यक्रम के मुख्य आयोजकों के रूप में पहचाना। जांचकर्ताओं ने कहा कि वे अनुमति प्राप्त करने और लागू कानूनों और विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने में अपनी भूमिका की जांच कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच और कानूनी कार्रवाई जारी है।

## संगम नगरी में 65 किमी तक होगा मेट्रो का संचालन, परेड मैदान में बनेगा मुख्य स्टेशन; जल्द बिछेगा ट्रैक

**प्रयागराज।** संगम नगरी में मेट्रो ट्रेन के लिए ट्रैक बिछाने की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। शहर में लगभग 65 किलोमीटर के दायरे में मेट्रो का संचालन किया जाएगा। इसमें 30 किलोमीटर तक सैन्य क्षेत्र से गुजरेगी। शहर में मेट्रो के संचालन के लिए लगभग 45 स्टेशन बनाए जाएंगे। मुख्य स्टेशन परेड मैदान में बनेगा। मेट्रो ट्रेन संचालन का दायरा बढ़ाए जाने से संगम और एयरपोर्ट क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी। पहले स्मार्ट सिटी में लाइट मेट्रो के संचालन की योजना बनाई गई थी। उस दौरान 44 किलोमीटर तक इसके संचालन की योजना बनाई गई थी। लाइट मेट्रो के बजाय मेट्रो संचालन कराने से दायरा 21 किलोमीटर बढ़ गया। इसके स्टेशनों की संख्या 39 से बढ़ाकर 45 कर दी गई है। ट्रैफिक नियंत्रण व यातायात की व्यवस्था सुगम बनाने के लिए मेट्रो का संचालन दो रूटों पर किया जाएगा। बमरौली से सिटी लेक झूंसी तक और शांतिपुरम से छिवकी मेट्रो चलेगी। नए रूट पर मेट्रो का ट्रैक बनाने के लिए सर्वे शुरू हो गया है। नवंबर से दिसंबर के आसपास ट्रेक बनाने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। सुलेमसराय,बमरौली, एयरपोर्ट क्षेत्र,परेड़ मैदान,छिवकी आदि क्षेत्र से होकर गुजरेगी जो सैन्य क्षेत्र होकर गुजरेगी।

## रेलवे का व्यापारियों-ट्रांसपोर्टरों को सौगात, हमसफर और जम्मू मेल ट्रेन में अब लीज पर मिलेगा पार्सल कोच

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) के प्रयागराज मंडल ने स्थानीय व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों को बड़ी सौगात देते हुए दो प्रमुख ट्रेनों में पार्सल स्पेस लीज पर देने का फैसला किया है। सूबेदारगंज से श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा जाने वाली जम्मू मेल एक्सप्रेस और प्रयागराज से नई दिल्ली जाने वाली हमसफर ट्रेन में माल ढुलाई के लिए 3.9 टन क्षमता का पार्सल कंपार्टमेंट लीज पर उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे व्यापारी बेहद सुरक्षित और तय समय के भीतर अपने सामान को दिल्ली और जम्मू के बाजारों तक पहुंचा सकेंगे। हमसफर एक्सप्रेस में यह सुविधा सप्ताह में चार दिन व जम्मू मेल में यह प्रतिदिन उपलब्ध रहेगी, जिसकी डिजिटल नीलामी आगामी 19 जून को होगी। इसके साथ ही रेलवे ने स्टेशनों पर पार्किंग व्यवस्था को बेहतर करने के लिए कानपुर अनवरगंज स्टेशन पर पांच वर्षों के लिए और खुर्जा, फफूंद, रूरा व दनकौर रेलवे स्टेशनों पर तीन वर्षों की अवधि के लिए दो, तीन और चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड के ठेकों की भी घोषणा की है, जिनकी नीलामी क्रमशः नौ जून और 16 जून को होगी।

## सीबीएसई OSM विवाद पर राहुल गांधी ने PM पर निशाना साधा, कहा- पीएम चाहते हैं युवा रील बनाएं और पकौड़े तलें



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को सीबीएसई और सीओईएमपीटी के बीच कथित मिलीभगत का खुलासा करने वाले छात्र सार्थक सिद्धांत और उनके साथी निसर्गा अधिकारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि युवा 'रील बनाते रहें और पकौड़े तलते रहें ', लेकिन इन दोनों युवाओं ने सवाल पूछे और उनके जवाब भी खोजे। राहुल गांधी ने अपने एक्स (Twitter) अकाउंट पर पिछले सप्ताह सार्थक सिद्धांत के साथ हुई मुलाकात का एक वीडियो भी साझा किया। सार्थक सिद्धांत सीबीएसई की ऑनस्क्रीन मार्किंग सिस्टम (OSM) से प्रभावित 18 वर्षीय छात्र हैं, जिन्होंने कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा में ह्रस्रू के लिए विक्रेता चयन की निविदा प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की ओर ध्यान दिलाया है। वीडियो के साथ हिंदी में लिखे अपने पोस्ट में गांधी ने कहा, 'सार्थक 18 साल के हैं, फिर भी, सोच, साहस और सिद्धांतों के मामले में उनका कोई मुकाबला नहीं है। उन्होंने और उनके सहयोगी निसर्गा ने वह कर दिखाया जो देश के प्रमुख मीडिया घराने और खोजी पत्रकार नहीं कर सके: उन्होंने सीबीएसई और सीओईएमपीटी के बीच मिलीभगत को राष्ट्र के सामने उजागर किया। '

## LPG महंगा, विपक्ष हमलावर! कांग्रेस ने कहा- 'महंगाई मैन मोदी का फिर चला चाबुक'

### ● अखिलेश बोले- हर आस गई टूट

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**ब्यूरो प्रयागराज।** घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में 29 रुपये की बढ़ोतरी के बाद विपक्ष ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) ने महंगाई को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर निशाना साधा है। 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की नई कीमत 7 जून से लागू हो गई है, जिसके बाद दिल्ली में इसकी कीमत 913 रुपये से बढ़कर 942 रुपये हो गई है। गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ने के बाद कांग्रेस ने सबसे पहले केंद्र सरकार को घेरा। पार्टी ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट करते हुए लिखा, ''महंगाई मैन मोदी' का चाबुक फिर चला है। अब घरेलू गैस सिलेंडर 29 रुपए महंगा कर दिया गया। मोदी का फंडा साफ है- जनता से वसूली करो, अमीर दोस्त की तिजोरी भरो।' कांग्रेस ने आरोप लगाया कि महंगाई का बोझ लगातार आम लोगों पर डाला जा रहा है। कांग्रेस के बाद समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भी गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर सरकार पर हमला बोला। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर शायराना अंदाज में लिखा, 'रोटी के महंगे होने से थाली गई रूठ, बीजेपी से अब तो, हर आस गई टूट।' अखिलेश ने अपने संदेश के जरिए बढ़ती महंगाई और आम लोगों की परेशानियों का मुद्दा उठाया। सरकारी तेल कंपनियों ने 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 29 रुपये की वृद्धि की है। इसके बाद दिल्ली में कीमत 913 रुपये से बढ़कर 942 रुपये हो गई है। नई दरें 7 जून से लागू हो गई हैं। इससे पहले 1 जून को 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 42 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी। जून में हुई इस बढ़ोतरी के साथ बीते पांच महीनों में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में लगातार इजाफा हुआ है। फरवरी में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 49 रुपये महंगा हुआ था, जबकि मार्च में इसके दाम में 115 रुपये की और बढ़ोतरी की गई थी। एलपीजी के अलावा सीएनजी की कीमतों में भी हाल के दिनों में वृद्धि दर्ज की गई है। दिल्ली और आसपास के इलाकों में 15 मई से सीएनजी की दरों में चार अलग-अलग संशोधनों के जरिए कुल 6 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की जा चुकी है। हाल ही में सीएनजी के दाम में 2 रुपये प्रति किलोग्राम की और वृद्धि की गई थी। ईंधन की बढ़ती कीमतों के बीच विपक्ष महंगाई के मुद्दे पर सरकार को लगातार घेर रहा है।

# संक्षिप्त खबरें

## 50 वर्षीय महिला लापता, पति ने गुमशुदगी का थाना में दिया आवेदन



**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** बरही थाना क्षेत्र के दुधपनिया गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के लापता होने की शिकायत बरही थाना में दर्ज कराते हुए सनहा दर्ज करने की मांग की है। दिए गए आवेदन में जागेश्वर राणा ने बताया है कि उनकी पत्नी पोखनी देवी उम्र लगभग 50 वर्ष 6 जून 2026 को सुबह करीब 10 बजे घर से यह कहकर निकली थीं कि वह अपने मायके गयपहाड़ी जा रही हैं। शाम करीब 5 बजे जब उन्होंने अपने साले से फोन पर संपर्क कर पत्नी के बारे में जानकारी ली, तो पता चला कि वह वहां नहीं पहुंची हैं, आवेदन के अनुसार इसके बाद उन्होंने अपने गांव, करियातपुर बाजार तथा अन्य संभावित स्थानों पर काफी खोजबीन की और रिश्तेदारों से भी संपर्क किया, लेकिन अब तक उनकी पत्नी का कोई पता नहीं चल सका है।आवेदन में पोखनी देवी का हुलिया भी बताया गया है। उनके अनुसार, उनकी उम्र लगभग 50 वर्ष, रंग सांवला, लंबाई करीब 5 फीट 3 इंच तथा शरीर साधारण है। घर से निकलते समय उन्होंने नीले रंग की साड़ी, नीले रंग का ब्लाउज और पैर में चप्पल पहन रखी थी। जागेश्वर राणा ने बरही थाना प्रभारी से मामले में सनहा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## चापाकल मरम्मत की ग्रामीणों ने विभाग से की मांग



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंड:-** नारायणपुर प्रखंड के नारोडीह पंचायत के भागाबंध रंगाडीह टोला में पेयजल संकट से ग्रामीण परेशान है। गांव के लोगों को स्वच्छ पेयजल नहीं मिलने के कारण कुओं एवं अन्य वैकल्पिक स्रोतों के दूषित पानी पर निर्भर रहना पड़ रहा है।इससे ग्रामीणों में बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।स्थानीय ग्रामीण ताहिर कौशर, नोसाद मियां सहित अन्य लोगों ने बताया कि टोला में सौ से अधिक परिवार है यहां पांच सरकारी चापाकल स्थापित हैं।इनमें से दो चापाकल पूरी तरह महीनों से खराब पड़े हुए हैं, जबकि शेष चापाकलों से पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं निकलता है, जिसके कारण ग्रामीणों को पीने के पानी तथा दैनिक घरेलू कार्यों के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों के अनुसार उन्हें पानी की जरूरत पूरी करने के लिए पास के कुएं,मस्जिद परिसर में लगे चापाकल अथवा अन्य घरों में स्थापित निजी चापाकलों पर निर्भर रहना पड़ता है।बरसात का मौसम शुरू होने के साथ ही दूषित पानी के उपयोग से बीमारियां फैलने की आशंका और बढ़ गई है। जिससे लोगों में चिंता व्याप्त है।ग्रामीणों ने चापाकल मरम्मत की मांग की है लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी है।ग्रामीणों ने प्रशासन से खराब चापाकलों की मरम्मत कराने तथा नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। मौके पर ताहिर कौशल, साजिद हुसैन, सलीम अंसारी, मोहम्मद जमशेद रजा,आसिफ रजा,अब्दुल हमीद,आक़ूब अंसारी आदि उपस्थित थे।

## गया जी एयरपोर्ट पर RPF जवान के बैग से मिले दो कारतूस

**बोधगया।** गया जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान एक आरपीएफ जवान के बैग से दो जिंदा कारतूस बरामद होने के बाद सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। तत्काल जवान को हिरासत में लेकर मगध मेडिकल थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया है, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार, मोहनपुर थाना क्षेत्र निवासी संतोष कुमार, जो दिल्ली के आनंद विहार में रेलवे सुरक्षा बल (RPF) में कार्यरत हैं, छुट्टी बिताने अपने घर आए थे। शनिवार को वह इंडिगो की उड़ान से गया जी से दिल्ली लौट रहे थे। इसी दौरान गया जी एयरपोर्ट के सुरक्षा जांच केंद्र पर उनके सामान की स्कैनिंग की गई। स्कैनिंग के दौरान मशीन में संदिग्ध वस्तु दिखाई देने पर सुरक्षा कर्मियों ने बैग को अलग कर सघन तलाशी ली। जांच के दौरान बैग से दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इसके बाद एयरपोर्ट की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जवान को हिरासत में लिया और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए मगध मेडिकल थाना की पुलिस को सौंप दिया। इस मामले में रविवार को मगध मेडिकल थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि जिंदा कारतूस के साथ पकड़े गए आरपीएफ जवान के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि कारतूस उसके पास कैसे पहुंचे। उन्होंने कहा कि वरीय अधिकारियों के निर्देश के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद एयरपोर्ट सुरक्षा एजेंसियां भी मामले की गंभीरता से जांच कर रही हैं।

# पटना अस्पताल में ITBP दारोगा ने वॉशरूम की खिड़की से कूदकर की आत्महत्या, 3 जून से हॉस्पिटल में थे भर्ती

● पटना के पाटलिपुत्र औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल में आईटीबीपी के दारोगा विजय सिंह ने वॉशरूम की खिड़की से कूदकर आत्महत्या कर ली। वह 3 जून से अस्पताल में भर्ती थे; पुलिस मामले की जांच कर रही है।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पटना।** पाटलिपुत्र औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब आईटीबीपी (भारत-तिब्बत सीमा पुलिस) के एक दारोगा ने अस्पताल के वॉशरूम की खिड़की से कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना में दारोगा की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान राजस्थान के भरतपुर निवासी विजय सिंह के रूप में हुई है।

**3 जून से भर्ती थे विजय सिंह**

वह आईटीबीपी के टेलीकॉम डिपार्टमेंट में दारोगा के पद पर तैनात थे। वर्तमान में उनकी पोस्टिंग सारण जिले के जलालपुर में थी। बताया जा रहा है कि तबीयत खराब होने के कारण पहले उन्?हें फुलवारीशरीफ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, वहां से एशियन अस्पताल रेफर किया गया।

**निगरानी के लिए जवान भी था तैनात**

सूत्रों के अनुसार विजय सिंह की देखरेख के लिए एक जवान को भी साथ रखा गया था। शनिवार को वह वाशरूम जाने की बात कहकर गए। इसी दौरान अंदर से गेट बंद कर लिया और फिर वॉशरूम की खिड़की से छलांग लगा दी।

घटना के बाद अस्पताल प्रशासन और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। घटना के बाद अस्पताल परिसर में अफरातफरी का माहौल बन गया। मरीजों और उनके परिजनों की भीड़ जुट गई। अस्पताल प्रबंधन ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

**परिसर में गिरा, मौके पर मौत**

सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की पड़ताल कर रही है। जवान ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतक के स्वजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान उसकी मानसिक और शारीरिक स्थिति कैसी थी, इस संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के कारणों को लेकर स्पष्ट स्थिति सामने आ सकेगी। जानकारी के अनुसार शनिवार को विजय सिंह को अस्पताल से छुट्टी मिलनी थी।

## गुवाहाटी से जूट की बोरियों में छिपाकर लाई जा रही 108 बोतल विदेशी शराब जब्त

**मुजफ्फरपुर।** कांटी थाना क्षेत्र के दरभंगा मोड़ के समीप राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) की टीम ने कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय बस से 108 बोतल विदेशी शराब बरामद की है। इस मामले में पूर्वी चंपारण के कुंडवा चैनपुर थाना क्षेत्र निवासी प्रेम जायसवाल को गिरफ्तार किया गया है। बरामद शराब और आरोपित को आगे की कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग के हवाले कर दिया गया है। डीआरआई की मुजफ्फरपुर इकाई को सूचना मिली थी कि असम के गुवाहाटी से आने वाली एक यात्री बस के जरिए प्रतिबंधित सामग्री बिहार लाई जा रही है। सूचना के आधार पर अधिकारियों ने कांटी के दरभंगा मोड़ के पास निगरानी शुरू की और संदिग्ध बस को रोककर तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान एक संदिग्ध यात्री के सामान की जांच की गई। जूट की साधारण बोरियों को खोलने पर उनमें बड़ी संख्या में विदेशी शराब की बोतलें बरामद हुईं। गिनती के बाद कुल 108 बोतल प्रीमियम ब्रांड की विदेशी शराब जब्त की गई। शराब को इस तरह पैक किया गया था कि सामान्य जांच में वह घरेलू सामान या अनाज जैसी प्रतीत हो। पूछताछ में गिरफ्तार प्रेम जायसवाल ने स्वीकार किया कि वह असम से कम कीमत पर शराब खरीदकर बिहार लाया था। उसका उद्देश्य मुजफ्फरपुर और मोतिहारी के विभिन्न इलाकों में इसे ऊंचे दाम पर बेचकर मुनाफा कमाना था। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया कि शराब की खेप को जांच एजेंसियों की नजर से बचाने के लिए विशेष तरीके से पैक किया गया था।

## सरकारी जमीन पर डॉक्टर का अवैध कब्जा, जिम्मेदार मौन

● आखिर किसके संरक्षण में जंगल झाड़ी के नाम दर्ज सरकारी जमीन पर हो रहा पक्का निर्माण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फरधान खीरी।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का निर्देश साफ है कि अपराधी और माफिया को मिट्टी में मिला देंगे।'लेकिन लखीमपुर के तहसील सदर क्षेत्र के कस्बा फरधान की हकीकत बाबा के इन दावों पर कालिख पोत रही है। यहाँ मिट्टी में माफिया नहीं मिल रहे, बल्कि दबंग सरकारी जमीनों पर अवैध तरीके से कब्जा करके लाखों-करोड़ों की काली कमाई कर रहे हैं।

**सिस्टम को कथित दबंग डॉक्टर का 'चढ़ावा' या कानून की विफलता?**

लखीमपुर में कानून का डंडा अब कथित भू-माफियाओं के सामने 'बोना' साबित हो रहा है। स्थानीय चर्चाओं और सूत्रों की मानें तो कथित 'भू माफ़िया का साम्राज्य इस कदर फैला है कि प्रशासन की चुप्पी अब संदेह के घेरे में है।

सुत्रो के अनुसार लेखपाल से तहसील दफ्तर तक 'महीना': खबर है कि दबंग डॉक्टर-खुलेआम दावा कर रहें है कि 'नीचे से ऊपर तक हिस्सा पहुँचता है।' क्या यही वजह है कि कानूनगो, नायब तहसीलदार तहसीलदार और एस. डी. एम. सदर को दिन के उजाले में भी ये अवैध कब्जा नजर नहीं आता राजस्व विभाग सरकारी जमीनों की जानकारी गाटा सहित सार्वजनिक करने से क्यों कतरा रहा है अगर सब कुछ वैध है, तो विवरण जनता के सामने क्यों नहीं सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर कथित दबंग कब्जा धारकों का आतंक है परगना खीरी के स्थानीयकस्बा सहितकई गावों का इलाका कथित दबंगों का 'एपिसेंटर' बन चुका है।आरोप है कि राजस्व की सरेआम लूट ने सरकार के खजाने में जाने वाला पैसा आज भ्रष्ट अधिकारियों और माफियाओं की जेबें गरम कर रहा है। जिससे आम जनता का जीना मुहाल है।

**जनप्रतिनिधियों के दोहरे मापदंड**

एक तरफ जहां सभी अवैध कब्जों पर कार्रवाई की बात की जाती हैं दूसरी तरफ भू माफियाओं का स्पष्ट कहना है कि साहब के पास तक पहुंच रहीं है कमाई की तयशुदा हिस्सेदारी उन्ही का अभयदान है और एक उच्च अधिकारी ने मूक सहमति दी है साथ ही यह भी बोल रहे है भाई साहब ने मेरे साथ जाकर मौका का मुआयना किया है।साथ में अवैध कब्जा धारक के भी होने की चर्चा जोर पर है

**अब निर्णायक कार्रवाई की बारी**

यह केवल अवैध कब्जा ही नहीं, बल्कि एक संगठित अपराध है। लखीमपुर की जनता अब जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की ओर देख रही है। क्या इन माफियाओं के खिलाफ 'बुलडोजर' वाली कार्रवाई होगी या फिर भ्रष्टाचार का यह सिंडिकेट ऐसे ही कानून का मजाक उड़ाता रहेगा? 'जब रक्षक ही भक्षक की भूमिका में मौन समर्थन देने लगे, तो लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को आवाज उठानी ही होगी। '

## उधवा में MDMA ड्रग्स के साथ तस्कर गिरफ्तार, 7.88 ग्राम नशीला पदार्थ बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**साहिबगंज, झारखंड:-** साहिबगंज जिला पुलिस ने नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। उधवा ओवरब्रिज के समीप छापेमारी कर पुलिस ने 7.88 ग्राम प्रतिबंधित स्रुड्रूड्रग्स के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान 23 वर्षीय फिरोज शेख, पिता अताउल शेख, निवासी पहाड़गांव, थाना राधानगर, जिला साहिबगंज के रूप में हुई है। उसके पास से 7.88 ग्राम अवैध एमडीएमए ड्रग्स बरामद किया गया। एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने प्रेस वार्ता में बताया कि 6 जून 2026 को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह को सूचना मिली थी कि उधवा ओवरब्रिज के पास अवैध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी उधवा जयंत कुमार तिवारी की मौजूदगी में राधानगर थाना पुलिस ने मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखते ही एक युवक भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एमडीएमए ड्रग्स बरामद किया गया। इस मामले में राधानगर थाना कांड संख्या 198/26 दर्ज किया गया है। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 एवं 27 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही




है। यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपी किसी बड़े ड्रग्स नेटवर्क से जुड़ा है या नहीं। इस अवैध कारोबार में शामिल अन्य लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। छापेमारी दल में अंचलाधिकारी जयंत कुमार तिवारी, राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज, पुलिस पदाधिकारी पंकज कुमार दुबे, सुनील कुमार मेहता, हवलदार प्रहलाद मेहरा, आरक्षी दुलारचंद यादव समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## बिहार में जमीन अधिग्रहण पर 3600 करोड़ खर्च होंगे; 319 सड़क परियोजनाओं पर क्यों फंसा है पेच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पटना।** ग्रामीण इलाके में बनने वाली सड़कें भी राष्ट्रीय उच्च पथ (NH) और स्टेट हाईवे (SH) के निर्माण से जुड़ी आधारभूत समस्या को झेल रही हैं। यह समस्या जमीन की उपलब्धता से संबंधित है। ग्रामीण कार्य विभाग के एक आकलन के अनुसार अगले पांच वर्षों में बिहार के ग्रामीण इलाके में सड़क निर्माण को 3600 करोड़ रुपए अकेले जमीन अधिग्रहण मद में खर्च कर करने होंगे। इस राशि का आकलन प्रति वर्ष 10 प्रतिशत की वृद्धि को जोड़कर किया गया है। ग्रामीण कार्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में 319 सड़कों का मामला जमीन अधिग्रहण के पेच में फंसा है। इनमें 51 स्थायी पट्टा से संबंधित मामले हैं। इस बारे में ग्रामीण कार्य विभाग का कहना है कि अलग-अलग विभागों से समन्वय कर समस्या का समाधान कराया जाएगा। समस्या समाधान के लिए हर माह संबंधित विभागों के साथ संयुक्त रूप से साइट मीटिंग आयोजित की जाएगी। यह भी योजना बन रही कि जहां तक संभव हो वैसी परियोजनाएं प्राथमिकता के आधार पर ली जाएं जिसमें किसी तरह के जमीन अधिग्रहण की आवश्यकता नहीं पड़े। जिस तरह से एनएच और एसएच का निर्माण फारेस्ट क्लियरेंस में अटक जाता है उसी तरह का मामला ग्रामीण कार्य विभाग के भी सामने आ रहा। इस बारे में मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में 47 सड़कों का मामला वन स्वीकृति हासिल नहीं होने की वजह से अटका पड़ा है। बहुत से मामले ऐसे हैं जहां एलायनमेंट के तहत बिजली पोलों को हटाया जाना है। इस बारे में जानकारी दी गई कि बिजली के जो पोल संबंधित सड़क के एलायनमेंट के बाहर हैं उसके लिए किसी तरह का शुल्क देय नहीं होगा। इसी तरह पुराने जर्जर बिजली पोल के स्थानांतरण के लिए नई दर का भुगतान नहीं होगा। ग्रामीण कार्य विभाग ने तय किया है कि अतिरिक्त परियोजनाओं के समावेशन के प्रस्तावों की गहन जांच और स्क्रीनिंग की जाएगी। प्रमंडलीय आयुक्त और जिलाधिकारी की विधिवत अनुशंसा संबंधित प्रस्ताव पर दर्ज होगी। इसके बाद ही सड़क निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा।

## मुजफ्फरपुर के बोचहां में भीषण आग, दो दुकानें जलकर राख

**मुजफ्फरपुर।** बोचहां थाना क्षेत्र के मझौली पुरानी चौक स्थित मुजफ्फरपुर-दरभंगा पुरानी सड़क किनारे रविवार को भीषण आग लगने से दो व्यावसायिक प्रतिष्ठान पूरी तरह जलकर राख हो गए। आग की इस घटना में दुकानों में रखा लाखों रुपये मूल्य का सामान नष्ट हो गया। हालांकि स्थानीय लोगों, पुलिस और अग्निशमन विभाग की तत्परता से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रविवार दोपहर एक दुकान से अचानक धुआं निकलता दिखाई दिया। देखते ही देखते तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास की दुकानों तक फैलने लगी। बाजार क्षेत्र में आग की ऊंची लपटें उठने से लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद आसपास के दुकानदारों और ग्रामीणों ने तत्काल पानी और बालू की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। साथ ही बोचहां पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष यशवंत कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निकांड में पीड़ित दुकानदार उपेंद्र पटेल समेत अन्य व्यवसायियों की दुकानें पूरी तरह जल गईं। दुकानों में रखा तैयार फर्नीचर, घरेलू उपयोग की सामग्री, नकद राशि तथा अन्य मूल्यवान सामान आग की भेंट चढ़ गया।

## औरंगाबाद में सड़क हादसा: ट्रैक्टर-कार की टक्कर में 3 लोगों की मौत, 2 घायल

**औरंगाबाद।** दाउदनगर-गया पथ में गोह थाना क्षेत्र के दधपी गांव के पास दो वाहनों की टक्कर में तीन महिलाओं की मौत हो गई। ट्रैक्टर एवं कार के बीच टक्कर हुई है। कार पर सवार दो युवती समेत तीन महिलाओं की मौत हुई है। घटना कुछ देर पहले की है। ग्रामीणों ने बताया कि दाउदनगर थाना क्षेत्र के हिच्छन बिगहा गांव निवासी उपेंद्र यादव की पत्नी ममता कुमारी, उनकी पुत्री चुलबुल कुमारी एवं उपहारा थाना क्षेत्र के डड़वां गांव निवासी बिनोद कुमार की पुत्री खुशी कुमारी की घटनास्थल पर मौत हो गई। बिनोद के पुत्र समर कुमार एवं पुत्री मुस्कान कुमारी घायल हुई है। दोनों का प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोह में किया गया। दोनों की स्थिति गंभीर है जिस कारण चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए मगध मेडिकल कॉलेज गयाजी रेफर किया है। बताया गया कि सभी अरवल के मेहंदिया थाना क्षेत्र के मधुश्रमा मलमास मेला से आ रहे थे। जैसे ही दोनों दधपी मोड़ के पास कार से पहुंचे कि ट्रैक्टर से टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया है। ग्रामीण सड़क पर ब्रेकर लगाने एवं मृतक के स्वजन को मुआवजा दिए जाने की मांग कर रहे हैं।

## मांडर सामूहिक दुष्कर्म कांड में आठ आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रांची, झारखंड:-** राजधानी रांची के मांडर थाना क्षेत्र में युवती के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में शामिल अन्य संदिग्धों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। खलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी ने बताया कि शनिवार रात से लेकर रविवार सुबह तक पुलिस की विशेष टीम द्वारा लगातार छापेमारी अभियान चलाया गया। रविवार सुबह पांच बजे तक कार्रवाई जारी रही। उन्होंने कहा कि घटना में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और सभी दोषियों को कानून के दायरे में लाया जाएगा। जांच के दौरान पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि केरल में रह रहे पीड़िता के तथाकथित पति ने ही मांडर के कुछ युवकों को युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के लिए उकसाया था। पुलिस इस पहलू की भी गहन जांच कर रही है। पीड़िता ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि वह पिछले दो वर्षों से एक युवक के साथ लिव-इन



रिलेशनशिप में रह रही थी। करीब डेढ़ माह पूर्व उक्त युवक रोजगार के सिलसिले में केरल चला गया था, जिसके बाद वह उसी के घर में रह रही थी। पीड़िता के अनुसार, बीते शुक्रवार की शाम लगभग सात बजे कुछ युवक उसके घर पहुंचे और उसे जबरन अपने साथ ले गए। आरोप है कि युवकों ने उसे नदी किनारे ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता ने बताया कि आरोपियों ने उसे शनिवार सुबह छोड़ा, जिसके बाद वह किसी तरह घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद उसके पिता उसे लेकर थाना पहुंचे, जहां मामला दर्ज कराया गया। पुलिस ने पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराने के साथ-साथ मामले की जांच तेज कर दी है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है तथा फरार आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी जारी है।

## ब्रह्मर्षि समाज चय परगना कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न, शिक्षा के उत्थान पर हुआ मंथन

● समाज के सर्वांगीण विकास और युवा पीढ़ी के भविष्य पर हुई चर्चा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड:-** ब्रह्मर्षि समाज चय परगना कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को अध्यक्ष सुधीर सिंह की अध्यक्षता में उनके आवास पर आयोजित की गई। बैठक में समाज के संगठनात्मक विकास, शैक्षणिक उन्नति तथा सामाजिक गतिविधियों को और प्रभावी बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों ने समाज में शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने, विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने तथा नई पीढ़ी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प दोहराया। वक्ताओं ने कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण आधार है और इसके लिए सभी को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर अध्यक्ष सुधीर सिंह ने कहा कि 'किसी भी समाज की वास्तविक प्रगति शिक्षा, संस्कार और संगठन की मजबूती से होती है। ब्रह्मर्षि समाज हमेशा से शिक्षा को प्राथमिकता देता आया है। हमारा प्रयास है कि समाज का प्रत्येक बच्चा बेहतर शिक्षा प्राप्त करे और नई पीढ़ी सामाजिक मूल्यों के साथ आगे बढ़े। इसके लिए सभी सदस्यों को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना होगा।' बैठक में सर्वसम्मति से चतरा जिले के बड़गांव निवासी शिक्षक अभिमन्यु कुमार सिंह को ब्रह्मर्षि समाज चय परगना का लेखापाल मनोनीत किया गया। उनके मनोनयन पर उपस्थित सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी तथा संगठन के कार्यों को मजबूती प्रदान करने की उम्मीद जताई। बैठक में सचिव सत्यानंद सिंह, संचालन समिति के अध्यक्ष ब्रह्मदेव पांडेय, सुखदेव सिंह, राजेन्द्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, सतीश सिंह, अरविंद कुमार सिंह, राज कुमार सिंह, श्रीकांत सिंह, भागवत सिंह, राम सेवक सिंह, दिनेश सिंह, प्रमोद सिंह, विद्या सागर सिंह, करुणा सिंह, राम स्वरूप सिंह व बबलू सिंह सहित कार्यकारिणी समिति के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का समापन समाज की एकता, संगठन की मजबूती तथा शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ।

## धान की सीधी बुवाई और आधुनिक तकनीक पर जोर, बिहार में कृषि मंत्री ने तय किया गांव-गांव पहुंचने का लक्ष्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पटना।** किसानों को आधुनिक खेती, उन्नत बीज, नई तकनीक एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए कृषि विभाग ने व्यापक जागरुकता अभियान शुरू करने के लिए कमर कस ली है। सोमवार से सभी जिला मुख्यालय में कृषि विभाग की ओर से सीड ड्रिल से धान की खेती (धान की सीधी बुवाई), नवीनतम तकनीकी की जानकारी दी जाएगी। इसमें मोटे अनाज मक्का की खेती, बेबी कार्न/स्वीट कार्न, दलहन, प्याज की खेती आदि का अभियान चलाया जाएगा। वहीं, दस जून से सभी प्रखंड मुख्यालयों में प्रशिक्षण-सह-उपादान वितरण कार्यक्रम चलाया जाएगा। ऐसे में जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तरीय अभियान के माध्यम से गांव-गांव तक पहुंचने का लक्ष्य कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने निर्धारित किया है। विदित हो कि धान का बिचड़ा लगाने का काम किसानों ने शुरू कर दिया है। लेकिन कृषि विभाग का बल किसानों की कृषि लागत कम करने के लिए ज्यादा से ज्यादा धान की सीधी बुवाई कराने पर है। इसे ध्यान में रखते हुए प्राकृतिक खेती विभिन्न फसलों की खेती, उद्यानिक फसलों की खेती, उद्यानिक विशेष फसलों की क्लस्टर विकास योजना, कृषि यांत्रीकरण, कृषि में ड्रोन का प्रयोग, सूक्ष्म सिंचाई, फलदार वृक्षों का क्षेत्र विस्तार, फसल विविधिकरण, अन्यान्य कार्यक्रम एवं योजनाएं पर प्रशिक्षित किया जाएगा। अभियान को जमीनी स्तर पर उतारने हेतु 10 जून से 25 जून तक सभी प्रखंड मुख्यालयों में प्रशिक्षण-सह-उपादान वितरण कार्यक्रम चलाया जाएगा। चयनित किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण देने के साथ-साथ अनुदान पर शारदीय फसलों के बीज वितरण किए जाएंगे। कृषि विभाग द्वारा शारदीय (खरीफ) महाभियान के तहत सकंर धान, सकंर मक्का, वेबीकार्न, स्वीटकार्न, अरहर एवं मोटे अनाज यथा रागी, सांवा, रामदाना के प्रमाणित बीज अनुदानित दर पर उपलब्ध कराया जाएगा।25 जून से 20 जुलाई तक प्रत्येक पंचायत स्तर पर कृषि जन कल्याण चौपाल लगाई जाएगी। जिसमें किसानों को मिट्टी जांच के आधार पर संतुलित उर्वरक उपयोग, समय से बुवाई, जल प्रबंधन, जैविक खेती, मोटे अनाज की महत्ता एवं जलवायु अनुकूल कृषि कार्यों के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया भी समझाई जाएगी।

## मुजफ्फरपुर में थानेदार का सोशल मीडिया एक वीडियो और उठ गए कई सवाल, SSP ने लिया संज्ञान

**मुजफ्फरपुर।** गायघाट थानाध्यक्ष का वर्दी में अपने परिवार के सदस्यों के साथ बनाया गया एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हलचल मच गई है। मामला सामने आने के बाद वरीय अधिकारियों ने इसे गंभीरता से लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि उक्त वीडियो थानाध्यक्ष की पत्नी द्वारा तैयार किया गया था। इसे उनके निजी इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर अपलोड किया गया था। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित होने लगा, जिसके बाद यह अधिकारियों की नजर में आया। बाद में संबंधित पोस्ट को हटा दिया गया। वीडियो की जानकारी मिलने के बाद वरीय पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा ने मामले का संज्ञान लिया । उन्होंने गायघाट थानाध्यक्ष से पूरे प्रकरण पर स्पष्टीकरण मांगा है । पुलिस विभाग अब प्राप्त जवाब के आधार पर आगे की कार्रवाई करने की तैयारी में है । मामले की जांच कराई गई, जिसमें वीडियो के पोस्ट होने और उसके प्रसार से जुड़े तथ्यों की पड़ताल की गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट और स्पष्टीकरण के आधार पर नियमानुसार निर्णय लिया जाएगा।सोशल मीडिया को लेकर सख्त निर्देश इस घटना के बाद एसएसपी ने जिले के सभी पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को इंटरनेट मीडिया के उपयोग को लेकर विशेष निर्देश जारी किए हैं । उन्होंने कहा है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करते समय विभागीय अनुशासन, गोपनीयता और पुलिस मुख्यालय के दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन किया जाए।

## बिहार में 1068 ईट-भट्ठा संचालकों पर कसा जाएगा शिकंजा

● राजस्व बकाया रखने वालों पर होगी FIR

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पटना।** बिहार सरकार ने राजस्व बकाया रखने वाले ईट-भट्ठों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। राज्य में करीब 1068 ईट-भट्ठा संचालकों द्वारा सरकार को निर्धारित राजस्व का भुगतान नहीं किए जाने के मामले में अब व्यापक कार्रवाई की तैयारी है। खान एवं भूतत्व विभाग के मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि ऐसे सभी ईट-भट्ठों का स्थलीय निरीक्षण (फील्ड जांच) कराएं और बकाया राशि की वसूली सुनिश्चित करें। पिछले दिनों हुई एक विभागीय समीक्षा बैठक में राजस्व बकाया रखने वाले ईट-भट्ठों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें यह जानकारी सामने आई कि हजार से अधिक भट्ठे समय पर रायल्टी अथवा राजस्व का भुगतान नहीं कर रहे हैं। जिसके बाद मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन ईट-भट्ठा मालिकों ने राजस्व जमा नहीं किया है, उनके खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई जाए।

**दायर किया जाएगा सर्टिफिकेट केस**

साथ ही बकाया राशि की वसूली के लिए नीलाम पत्र वाद (सर्टिफिकेट केस) भी दायर किया जाएगा। इसके लिए संबंधित नीलाम पत्र पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर आगे की कार्रवाई करने को कहा गया है।

विभागीय सूत्रों के अनुसार बिहार में वर्तमान में लगभग 6116 ईट-भट्ठे संचालित हैं। इनमें से 5048 ईट-भट्ठा मालिकों ने सरकार को देय राजस्व का भुगतान कर दिया है। जबकि 1068 ईट-भट्ठों ने अब तक राजस्व मद में कोई भुगतान नहीं किया है। आंकड़ों के मुताबिक राज्य में गया जिला ईट-भट्ठों की संख्या के मामले में सबसे आगे है। वहीं सबसे अधिक राजस्व बकाया वाले ईट-भट्ठे भी गया जिले में ही पाए गए हैं। इसके अलावा मोतिहारी (पूर्वी चंपारण), पटना,



वैशाली, सारण में भी बड़ी राशि बकाया है।

**सरकारी मानकों की निगरानी**

विभाग के सूत्रों ने बताया कि राजस्व बकाया की जांच के साथ-साथ विभाग ईट-भट्ठों के संचालन की भी पड़ताल करेगा। निरीक्षण के दौरान यह देखा जाएगा कि भट्ठे पर्यावरणीय मानकों और सरकारी नियमों का पालन कर रहे हैं या नहीं। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे स्थल पर जाकर जांच करें और यह सुनिश्चित करें कि ईट-भट्ठों का संचालन निर्धारित मानकों के अनुरूप हो रहा है। नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित संचालकों के खिलाफ अतिरिक्त कार्रवाई भी करें।

## संक्षिप्त खबरें

### पिपरी पुलिस द्वारा गैर इरादतन हत्या के अभियोग से संबंधित दो नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा न्यायालय




**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश–** पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के प्रभावी नियंत्रण तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल निर्देशन तथा थानाध्यक्ष पिपरी राजेश जी चौबे के नेतृत्व में थाना पिपरी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।दिनांक 06.06.2026 को थाना पिपरी पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-108/2026 धारा 105 बीएनएस से संबंधित दो वांछित अभियुक्तों को वरिय अनुभाग अभियन्ता कार्यालय, रेनुकूट के पास से समय लगभग 23:00 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण क्रमश :-सुभाष राम पुत्र कृष्णा राम, निवासी ग्राम दीघुल, थाना दुद्धी, जनपद सोनभद्र, हाल पता- कनवड़िया प्लांट के पीछे झोपड़पट्टी, रेनुकूट, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 35 वर्ष, हरि पुत्र शिवराज, निवासी ग्राम बघाडू अमवार, थाना दुद्धी, जनपद सोनभद्र, हाल पता- कनवड़िया प्लांट के पीछे झोपड़पट्टी, रेनुकूट, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 37 वर्ष। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में राजेश जी चौबे, थानाध्यक्ष पिपरी, उ0 नि0 जितेन्द्र सरोज, चौकी प्रभारी रेनुकूट, हे0का0 शिवबदन राम, चौकी रेनुकूट, हे0का0 शंकरलाल, चौकी रेनुकूट, हे0का0 मनीष कुमार सिंह शामिल रहे।

### नाबालिग किशोरी संग दुष्कर्म करने के आरोपी पर एफआईआर दर्ज

**कोंच(जालौन)–** नाबालिग किशोरी संग दुष्कर्म करने के नाबालिग आरोपी के खिलाफ पुलिस ने संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गत रोज शनिवार को समाधान दिवस में सीओ परमेश्वर प्रसाद को शिकायती पत्र देकर नगर की एक कॉलोनी निवासी महिला ने बताया था कि बीते करीब 2 माह पूर्व कॉलोनी में ही रहने वाले एक युवक ने उसके घर में घुसकर उसकी अकेली मौजूद नाबालिग 14 वर्षीय बेटी के साथ बलपूर्वक जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। घटना के बाद वह शिकायत करने उक्त युवक के घर पहुंची थी जहां युवक के पिता ने अपने लड़के के साथ उसकी बेटी की शादी कराने का आश्वासन उसे दिया था जिसके चलते उसने घटना की शिकायत उस समय पुलिस से नहीं की थी। महिला ने बताया कि इसके बाद उक्त युवक ने कई बार उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया और अब शादी करने की अपनी बात से मुकर गया है, उल्टे उसे बेटी सहित जानमाल की धमकी दे रहा है। वहीं पुलिस ने आरोपी साहिल पुत्र मुन्ना शाह के खिलाफ दफा 65(1), 351(2), 352, 4(2) पॉक्सो एक्ट में एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस द्वारा पीड़ित किशोरी का चिकित्सकीय परीक्षण और उसके बयान दर्ज कराने की कार्यवाही की जा रही है। पुलिस आरोपी साहिल को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही है।

### भागवत कथा सुनने मात्र से नष्ट हो जाते पापः राकेश शास्त्री



**सिद्धार्थनगर।** बिस्कोहर क्षेत्र के अहिरौली पड़री स्थित प्रसिद्ध पडेश्वर नाथ मंदिर परिसर में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा एवं रुद्र महायज्ञ के तीसरे दिन शनिवार रात कथा व्यास राकेश शास्त्री महाराज ने धुंधकारी प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि कुसंगति ही मनुष्य के पतन का मुख्य कारण है। अपने कुकर्मों के कारण धुंधकारी को प्रेत योनि मिली, लेकिन भाई गोकर्ण द्वारा श्रीमद् भागवत श्रवण कराने से उसे मोक्ष मिला। भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य के जन्म-जन्मांतर के समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं।कथा के दौरान भगवान श्रीगणेश की जीवंत झांकी और भजनों ने भक्तों को भाव विभोर कर दिया। मुख्य अतिथि पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश चंद्र द्विवेदी ने मंदिर में विधि-विधान से पूजा की। उन्होंने सुख-समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा फैलाते हैं। इस मौके पर यज्ञाचार्य अंशु महाराज सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

# सीबीआई रेड के एक साल बाद फिर शुरू हुआ राख परिवहन का खेल

**● एनटीपीसी रिहंद पर उठे गंभीर सवाल, धूल-राख से फिर घुटने लगी जनता की सांस**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बीजपुर/सोनभद्र।** जिस राख परिवहन को लेकर पिछले वर्ष केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) की छापेमारी के बाद रोक लगी थी, वही विवादित परिवहन कार्य एक बार फिर शुरू होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि जांच की आंच ठंडी पड़ते ही राख परिवहन का सिलसिला फिर शुरू कर दिया गया, जिससे प्रदूषण, सड़क क्षति और दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ गया है।

**सीबीआई कार्रवाई के बाद रुका था परिवहन**

पिछले वर्ष राख परिवहन से जुड़े कथित वित्तीय अनियमितताओं और नियमों के उल्लंघन की शिकायतों के बाद सीबीआई टीम ने एनटीपीसी रिहंद परियोजना में जांच की थी। इसके बाद राख परिवहन का कार्य काफी हद तक बंद हो गया था, जिससे स्थानीय लोगों को राहत मिली थी।

**फिर दौड़ने लगे भारी वाहन**

अब दोबारा परिवहन शुरू होने के बाद सैकड़ों भारी वाहन क्षेत्र की सड़कों पर दौड़ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इन वाहनों से उड़ने वाली राख और धूल के कारण लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। वहीं लगातार भारी वाहनों की आवाजाही से सड़कें भी क्षतिग्रस्त हो रही हैं।

**दुर्घटनाओं और प्रदूषण का बढ़ा खतरा**

स्थानीय लोगों का आरोप है कि राख परिवहन के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। स्कूल जाने वाले बच्चों, राहगीरों और ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। लोगों का कहना है कि प्रदूषण बढ़ने से सांस और आंखों से जुड़ी समस्याएं भी बढ़ रही हैं।

» क्या सीबीआई जांच के बाद मिली राहत फिर खत्म हो जाएगी?

» क्या जनता की सुरक्षा और पर्यावरण से बड़ा हो गया राख परिवहन का कारोबार?

» क्या जिम्मेदार विभाग और अधिकारी इस पर जवाब देंगे?

» अब पूरे क्षेत्र की नजर प्रशासन और एनटीपीसी प्रबंधन की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई है।

### त्योहार में शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील



**सिद्धार्थनगर।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से त्रिलोकपुर थाना परिसर में रविवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जुलूस आयोजकों, ताजियादारों, डीजे संचालकों, ग्राम प्रधानों, धर्मगुरुओं और क्षेत्र के संभ्रांत लोगों ने भाग लिया। प्रभारी निरीक्षक हरे कृष्ण उपाध्याय ने उपस्थित लोगों को शासन की गाइडलाइन व निर्देशों की जानकारी दी। उन्होंने भाईचारा और सौहार्द कायम रखने की अपील करते हुए कहा कि कोई अज्ञात व्यक्ति दिखाई देता है तो तुरन्त सूचना थाने पर दे, उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। मोहर्रम त्यौहार शान्ति पूर्वक मनाए। आपसी सहयोग भाई चारा गंगा जमुनी तहजीब कायम रहे। क्षेत्र में अमन चमन का माहौल बना रहे। इस दौरान अमित कुमार शाही, उप निरीक्षक शिवाकांत राय, ईशांशु श्रीवास्तव, शकील अहमद, मोहम्मद हुसैन, रवि सिंह, हर्षित श्रीवास्तव,शाहिद सिद्दीकी, सुमिरन यादव, अमीर, नशाद आलम, गुड्डू यादव, दाऊद, मोहम्मद अकरम, अनवर सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**● पारदर्शी एवं निष्पक्ष परीक्षा के लिए तैयारियां पूरी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश–** आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा-2025 के सफल, पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण आयोजन हेतु जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने जनपद के सभी निर्धारित परीक्षा केंद्रों का विस्तृत निरीक्षण किया। जनपद में 08, 09 एवं 10 जून को दो-दो पालियों में आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए छह परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

**मूलभूत सुविधाओं एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष जोर**

जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरों, स्ट्रांग रूम, कंट्रोल रूम तथा परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए उन्हें सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षार्थियों के लिए शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय, टेंट व्यवस्था एवं फ्रिस्किंग स्थलों पर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही परीक्षा अवधि में निर्बाध विद्युत आपूर्ति, चिकित्सा एम्बुलेंस तथा सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए।

**समयपालन एवं अनुशासन में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं**

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित कक्ष निरीक्षकों के ब्रीफिंग सत्र में जिलाधिकारी ने समयपालन को अनिवार्य बताते हुए सीटिंग प्लान एवं अन्य तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि परीक्षा की शुचिता एवं निष्पक्षता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता अक्षम्य होगी। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर अश्विनी कुमार जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह पुलिस क्षेत्राधिकारी रणधीर मिश्रा सहित और संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### वृंदावन से आए कलाकारों की रासलीला का श्रद्धालुओं ने लिया आनंद

**● 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से दी गई आहुति नौ दिवसीय विराट रुद्र**

**रामगढ़ कसारी स्थित रामसरोवर पर मंदिर परिसर में चल रहा है आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश–** रामगढ़ कसारी स्थित रामसरोवर पर मंदिर प्रांगण में रविवार को तीसरे दिन नौ दिवसीय विराट रुद्र महायज्ञ में प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से आहुति दी गई। आरती पूजन के दौरान समूचा यज्ञ स्थल जयकारों से गुंजायमान हो गया। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं वृंदावन से आए कलाकारों की रात्रि में रासलीला का श्रद्धालुओं ने आनंद लिया।

कार्यक्रम के संयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज के तीसरे दिन आचार्यगण गोपालधर द्विवेदी, राजेश कुमार पाठक, हरिओम द्विवेदी व अमरेश तिवारी द्वारा नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ में पूजन व आरती कराया गया। प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से आहुति दी गई। इस दौरान समूचा यज्ञ स्थल जयकारे से गुंजायमान हो गया। यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं रात्रि में वृंदावन से आए कलाकारों ने रासलीला का मंचन किया, जिसका श्रद्धालुओं ने खूब आनंद लिया।

भिखारी बाबा ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का आग्रह किया है। कार्यक्रम में देवेंद्र कुमार, चिंता मौर्य, शुभराम महाराज, राजेंद्र महाराज, मुन्ना बाबा, रामखेलावन, परमानंद, रमेश कुमार, कालो देवी, विमला देवी, शशि देवी आदि मौजूद रही।

### आरोग्य मेले में 118 मरीजों स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाएं दी गई



**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बिस्कोहर के न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 85 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं दी गई। डॉ. एस सी शर्मा ने बताया कि वर्तमान में तेज धूप होने से सिर में चक्कर आना, बच्चों को तेज बुखार उल्टी दस्त बीमारी से संबंधित ज्यादा मरीज आए जिनका स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं दी गई। न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोहड़ोरा कठौतिया रामनाथ में आयोजित जन आरोग्य मेले में 33 मरीज देखे गए। डॉ.राहुल कुमार ने बताया कि मरीजों को जांच कर दवा दी और उन्हें सलाह दी कि समय पर दवा खाएं। इस मौके पर फार्मासिस्ट त्रिशुल चतुर्वेदी,धीरज राय, राजू आदि लोग मौजूद रहे।

# भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को सकुशल एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु परीक्षा केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण

**● आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को सकुशल एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु नोडल अधिकारी (पुलिस)/अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय ने किया परीक्षा केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण**

**परीक्षा की सुरक्षा, निगरानी एवं कानून-व्यवस्था संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लेकर दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश–** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को जनपद सोनभद्र में सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु पुलिस एवं प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जनपद के कुल 06 परीक्षा केन्द्रों पर यह परीक्षा दिनांक 08.06.2026, 09.06.2026 एवं 10.06.2026 को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। दिनांक 07.06.2026 को नोडल अधिकारी (पुलिस)/अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सोनभद्र अनिल कुमार द्वारा जनपद के परीक्षा केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण कर वहां की सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था, चेकिंग एवं फ्रिस्किंग व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, प्रश्नपत्र एवं गोपनीय सामग्री की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, कंट्रोल रूम संचालन तथा कानून-व्यवस्था संबंधी तैयारियों का अवलोकन किया गया।निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों, केन्द्र व्यवस्थापकों एवं केन्द्र प्रभारी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया



गया कि परीक्षा को पूर्णतः नकलविहीन, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराया जाए तथा सभी अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ करें।नोडल अधिकारी द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा अव्यवस्था की स्थिति में तत्काल प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा एवं अनुशासन का विशेष ध्यान रखा जाए।

# मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की ओर सशक्त पहल

**● महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश–** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों—जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य—पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया।

इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन



फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं OTP साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई। महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर-112- आपातकालीन सेवा, 1090/1091 - महिला सुरक्षा हेल्पलाइन, 181- महिला हेल्पलाइन, 1930- साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1076- मुख्यमंत्री हेल्पलाइन।

### झांसी में दद्दा ध्यानचंद के परिवार के 40 लाख उड़ाए, गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**झांसी।** हॉकी के जादूगर दद्दा ध्यानचंद के परिवार के सदस्य व पेट्रोल पंप संचालक अजय कुमार सिंह के खाते से 40 लाख की ठगी करने वाले शातिर को नवाबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित के कब्जे से नकदी, सोने के जेवर, मोबाइल फोन, चेक और फर्जी दस्तावेज बरामद किए गए हैं। पुलिस ने उसके बैंक खातों में जमा 37 लाख रुपये भी फ्रीज करा दिए हैं। एसपी सिटी प्रीति सिंह ने बताया कि सीपरी बाजार स्थित ध्यानचंद हाउस निवासी अजय ने दो जून को अपनी फर्म के खाते से पेट्रोल-डीजल खरीदने के लिए आरटीजीएस के माध्यम से 40 लाख रुपये भेजे थे। अगले दिन भारत पेट्रोलियम से जानकारी मिली कि भुगतान नहीं पहुंचा। जांच में पता चला कि रकम बंगाल के बर्धमान जिले में पंजाब एंड सिंध बैंक के एक खाते में पहुंच गई है। इसके बाद नवाबाद थाने में संदिग्ध बैंक कर्मी और खाता धारक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर झांसी



के स्टेशन मार्ग से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसने अपना नाम बंगाल के हुगली जिला के कुमरूल निवासी समीर सामंथ बताया। पूछताछ में उसने जो बताया, वह चौंकाने वाला था। आरोपित ने बताया कि वह विभिन्न जिलों के बैंकों में जाकर ऐसे फार्म एकत्र करता था, जिन्हें ग्राहक खाता संख्या और हस्ताक्षर भरने के बाद गलती होने पर वहीं छोड़ देते थे। वह उन फार्मों से हस्ताक्षर और खाता संख्या की नकल कर नई राशि भरकर रकम अपने परिचितों के खातों में ट्रांसफर करा देता था। उसने सुकुमंडी नाम से विभिन्न बैंकों में आठ खाते भी फर्जी हस्ताक्षरों के आधार पर खुलवा रखे थे। आरोपित ने ठगी की रकम से झांसी में रहते हुए मालाबार और कल्याण ज्वैलर्स से लाखों रुपये के आभूषण खरीदे। कुछ नकदी एटीएम से निकाली और कुछ राशि खर्च कर दी।

### कानपुर होटल में कांग्रेस नेता के बेटे की संदिग्ध मौत, परिवार ने जताई हत्या की आशंका

**कानपुर।** होटल के कमरे में वरिष्ठ कांग्रेस नेता हाजी मो. फजल खान के 32 वर्षीय इकलौते बेटे का शव फंदे से लटका मिला। वह बुर्के में आई महिला मित्र के साथ वहां पर जाकर रुका था। महिला मित्र कुछ देर बाद चली गई। परिवार ने हत्या की आशंका जताई है। मो. फजल खान के बेटे गयाश ने पुणे से बीटेक करने के बाद दिल्ली की एक निजी कंपनी में नौकरी शुरू की व पिछले छह माह से वर्क फ्राम होम कर रहे थे। शुक्रवार को वह घर से दोस्तों के साथ जाने व रात में नहीं लौटने की बात कहकर निकले थे। होटल प्रबंधक सौरभ कुमार के मुताबिक, गयाश शुक्रवार को एक महिला मित्र के साथ होटल पहुंचे थे। शाम 7:30 बजे महिला मित्र को छोड़ने के लिए होटल से निकले व कुछ देर बाद वापस कमरे में चले गए। उन्होंने आनलाइन भोजन भी मंगाया था। शनिवार सुबह 11:30 बजे उनके कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो अनहोनी की आशंका जता पुलिस को सूचना दी।

### तेज धूप में आंखें हो रही हैं लाल? डॉक्टरों की इस चेतावनी को हल्के में न लें, जरा सी लापरवाही पड़ सकती है भारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर देहात।** लू और तेज धूप से आंखों में एलर्जी का खतरा बढ़ गया है। सुरक्षा मानकों में की गई लापरवाही पछताने को मजबूर कर सकती है। वर्तमान में सूर्य की भीषण तपन के चलते गर्मी का मौसम चरम पर चल रहा है। वहीं लू थपेड़ों से आम जनजीवन बुरी तरह अस्तव्यस्त है। वरिष्ठ नेत्र रोग सर्जन का कहना है कि गर्मी के मौसम में आंखों की सुरक्षा करना भी उतना ही आवश्यक है जितना शरीर के अन्य हिस्सों का स्वस्थ रखना। उन्होंने गर्मी के मौसम में आंखों की सुरक्षा पर भी पूरी तरह ध्यान रखने की सलाह दी है।

**थोड़ी सी लापरवाही भी बन सकती है गंभीर परेशानी**

आंधी और बारिश के बाद लगातार बढ़ रहे तापमान और लू के थपेड़ों ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। भीषण गर्मी का असर केवल शरीर पर ही नहीं, बल्कि आंखों पर भी पड़ रहा है। तेज धूप, गर्म हवाएं, धूल और प्रदूषण के कारण आंखों में एलर्जी, जलन, लालिमा, खुजली और सूखापन जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। अस्पतालों और निजी क्लीनिकों में भी ऐसे मरीजों की संख्या में इजाफा देखा जा रहा है। वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. जय वर्धन का कहना है कि गर्मी के मौसम में आंखें अत्यंत संवेदनशील हो जाती हैं। तेज धूप में मौजूद पराबैंगनी (यूवी) किरणें आंखों को नुकसान पहुंचा सकती हैं, इसके अलावा लू और धूल के संपर्क में आने से आंखों की बाहरी परत प्रभावित होती है, जिससे एलर्जी और संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि दोपहर के समय जब तापमान सबसे अधिक होता है, तब बिना सुरक्षा के बाहर निकलना आंखों के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। कई लोगों में आंखों से पानी आना, चुभन होना, रोशनी से परेशानी महसूस होना और आंखों का लाल हो जाना जैसे लक्षण देखने को मिल रहे हैं। बच्चों और बुजुर्गों में यह खतरा और अधिक रहता है। उन्होंने कहा कि आंखों की सुरक्षा के लिए धूप में निकलते समय गुणवत्ता वाले सनग्लास का उपयोग करना चाहिए और शरीर में पानी की कमी नहीं होने देनी चाहिए। समय पर सावधानी बरतना ही सबसे प्रभावी उपचार है।

### लोटन कोतवाली परिसर में शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न



**सिद्धार्थनगर।** स्थानीय कोतवाली परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक प्रभारी निरीक्षक हरिओम कुशवाहा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें आने वाले आगामी त्योहार मुहर्रम को लेकर सम्भ्रांत लोगों से बातचीत की गई।बैठक में मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक हरिओम कुशवाहा ने बताया कि सभी धर्म के लोगों को एक दूसरे धर्म के पर्व त्योहार में सहयोग की भावना रखना चाहिए। जिससे आपसी भाईचारा बनी रहे।यह क्षेत्र हमेशा शांत प्रिय रहा है। यहां पर रहने वाले सभी हिन्दू व मुसलमान एक दूसरे से मिलजुलकर रहते हैं।ऐसे में आने वाले आगामी मुहर्रम त्योहार को लोग मिल- जुलकर मनाए।यदि किसी द्वारा त्योहार में खलल डालने का प्रयास किया जाएगा तो उसके ऊपर विधिक कार्रवाई की जाएगी।बैठक में मौजूद सभी सम्भ्रांत लोगों का दायित्व है कि यदि त्योहार में कहीं पर कोई समस्या की स्थिति हो तो उसकी सूचना देकर समाधान कराएं। बैठक में चौकी इंचार्ज हरबंशपुर राहुल गुप्ता, उपनिरीक्षक गोपाल यादव, वकील अहमद, मनोज कुमार, कमलेश चौरसिया आदि क्षेत्रीय ग्राम प्रशासक एंव कोतवाली पुलिस मौजूद रही।

# प्रबुद्धजनों ने विधायक का सिक्कों से तुलादान कर पहनाये तीन स्वर्ण मुकुट

**● क्षेत्र के आमजन हमेशा सेवा और विकास के पथ पर चलने का बढ़ाते हैं हौंसला- मूलचंद्र**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)–** विधानसभा क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों द्वारा मुझे जो सम्मानित किया गया है वह मेरे खुद के सम्मान से कहीं अधिक क्षेत्र के देवतुल्य आमजन का सम्मान है क्योंकि यही आमजन मुझे सेवा और विकास के पथ पर चलने का का हौंसला बढ़ाते हैं, यह उद्गार माधोगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन ने अपने तुलादान और सम्मान समारोह के दौरान कही। ग्राम तीतरा खलीलपुर स्थित एमएसडी महाविद्यालय के मैदान में विधायक मूलचंद्र निरंजन के आयोजकत्व में चल रहे माधोगढ़ विधानसभा प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को सेमीफाइनल मैच के दौरान महाविद्यालय परिवार एवं क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों द्वारा विधायक का तुलादान कर और अलग-अलग तीन स्वर्ण मुकुट पहनाकर सम्मानित किया गया। एमएसडी महाविद्यालय तीतरा, छत्रपति शिवाजी



एमएसडी महाविद्यालय पाली ललितपुर, इंद्रपाल सिंह एमएसडी महाविद्यालय जाखलौन ललितपुर एवं सरदार पटेल एमएसडी महाविद्यालय मिर्चवारा ललितपुर की संचालन समिति के संरक्षक विजय सिंह निरंजन एड. धनौरा, तीतरा महाविद्यालय के प्रबंधक शिवप्रसाद निरंजन, कोषाध्यक्ष हरिमोहन निरंजन, शिक्षा समिति प्रबंधक श्यामसुंदर निरंजन सहित महाविद्यालय स्टॉफ सदस्यों ने 88 किलो वजन के सिक्कों के बीच विधायक का तुलादान किया।

उधर, विधायक को सोने का पहला मुकुट विजय सिंह निरंजन एड., शिवप्रसाद निरंजन, रामेश्वर दयाल अहिरवार, भोजराज सिंह सभी पूर्व प्रधान धनौरा, दूसरा मुकुट राम अनुराग बॉबी तीतरा पूर्व प्रधान और अशोक पटेल पप्पू, तीसरा मुकुट हरिमोहन निरंजन, शिरोमणि निरंजन ने पहनाकर



सम्मानित किया। प्रबुद्ध जनों ने कहा कि ग्रामीण और पिछड़े इस क्षेत्र में विधायक द्वारा शानदार और व्यवस्थित टूर्नामेंट का आयोजन कराना यहां की युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का रास्ता दिखाएगा। सम्मान समारोह के दौरान उत्साही जनता जनार्दन ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच जय श्रीराम, भारत माता की जय, विधायक जिंदाबाद के खूब नारे लगाए। इस मौके पर टूर्नामेंट आयोजन समिति प्रमुख आशु निरंजन महतवानी, उरई सदर विधायक के पुत्र नीतेश वर्मा, महेश पतराही, ज्योतिष कुरौती, प्रो वीरेंद्र सिंह, लाखन सिंह चांदनी, रामप्रकाश पडरी, शिवराम प्रधान कैंथी, सभासद सुनील शर्मा, रविकांत कुशवाहा, अरविंद निरंजन मुनिया, सोनू बोहरा, राजेश अखनीबा, बाबूराम पाल, अंशू पटेल डाढी, विवेक पटेल, अंशुल छानी सहित हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी और क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

